# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 23 मई, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 139, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 232 अंकों की उछाल

वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच सेंसेक्स 232 अंक की तेजी में रहा जबकि निफ्टी 65 अंक चढ़ गया। } 10

## भारत-साइप्रस ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ व्यापक बातचीत की। इस दौरान दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया। } 12

### संक्षेप

## अग्नि-1 मिसाइल का सफल परीक्षण



नयी दिल्ली। भारत ने शुक्रवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि परीक्षण में सभी अभियानगत और तकनीकी मानक प्राप्त कर लिए गए। इसने कहा यह परीक्षण सामरिक बल कमान के अंतर्गत किया गया।

## लखनऊ : रेप मामले में डॉक्टर गिरफ्तार, अस्पताल सीज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब (बीकेटी) क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल के डॉक्टर के खिलाफ एक युवती ने उपचार के दौरान बेहोशी का इंजेक्शन देकर दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। आरोपी चिकित्सक को हिरासत में लेकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि युवती को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के चलते 18 मई को बीकेटी क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि आरोप है कि उपचार के दौरान डॉक्टर युवती को ऑपरेशन थिएटर में ले गया और वहां मौजूद महिला कर्मचारियों एवं युवती के पिता को बाहर भेज दिया। युवती के हवाले से उन्होंने बताया कि इसके बाद डॉक्टर ने उसे नशीला इंजेक्शन दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। उन्होंने बताया कि होश आने पर युवती को अपने साथ कथित दुष्कर्म का एहसास हुआ, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) ट्विंकल जैन ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

## बाराबंकी में एक करोड़ की लूट

बाराबंकी। जिले में देवा थानाक्षेत्र के ग्वारी गांव में शुक्रवार तड़के सात हथियारबंद डकैतों ने किराना कारोबारी के परिवार को बंधक बना लिया और उसके घर से करीब 1.02 करोड़ रुपये की नकदी जेवरात लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि वारदात के दौरान बच्चों तक को नहीं बख्शा गया। पुलिस के अनुसार तड़के डकैत देवा-बाराबंकी मार्ग पर दरवाजा तोड़कर किराना कारोबारी आलोक जायसवाल के घर में पीछे से घुसे, उस वक्त परिवार के लोग गहरी नींद में थे। घर में आलोक, उनकी पत्नी, बेटा हिमांशु, बहू, मायके आईं दो बेटियां और एक मासूम बच्चा मौजूद थे। पुलिस के अनुसार डकैतों ने पूरे परिवार को एक जगह बैठा दिया और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए सभी मुंह पर टेप चिपका दिया।



### आज का मौसम


| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 34.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- वैश्विक पर्यटन का केंद्र बनेगा बटेश्वर धाम (पृष्ठ-02)
- पीएम पर अमर्यादित टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण : पंकज (पृष्ठ-02)
- रुपया 63 पैसे चढ़कर 95.73 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- विदेशी मुद्रा भंडार 688.89 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- घबराहट में खरीदारी से पेट्रोल-डीजल बिक्री बढ़ी (पृष्ठ-10)


# समृद्ध ओबीसी परिवारों को आरक्षण क्यों : कोर्ट

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पिछड़े वर्गों के भीतर आर्थिक और शैक्षिक रूप से उन्नत परिवारों के बच्चों को आरक्षण का लाभ लगातार दिए जाने पर सवाल उठाते हुए शुक्रवार को कहा कि शैक्षिक और आर्थिक सशक्तीकरण के साथ-साथ सामाजिक गतिशीलता भी आती है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें याचिकाकर्ता को आरक्षण से बाहर रखने के फैसले को सही ठहराया गया था। याचिकाकर्ता के माता-पिता दोनों ही राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। पीठ ने इस मामले में नोटिस जारी करते हुए कहा अगर माता-पिता दोनों ही आईएएस अधिकारी हैं, तो उन्हें आरक्षण क्यों मिलना चाहिए? शैक्षिक और आर्थिक सशक्तीकरण के साथ-साथ सामाजिक गतिशीलता भी आती है। उसने कहा तो फिर, अगर ऐसे बच्चों के लिए भी आरक्षण की मांग की जाती रही, तो हम इस चक्र से कभी बाहर नहीं निकल पाएंगे। उच्चतम न्यायालय ने टिप्पणी की कि अगर छात्रों के माता-पिता अच्छी ...शेष पृष्ठ 10 पर

# घुसपैठ रोकने के लिए सीमा पर शुरू होगी स्मार्ट बॉर्डर परियोजना

## अभेद्य सीमा बनाने में मदद के लिए प्रौद्योगिकी, ड्रोन, रडार व स्मार्ट कैमरों का किया जायेगा उपयोग : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार अगले साल स्मार्ट बॉर्डर परियोजना शुरू करेगी ताकि पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ 6,000 किलोमीटर लंबी सीमा को अभेद्य बनाया जा सके और इन क्षेत्रों की जनसांख्यिकी को बदलने की साजिश विफल की जा सके।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा यहां आयोजित वार्षिक रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान में शाह ने इस बात को भी दोहराया कि सरकार देश से प्रत्येक घुसपैठिए को ढूंढ निकालेगी और उन्हें भारत से बाहर भेजेगी। के.एफ. रुस्तमजी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के संस्थापक और पहले



महानिदेशक थे। बीएसएफ में लगभग 2.70 लाख जवान हैं और इसे पश्चिम में पाकिस्तान और पूर्व में बांग्लादेश के साथ भारत की सीमाओं की रक्षा का दायित्व सौंपा गया है। इसकी स्थापना 1965 में हुई थी। शाह ने कहा भारत सरकार ने फैसला किया है कि हम न केवल घुसपैठ को रोकेंगे बल्कि प्रत्येक घुसपैठिए को ढूंढकर देश से बाहर भेजेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार 'दूसरी तरफ से किए जा रहे हमारी जनसांख्यिकी में कृत्रिम परिवर्तन के प्रयासों के लिए अनुमति नहीं देगी।

शाह ने कहा, मैं बीएसएफ जवानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम इसकी स्थापना के 60वें वर्ष में स्मार्ट बॉर्डर परियोजना शुरू करेंगे और पाकिस्तान-बांग्लादेश की सीमाओं को अभेद्य बनाएंगे। उन्होंने बताया कि 'स्मार्ट बॉर्डर परियोजना के तहत अभेद्य सीमा बनाने में मदद के लिए प्रौद्योगिकी, ड्रोन, रडार और स्मार्ट कैमरों का उपयोग किया जाएगा। शाह ने इन दोनों सीमाओं को असुरक्षित और सुरक्षा की दृष्टि ...शेष पृष्ठ 10 पर

# हम समस्याएं नहीं, समाधान देते हैं : योगी

## देवरिया में मुख्यमंत्री ने 655 करोड़ की 19 परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास



विशेष संवाददाता/राकेश धर द्विवेदी

लखनऊ/देवरिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को देवरिया में 655 करोड़ रुपये की लागत से 19 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करते हुए कहा कि उनकी सरकार समस्याओं को टालने वाली नहीं, बल्कि समाधान देने वाली सरकार है। हम समस्याएं नहीं, समाधान देते हैं, तभी जनता जनार्दन हमें चुनती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और उत्तर प्रदेश ने विकास की नई गति पकड़ी है और अब विकास की यह यात्रा रुकने वाली नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद देश ने नए भारत का दर्शन किया है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को प्राथमिकता दी, क्योंकि गति जितनी तेज होगी, विकास का लाभ उतनी ही तेजी से आम जनता तक पहुंचेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से कहा कि कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है और नए सत्र से इसे शुरू करने की तैयारी की जाए। यह विश्वविद्यालय किसानों को आधुनिक तकनीक, कम लागत और अधिक उत्पादन की दिशा में नई राह दिखाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वह गोरखपुर से सांसद थे, तब उन्हें अक्सर देवरिया आना पड़ता था। उस समय प्रदेश में अराजकता, उत्पीड़न और तुष्टीकरण की राजनीति थी। गोरखपुर से देवरिया तक सड़कें बदहाल थीं, कई हिस्सों में सिंगल लेन मार्ग था और चौरी-चौरा रेलवे क्रॉसिंग पर घंटों जाम लगता था। लेकिन आज वही देवरिया फोर लेन कनेक्टिविटी से जुड़ चुका है। यहां से गोरखपुर पहुंचने का समय घट गया है। देवरिया से बलिया तक सड़क परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं। देवरिया-कसया फोर लेन मार्ग और बाईपास बनने से न केवल यातायात आसान होगा, बल्कि यह नॉर्थ-साउथ कनेक्टिविटी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## मुख्यमंत्री ने 17 निवेशकों को प्रदान किए भूमि आवंटन पत्र

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के अंतर्गत 17 निवेशकों को शुक्रवार को भूमि आवंटन पत्र प्रदान किए। निवेशकों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी ने अब टूरिज्म, ट्रेड, इन्वेस्टमेंट के विश्वस्तरीय डेस्टिनेशन के रूप में खुद को स्थापित किया है। आपने उत्तर प्रदेश के ब्रांड अंबेस्डर के रूप में प्रदेश की नई छवि को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया ...शेष पृष्ठ 10 पर



## राज्यसभा की 24 सीट के लिए 18 को चुनाव

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा और कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे एवं दिग्विजय सिंह समेत राज्यसभा के मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल आगामी दो महीने में समाप्त होने के मद्देनजर उच्च सदन की 24 सीट के लिए 18 जून को चुनाव कराने की शुक्रवार को घोषणा की।

निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि राज्यसभा की सीटों के लिए चुनाव उन 10 राज्यों में होंगे जहां मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल 21 जून से 19 जुलाई के बीच अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है। राज्यसभा चुनाव आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक की चार-चार सीट, मध्य प्रदेश और राजस्थान की तीन-तीन सीट, झारखंड की दो सीट तथा मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश एवं मिजोरम की एक-एक सीट पर होंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख आठ जून है। राज्यसभा से सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों में देवेगौड़ा, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे (दोनों कर्नाटक से), केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह (राजस्थान) और जॉर्ज कुरियन, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह तथा कांग्रेस ...शेष पृष्ठ 10 पर

# यूपी में जनगणना-2027 का अगला चरण शुरू

## पहले दिन 1.35 करोड़ घरों को दिया गया नम्बर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। जनगणना 2027 के पहले चरण में प्रदेशभर में मकान सूचीकरण और घरों की गणना शुरू हो गई। पहले दिन 1.35 करोड़ से अधिक घरों को नंबर दिया गया। काशी विश्वनाथ मंदिर, ताजमहल और झांसी किला भी इसमें शामिल हुए। लाखों परिवारों ने ऑनलाइन स्व-गणना कर डिजिटल प्रक्रिया में भागीदारी दिखाई।

प्रदेश में जनगणना 2027 के पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का काम शुक्रवार से शुरू हो गया। पहले ही दिन प्रदेशभर में 1.35 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंच बनाकर उन्हें जनगणना संख्या दी गई है। इसके साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर, ताजमहल और झांसी किला



जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को भी जनगणना प्रक्रिया में शामिल किया गया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, जनगणना के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और घरों की गणना का कार्य प्रदेश के 3,89,312 मकान सूचीकरण ब्लॉकों में शुरू किया गया। प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने घर-घर जाकर भवनों को संख्या देने और नक्शा तैयार करने का काम शुरू किया। पहले दिन शाम शाम पांच बजे तक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नीट-यूजी पेपर लीक मामले में पुणे की प्रवक्ता गिरफ्तार

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने वर्ष 2026 के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के भौतिकी के प्रश्नपत्र को लीक करके चुनिंदा अभ्यर्थियों को देने के आरोप में पुणे निवासी एक महिला प्रवक्ता को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सीबीआई ने पुणे के सेठ हीरालाल सर्राफ प्रशाला में कार्यरत मनीषा संजय हवलदार को गिरफ्तार किया और उन्हें प्रश्नपत्र लीक होने का एक अन्य स्रोत बताया है। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, सीबीआई ने नीट-यूजी के भौतिकी के प्रश्नपत्र लीक करने वाली एक अन्य प्रमुख आरोपी की पहचान कर ली है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि हवलदार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ...शेष पृष्ठ 10 पर

# उत्तराखंड के विकास में युवाओं की निर्णायक भागीदारी

## सिंचाई व कृषि विभाग में चयनित 483 अभ्यर्थियों को धामी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड को विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नव चयनित अभ्यर्थियों से अपेक्षा की कि वे ईमानदारी, पारदर्शिता और सेवा भाव को अपनी कार्यशैली का मूल आधार बनाकर राज्य की प्रगति में सक्रिय योगदान दें। मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में सिंचाई विभाग के 473 तथा कृषि विभाग के 10 अभ्यर्थियों सहित कुल 483 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि



उनके परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए राज्य सरकार कृषि, सिंचाई और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और सकारात्मक सोच उत्तराखंड को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं ...शेष पृष्ठ 10 पर

### विशेष खबर

एलडीए ने कंसल्टेंट व आकीर्टेक्ट चयन को लेकर मांगा प्रपोजल

# सहारा शहर की जमीन पर बनेगा नया विधानभवन व सीएम आवास

विशेष संवाददाता

लखनऊ। गोमती नगर स्थित सहारा शहर की जमीन पर नया विधानभवन बनाए जाने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। इस परियोजना को लेकर अब आधिकारिक प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने विधानसभा भवन की डिजाइन और प्लानिंग के लिए कंसल्टेंट एवं आर्किटेक्ट चयन के लिए टेंडर (आरएफपी) जारी कर दिया है।

सरकारी स्तर पर लंबे समय से नई विधानसभा के लिए जमीन की तलाश की जा रही थी। अब गोमती नगर में सहारा से खाली कराई गई सहारा शहर की 245 एकड़ जमीन को इसके लिए अंतिम रूप दिए जाने का काम शुरू हो गया है। इसमें 170 एकड़ जमीन नगर निगम की और 75 एकड़ जमीन एलडीए की शामिल है। एलडीए के मुख्य अभियंता की ओर से जारी



(आरएफपी) टेंडर के अनुसार इच्छुक कंपनियां 23 मई से 21 जून 2026 तक आवेदन कर सकेंगी। कंसल्टेंट चयन के बाद डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार होगी, जिसके बाद निर्माण लागत और समयसीमा स्पष्ट होगी। जानकारों के अनुसार इस विशाल परिसर में केवल विधानभवन ही नहीं बल्कि सचिवालय, मुख्यमंत्री आवास और अन्य सरकारी कार्यालय भी बनाए जाने की योजना है। इसी वजह से इसे विधानभवन कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित किया जाएगा। बता दें कि नगर निगम ने वर्ष 1994 में सहारा इंडिया हाउसिंग लिमिटेड को 170 एकड़ जमीन 30 साल की लीज पर आवासीय योजना विकसित करने के लिए दी थी। आरोप था कि कंपनी ने लीज शर्तों का उल्लंघन किया। इसके चलते नगर निगम ने लीज निरस्त कर जमीन का कब्जा वापस ले लिया। वहीं एलडीए ने भी अपनी 75 एकड़ जमीन करीब डेढ़ साल पहले वापस ले ली थी। इसके बाद से यहां नई विधानसभा बनाए जाने की चर्चाएं तेज थीं। मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह ने बताया कि विधानभवन निर्माण को लेकर कंसल्टेंट और आर्किटेक्ट चयन के लिए आरएफपी मांगी गई है। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्लानिंग पर कार्य शुरू होगा। शासन और मुख्यमंत्री स्तर तक प्रजेंटेशन होगा। इसके बाद चयनित आर्किटेक्ट को डीपीआर बनाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# शस्त्रों का खुलेआम प्रदर्शन सामाजिक सौहार्द के लिए नुकसानदेह : हाईकोर्ट

जिला संवाददाता

प्रयागराज (उप्र)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शस्त्रों के खुलेआम प्रदर्शन को सामाजिक सौहार्द के लिए नुकसानदेह बताते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया, बृजभूषण सिंह समेत 19 व्यक्तियों के शस्त्रों का ब्यौरा मांगा है।

न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने बुधवार को अपने आदेश में कहा, 'आत्मरक्षा के नाम पर ये हथियार, वास्तविक सुरक्षा से कहीं अधिक धमकी के उपकरण बन जाते हैं जो भय पैदा करते हैं। जिस समाज में सशस्त्र व्यक्ति प्रत्यक्ष बल प्रयोग और धमकियों के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## लंबित मुकदमों के आधार पर नहीं रोकी जा सकती नौकरी

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि किसी अभ्यर्थी के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों को हर स्थिति में सरकारी नौकरी से वंचित करने का आधार नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि अभ्यर्थी किसी मामले में किशोर घोषित हो चुका हो अथवा किसी मुकदमे में पुलिस अंतिम रिपोर्ट लगा चुकी हो, तो केवल इन कारणों से ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता

## जन समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी

विशेष संवाददाता (vol)



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशील ढंग से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए शीघ्रता से समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया।

सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी त्वरित सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से गुड़ खिलाया। उन्होंने गोशाला के कार्यकर्ताओं को भीषण गर्मी को देखते गोवंश की देखभाल के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री ने परिजनों के साथ आए बच्चों से बात की। उन्हें दुलारा-पुचकारा, आशीर्वाद के साथ चॉकलेट्स भी दीं।

## कांग्रेस हताशा, निराशा और मानसिक दिवालियेपन के दौर से गुजर रही : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विषय में की गई अभद्र, असंसदीय और अक्षम्य टिप्पणी कांग्रेस के राजनीतिक कुसंस्कारों को उजागर करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की भाषा और व्यवहार लगातार लोकतांत्रिक मर्यादाओं को चोट पहुंचाने वाला रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले कांग्रेस के युवराज भी अपनी टिप्पणियों के जरिए अपने कुसंस्कारों का परिचय दे चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आज हताशा, निराशा, कुंठा और मानसिक दिवालियेपन के शीर्ष स्तर पर पहुंच चुकी है। जनता का समर्थन लगातार घटने के कारण कांग्रेस के नेताओं में राजनीतिक संयम और शालीनता भी समाप्त होती जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग कांग्रेस नेताओं की ओर से किया जा रहा है, वह भारतीय लोकतंत्र की गरिमा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति अब ऐसी हो चुकी है कि वह देशवासियों से क्षमा मांगने की नैतिक स्थिति में भी नहीं बची है।

# जल शक्ति मंत्री ने सूचना प्रणाली संगठन का किया निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को तेलीबाग स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अंतर्गत सूचना प्रणाली संगठन (आईएसओ) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में संचालित बाढ़ सुरक्षा कार्यों की निगरानी व्यवस्था एवं तकनीकी प्रणालियों को देखा।

जलशक्ति मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 5 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं निगरानी के लिए कार्यस्थलों पर कैमरे स्थापित किए गए हैं। सूचना प्रणाली संगठन (आईएसओ) द्वारा विकसित वेबसाइट के माध्यम से इन कैमरों को इंटरनेट से जोड़ा गया है, जिससे लखनऊ मुख्यालय एवं जिला मुख्यालयों से परियोजनाओं की 360 डिग्री ऑनलाइन मॉनिटरिंग संभव हो रही है।

निरीक्षण के दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने स्वयं ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न जिलों में चल रहे बाढ़ सुरक्षा कार्यों को देखा। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल व्यवस्था से परियोजनाओं की 24

### ● बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं की लाइव मॉनिटरिंग व्यवस्था का लिया जायजा

घंटे लाइव मॉनिटरिंग सुनिश्चित होगी तथा कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी बाढ़ सुरक्षा कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि वर्षा ऋतु में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के समय प्रमुख अभियंता (परिकल्प एवं नियोजन) अशोक कुमार सिंह, मुख्य अभियंता सुभाष सिंह सहित सूचना प्रणाली संगठन के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मंत्री को विभाग द्वारा विकसित वेबसाइट की कार्यप्रणाली एवं तकनीकी सुविधाओं की जानकारी दी। समीक्षा के दौरान जलशक्ति मंत्री को बाढ़ प्रबंधन सूचना प्रणाली केंद्र के कार्यों के संबंध में भी बताया गया कि वर्षाकाल में यह केंद्र प्रतिदिन नदी बेसिन के 11 गेज स्थलों पर जलस्तर का पूर्वानुमान जारी करता है। साथ ही सैटेलाइट इमेज के माध्यम से तटबंधों की स्थिति का आकलन कर मानसून के बाद एंबैंकमेंट एडवाइजरी भी जारी की जाती है। जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ पूर्वानुमान प्रणाली में नई तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए तथा अब तक किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य तकनीक के माध्यम से बाढ़ से होने वाले नुकसान को न्यूनतम करना और जनमानस की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# जनगणना 2027 कार्यक्रम का शुभारंभ



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शुक्रवार को छावनी परिषद कार्यालय, लखनऊ के प्रांगण में जनगणना 2027 कार्यक्रम का शुभारंभ गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) राकेश कुमार सिंह, मुख्य अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारी अभिषेक राठौर जी, सहायक निदेशक जनगणना निदेशालय उपासना गिरि एवं जिला प्रभारी जनगणना रमेश कुमार पाण्डेय की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा छावनी परिषद क्षेत्र में संचालित स्वगणना कार्य की सराहना की गई। साथ ही छावनी परिषद द्वारा चलाए गए स्वगणना अभियान एवं जनगणना कार्य हेतु की गई अग्रिम तैयारियों की भी विशेष प्रशंसा की गई। उन्होंने कहा कि सीमित समयावधि में सुव्यवस्थित रूप से की गई तैयारियाँ जनगणना कार्य की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से छावनी क्षेत्र के उन 8 प्रगणकों की प्रशंसा की, जिन्होंने सीमित समयावधि में अपने हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में शत-प्रतिशत स्वगणना कि तथा लगभग 37 ब्लाक में 35 से 45 प्रगणको द्वारा अपने ब्लाक में स्वगणना किया गया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों, सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को आगामी जनगणना कार्य हेतु अग्रिम शुभकामनाएँ प्रदान की तथा कार्य के सफल, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा छावनी क्षेत्र में नियुक्त 17 सुपरवाइजर, 98 प्रगणकों को हरी झंडी दिखाकर जनगणना कार्य हेतु क्षेत्र में रवाना किया गया।

## दो साल बाद परिजनों को मिला मूक-बधिर बालक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बाल संरक्षण और पुनर्वास व्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। इसी संवेदनशील कार्यशैली का एक भावुक उदाहरण उस समय सामने आया, जब लगभग दो वर्षों से घर से लापता एक मूक-बधिर बालक को राजकीय बालगृह (बालक), मोहान रोड, लखनऊ के प्रयासों से उसके परिवार से मिलवाया गया। परिवार ने जिस बेटे के लौटने की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी, उसे योगी सरकार की सक्रिय व्यवस्था और अधिकारियों की संवेदनशीलता ने फिर से अपने परिजनों से मिला दिया। शुक्रवार को जब यह बालक पश्चिम बंगाल से आए परिजनों को सौंपा गया तो भावुक होकर उन्होंने योगी सरकार को शुक्रिया कहा। दरअसल, बाल कल्याण समिति मेरठ के आदेश पर 12 सितंबर 2025 को करीब 13 वर्षीय एक मूक-बधिर बालक को राजकीय बालगृह (बालक), मोहान रोड में प्रवेश दिलाया गया था। बालक बोल और सुन नहीं सकता था, इसलिए वह अपना नाम, पता या परिवार की कोई जानकारी देने में असमर्थ था। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद बालगृह प्रशासन ने उसकी पहचान जानने के प्रयास लगातार जारी रखे। बालक की देखभाल के साथ-साथ उसकी पहचान पता लगाने के लिए तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर लगातार काम किया गया। इसी बीच इस बालक का आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया शुरू की गई। जब बालक ने स्कैन मशीन पर उंगलियों के निशान दिए तो पूर्व में बने आधार कार्ड का विवरण सामने आ गया। इस आधार कार्ड से बालक का पता पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के ग्राम गंगासार का मिला।

# 71.50 करोड़ से वैश्विक पर्यटन केंद्र बनेगा बटेश्वर धाम

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल की पैतृक भूमि को वैश्विक मानचित्र पर मिलेगी विशिष्ट पहचान

विशेष संवाददाता (vol)

आगरा। योगी सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए निरंतर बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पैतृक भूमि और 101 प्राचीन शिव मंदिरों की श्रृंखला के लिए प्रसिद्ध आगरा के 'बटेश्वर धाम' को आध्यात्मिक और विरासत पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

भारत सरकार की एसएएससीआई योजना के अंतर्गत 71.50 करोड़ रुपये की लागत से संचालित इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत अब तक 56.11 करोड़ रुपये जारी भी किए जा चुके हैं। पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बटेश्वर धाम में विश्व स्तरीय पर्यटन सुविधाओं का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है और इस पूरी परियोजना को दिसंबर 2026

### ● डिजिटल माध्यम से जीवंत होंगी वेदों, शिव पुराण और समुद्र मंथन की कथाएं

तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। श्रद्धालुओं और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस परिसर को बेहद आधुनिक रूप दिया जा रहा है। विज़िटर सपोर्ट एवं आवास क्षेत्र के तहत यहाँ विशाल पार्किंग व्यवस्था, स्वच्छ सार्वजनिक शौचालय और महिला व पुरुष आगंतुकों के लिए करीब 20 कमरों की क्षमता वाले अलग-अलग सर्वसुविधायुक्त डॉरमेट्री का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही पर्यटकों के लिए आधुनिक कैफेटेरिया, फूड कियोस्क, सोवेनियर शॉप और बच्चों के मनोरंजन के लिए एक विशेष इंटरैक्टिव जोन तैयार किया जा रहा है। पर्यटक यहां के शांत और रमणीय वातावरण का आनंद ले सकें, इसके लिए ओपन सीटिंग एरिया सहित एक आधुनिक पर्यटन सुविधा केंद्र भी बनाया जाएगा। आध्यात्मिकता और संस्कृति के इस अनूठे संगम में पर्यटकों को आधुनिक तकनीक से जुड़ा एक बेहद अद्भुत अनुभव मिलेगा। यहां विकसित की जा रही इंटरैक्टिव गैलरी और थीम आधारित आकर्षण श्रद्धालुओं को भारतीय आध्यात्मिक विरासत के करीब लाएंगे। अलग-अलग गैलरी में चारों वेदों और शिव पुराण की पावन कथाओं को अत्याधुनिक डिजिटल माध्यमों से प्रदर्शित किया जाएगा। 'चार धाम गैलरी' और 'समुद्र मंथन गैलरी' बनाई जा रही हैं।

शिव सहस्त्रनाम खंड में भगवान शिव के विविध स्वरूपों और उनकी महिमा को प्रदर्शित करने के लिए विशेष थीम आधारित इंस्टॉलेशन लगाए जाएंगे। 'सेंट्रल लैंडस्केप क्षेत्र' के समीप भगवान शिव की ध्यानमग्न मुद्रा में एक भव्य और विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। धार्मिक और प्राकृतिक सुंदरता को नया विस्तार देते हुए इस परियोजना के अंतर्गत पंचमहाभूत (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) को समर्पित एक भव्य 'पंचभूत शिव स्कल्पचर गार्डन' विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही देश के पवित्र 12 ज्योतिर्लिंगों की सुंदर प्रतिकृतियों से सुसज्जित 'शिवलिंगम पार्क' और यमुना नदी व भगवान शिव के प्राचीन आध्यात्मिक संबंध को दर्शाने वाला मनमोहक 'कालिंदी वनम' भी तैयार किया जा रहा है। इस परिसर की भव्यता को संपूर्णता देने के लिए सेवा के प्रतीक भगवान नंदी की एक विशाल प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि बटेश्वर धाम का यह समेकित विकास उत्तर प्रदेश को वैश्विक आध्यात्मिक एवं विरासत पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलाएगा।

'हेरिटेज रिवाइवल कॉरिडोर' के रूप में परिकल्पित यह परियोजना बटेश्वर की प्राचीन सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत को संरक्षित करते हुए उसे आधुनिक विश्वस्तरीय पर्यटन सुविधाओं से जोड़ेगी।

# प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण : पंकज चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय राय द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी अत्यंत निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण और कांग्रेस पार्टी की हताश मानसिकता को प्रदर्शित करने वाली है। उन्होंने कहा यह बयान केवल प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि देश की 140 करोड़ जनता की भावनाओं का भी अपमान है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के विकास, सुरक्षा और सम्मान के प्रतीक के रूप में देखती है।

उन्होंने अजय राय के बयान को निम्नस्तरीय बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आज राजनीतिक रूप से पूरी तरह दिशाहीन और जनसमर्थन विहीन हो चुकी है। जब जनता के बीच उनके पास विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्र निर्माण और जनहित के मुद्दों पर कहने के लिए कुछ नहीं बचता, तब उनके नेता व्यक्तिगत टिप्पणियों और अपमानजनक भाषा का सहारा लेकर अपनी कुंठा प्रकट करते हैं।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस प्रधानमंत्री ने अजय राय के अस्वस्थ होने पर सार्वजनिक रूप से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की थी, आज उसी संवेदनशील और जनसेवा के लिए समर्पित प्रधानमंत्री के लिए कांग्रेस नेता अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस की तथाकथित मोहब्बत की दुकान का वास्तविक चेहरा आज देश के सामने पूरी तरह उजागर हो चुका है। उनके शब्दों में कटुता, व्यवहार में अहंकार और राजनीति में केवल विभाजन एवं नकारात्मकता दिखाई देती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व पटल पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। गरीब कल्याण से लेकर बुनियादी ढांचे के विकास तक, किसानों से लेकर युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण तक, हर क्षेत्र में केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। यही कारण है कि देश की जनता लगातार प्रधानमंत्री पर अपना विश्वास व्यक्त कर रही है और कांग्रेस पार्टी इसी जनसमर्थन से घबराकर इस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को यह समझना चाहिए कि लोकतंत्र में वैचारिक विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन मर्यादा और शालीनता भारतीय राजनीति की मूल आत्मा है। व्यक्तिगत अपमान और अभद्र टिप्पणियां कांग्रेस के राजनीतिक पतन को और अधिक तेज करेंगी।

जनता सब देख रही है और ऐसे अपमानजनक व्यवहार का लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगी। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से मांग की कि वे तत्काल इस बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और अपने नेताओं को संयमित एवं मर्यादित भाषा का प्रयोग करने की सीख दें।

# भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बना दिया

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की सरकार के दो कार्यकाल बिना किसी उपलब्धि के समाप्ति की ओर है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बना दिया है। किसानों की फसलों की लूट मची है। नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। भाजपा राज में महिलाएं उपेक्षित और अपमानित हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है। इस सरकार ने प्राइमरी स्कूलों की दुर्दशा कर दी है। लगभग 70 हजार स्कूल बंद कर दिए। हजारों स्कूलों में एडमिशन शून्य है। अस्पतालों में मरीजों को दवा-इलाज नहीं मिल रहा है। मरीज मारे-मारे फिर रहे हैं।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में शुक्रवार को विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चालाक और अहंकारी पार्टी है। इसने लोकतंत्र को धोखा दिया है। भाजपा राजनीतिक दल नहीं गैंग है। भाजपाई गरीबों और सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे है। भाजपा ने भूमाफिया बनाये हैं। उन्हें संरक्षण देती है। उन्होंने कहा कि 2027 विधानसभा का चुनाव यूपी की जनता के भविष्य का चुनाव है। चुनाव में भाजपा को दो दशक का हिसाब देना होगा। उत्तर प्रदेश की जनता की ताकत भाजपा का सफाया कर देगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को सावधान करते हुए कहा कि भाजपा सपा को बदनाम करने की रणनीति बनाएगी। तरह-तरह के हथकंडे अपनाएगी लेकिन इस बार भाजपा की कोई चालाकी काम नहीं आएगी। जनता भाजपा के कुशासन से बहुत नाराज है। जनता सपा के साथ है। पूरा पीडीए समाजवादी पार्टी के साथ है। आम जनता भाजपा को सत्ता से हटाने के आतुर है। उन्होंने कहा कि सपा का दृष्टिकोण व्यापक है। सपा विकास की राजनीति करती है। सबको साथ लेकर चलती है। लोकतंत्र को मजबूती देती है। भाजपा सामाजिक न्याय विरोधी है। भाजपा आरक्षण की लूट कर रही है। पीडीए का हक खा रही है। पीडीए समाज की संख्या और जनाधार की तुलना में भाजपा की स्थिति शून्य है। संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाने को उत्तर प्रदेश की जनता 2027 चुनाव का इंतजार कर रही है।

# कई नेताओं ने ली रालोद की सदस्यता



लखनऊ। रालोद के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय की उपस्थिति में सोनभद्र के जिला अध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी के प्रयासों से घोरावल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं अपना दल के पूर्व जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार उर्फ धीरज चौबे, अपना दल एस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह, अपना दल (एस) के पूर्व सचिव परमेश्वर अग्रहरि, बौद्धिक मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह एवं जिला सचिव आजाद राय ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ रालोद की सदस्यता ग्रहण की। सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व तथा चौधरी चरण सिंह की किसान, युवा एवं गरीब हितैषी नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय ने सभी नवागत साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों एवं चौधरी चरण सिंह जी के विचारों से प्रभावित होकर प्रदेशभर में लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों, नौजवानों, व्यापारियों एवं समाज के हर वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य रालोद कर रहा है।

# टोल प्लाजा और सड़क पर काम कर रहे कर्मचारियों का खास ख्याल रख रहा एनएचएआई

लखनऊ। बढ़ती गर्मी और हीट वेव को ध्यान में रखते हुए एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा हीट वेव एक्शन प्लान के तहत विशेष पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत टोल प्लाजाओं तथा सड़क निर्माण एवं रखरखाव कार्य में लगे कर्मचारियों को ओआरएस और पीने का पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करना तथा उन्हें स्वस्थ और सुरक्षित रखना है। गर्म मौसम में लगातार कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए पर्याप्त पानी और ओआरएस उपलब्ध कराने से डिहाइड्रेशन एवं गर्मी से होने वाली समस्याओं से बचाव में मदद मिलेगी। कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य एनएचएआई की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस तरह की व्यवस्थाओं से कर्मचारियों की कार्य क्षमता और कार्य कुशलता में भी वृद्धि होगी। क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा सभी संबंधित एजेंसियों और टोल संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी के मौसम में कर्मचारियों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि वे सुरक्षित वातावरण में कार्य कर सकें।

# सेना में बढ़ी यूपी की देसी गायों के हाई प्रोटीन गो उत्पादों की डिमांड

## एनसीआर से लेकर चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई तक ऑनलाइन सप्लाई

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश की देसी गायों के हाई प्रोटीन दूध और गो उत्पादों की भारतीय सेना में मांग बढ़ी है। प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर यह दूध सैनिकों की फिटनेस और पोषण जरूरतों के लिए उपयोगी माना जा रहा है। खास बात यह है कि उत्तर प्रदेश में तैयार हो रहे इन प्रीमियम गो उत्पादों की आपूर्ति अब एनसीआर के साथ चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई जैसे बड़े महानगरों तक ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है।

अमेजन जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए देशभर में पहुंच रहे यूपी के देसी गाय के दूध ने राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाई है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि सीएम योगी के नेतृत्व में उन्नत स्वदेशी नस्ल की गायों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं।

प्रयागराज के रहने वाले इंजीनियर एस एन द्विवेदी ने नोएडा में रोजगार के साथ गो संरक्षण और गो सेवा के जरिए आर्थिक

### ● प्रदेश में आइसलैंड और डेनमार्क की तकनीक से तैयार हो रहा प्रीमियम दूध

समृद्धि के नए मॉडल का बड़ा उदाहरण दिया है। उनकी गोशाला की गिर, साहीवाल समेत अन्य देसी नस्लों की गायों के दूध में उच्च गुणवत्ता का प्रोटीन और प्राकृतिक पोषक तत्व पाए जाते हैं। यही कारण है कि भारतीय सेना में इसके उपयोग को लेकर लगातार मांग बढ़ रही है। देसी गाय का दूध रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, शरीर को ऊर्जा देने और मांसपेशियों को मजबूती देने में सहायक माना जाता है। आधुनिक तकनीक से प्रोसेस होने के कारण इसकी गुणवत्ता और शुद्धता को लेकर सेना और उपभोक्ताओं के बीच भरोसा बढ़ा है। उत्तर प्रदेश में तैयार हो रहे गो उत्पाद अब देश के बड़े बाजारों तक पहुंच रहे हैं।

एनसीआर के अलावा चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई जैसे देश के बड़े महानगरों में इसकी ऑनलाइन आपूर्ति तेजी से बढ़ी है। हाई प्रोटीन और प्रीमियम क्वालिटी के कारण फिटनेस और स्वास्थ्य को लेकर जागरूक लोगों के बीच इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। 165 रुपये प्रति लीटर तक बिक रहा यह दूध प्रदेश की गो आधारित अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दे रहा है।

उत्तर प्रदेश में पहली बार आइसलैंड और डेनमार्क की अत्याधुनिक डेयरी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए दूध उत्पादन और प्रोसेसिंग की वैज्ञानिक व्यवस्था विकसित की गई है। दूध को पूरी तरह स्वच्छ वातावरण में तैयार किया जाता है ताकि उसकी पौष्टिकता और गुणवत्ता बरकरार रहे। यही वजह है कि प्रदेश का यह मॉडल देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसे अपनी तरह का देश का पहला अभिनव प्रयोग माना जा रहा है। नोएडा में 200 देसी गायों की डेयरी संचालित कर रहे इंजीनियर एस एन द्विवेदी अब अलीगढ़ में 500 गायों की अत्याधुनिक गोशाला तैयार कर रहे हैं। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उन्हें गो सेवा और गो संरक्षण के कार्यों को बड़े स्तर पर आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिली। उन्होंने गो सेवा के जरिए रोजगार और आर्थिक समृद्धि का ऐसा मॉडल पेश किया है, जिसकी अब देशभर में चर्चा हो रही है। आधुनिक तकनीक और भारतीय संस्कृति को जोड़ते हुए उन्होंने यह साबित किया है कि गो संरक्षण गांवों की अर्थव्यवस्था बदलने का बड़ा माध्यम बन सकता है। प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गो संरक्षण को लेकर किए जा रहे प्रयास अब जमीन पर बड़े बदलाव के रूप में दिखाई दे रहे हैं। गोशालाओं, आधुनिक डेयरी तकनीक और ऑनलाइन मार्केटिंग के जरिए प्रदेश का देसी गाय आधारित मॉडल राष्ट्रीय पहचान बना चुका है। गो सेवा के जरिए जहां ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं, वहीं भारतीय सेना तक पौष्टिक गो उत्पाद पहुंचाकर इसे राष्ट्रसेवा से भी जोड़ा जा रहा है। योगी सरकार के संरक्षण में गो आधारित अर्थव्यवस्था अब आत्मनिर्भर भारत की नई ताकत बनती दिखाई दे रही है।

## वकीलों के लिए अजय राय ने सीएम योगी को लिखा पत्र

लखनऊ। राजधानी के न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के चैम्बरों के ध्वस्तीकरण, अधिवक्ताओं पर बल प्रयोग तथा न्यायिक व्यवस्था पर उत्पन्न संकट को देखते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अधिवक्ता हितों को देखते हुए मांग की है। उन्होंने पत्र में लखनऊ जिला न्यायालय परिसर में ध्वस्त किए गए अधिवक्ताओं के चैम्बरों के संबंध में न्यायोचित एवं मानवीय समाधान सुनिश्चित किए जाने, प्रभावित अधिवक्ताओं को उसी परिसर अथवा समीपस्थ क्षेत्र में सम्मानजनक एवं सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाने, अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज एवं बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने तथा न्यायालय परिसरों में अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित करने के लिए अधिवक्ता संरक्षण कानून लाने पर गंभीर विचार किए जाने की मांग की है।

# युवाओं को कॉकरोच कहने वालों से जवाब मांगेगा देश का युवा : लोकदल

लखनऊ। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने बेरोजगार युवाओं के लिए कॉकरोच जैसे शब्दों के इस्तेमाल को बेहद शर्मनाक और अपमानजनक बताया है। उन्होंने कहा कि जो युवा दिन-रात मेहनत कर नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सम्मान देने के बजाय अपमानित किया जा रहा है। कभी युवाओं को पकोड़े तलने की सलाह दी जाती है, तो कभी उन्हें अपमानजनक शब्दों से संबोधित किया जाता है। लोकदल ने कहा कि देश का युवा अब चुप नहीं बैठेगा। युवाओं को कॉकरोच कहने वाली मानसिकता के खिलाफ देशभर में गुस्सा है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया से इस्तीफे और देश के युवाओं से सार्वजनिक माफी की मांग कर रहे हैं। लोकदल परिवार युवाओं के संघर्ष को सलाम करता है। ऐसे युवा ही देश की दिशा और दशा बदलेंगे।

# मेयर को अनुपस्थित मानकर चलेगा नगर निगम का कामकाज

## मेयर के प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकार सीज करते हुए कोर्ट ने हाईकोर्ट ने साफ की स्थिति

विधि संवाददाता

- मेयर अपनी वैधानिक जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल, हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी
- हाईकोर्ट ने कहा योगी सरकार आदेश का पालन कराये सुनिश्चित



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राजधानी के फैजुल्लागंज वार्ड से निर्वाचित घोषित पार्षद को शपथ न दिलाने के मामले में मेयर के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज करते हुए यह भी स्पष्ट किया है कि नगर निगम का नियमित कार्य प्रभावित नहीं होगा और मेयर की अनुपस्थिति को आकस्मिक अनुपस्थिति मानते हुए निगम का कामकाज नियमानुसार चलता रहेगा। इसके साथ ही कोर्ट ने योगी सरकार को तत्काल आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 29 मई को नियत करते हुए मेयर को फिर से चेतावनी भी दी है कि यदि तब तक आदेश का पालन नहीं हुआ तो मेयर को पुनः व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर यह बताना होगा कि उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए। इससे पहले कोर्ट ने टिप्पणी की कि मेयर अपनी वैधानिक जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल रही हैं और शपथ न दिलाने का कोई कानूनी अवरोध या संतोषजनक कारण भी प्रस्तुत नहीं किया गया।

मामले में गुरुवार को सुनाये गये विस्तृत आदेश की प्रति हाई कोर्ट की वेबसाइट पर शुक्रवार को अपलोड हुई जिसमें न्यायमूर्ति आलोक माथुर एवं न्यायमूर्ति सैय्यद कमर हसन रिजवी की पीठ ने कहा है कि यदि न्यायालय अपने आदेशों के पालन को सुनिश्चित न कर सके तो आदेश केवल कागजी घोषणा बनकर रह जाएंगे और कानून के शासन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। कोर्ट ने आदेश के बावजूद मेयर की ओर से नवनिर्वाचित सभासद को शपथ न दिलाने के अड़ियल रवैये पर सख्त लहजे में टिप्पणी की कि संवैधानिक अदालतें अपने आदेशों की लगातार अवहेलना होने पर मूकदर्शक नहीं बनी रह सकतीं। नवनिर्वाचित सभासद ललित किशोर तिवारी की याचिका पर सुनवायी करते हुए कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि मेयर के अधिकारों पर रोक दंडात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि न्यायालय के आदेशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया संवैधानिक कदम है। मामले में पूर्व में हाईकोर्ट ने मेयर को सात दिनों के भीतर याची को शपथ दिलाने का निर्देश दिया था और अनुपालन हलफनामा दाखिल करने को कहा था। कोर्ट ने यह भी कहा था कि आदेश का पालन न होने पर मेयर और जिलाधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होंगे।

सुनवाई के दौरान मेयर की ओर से व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया, जिसमें बताया गया कि उन्हें हीट स्ट्रोक होने के कारण 20 मई को कमांड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि पीठ ने पाया था कि हलफनामे में आदेश के अनुपालन या शपथ दिलाने की मंशा तक का कोई उल्लेख नहीं किया गया। पीठ ने कहा कि चुनाव न्यायाधिकरण की ओर से याची को निर्वाचित घोषित किए जाने के बाद उसे अब तक शपथ नहीं दिलाई गई, जिससे वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित है।

कोर्ट ने यह भी कहा कि सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से उपस्थित अधिवक्ता एस एस चौहान से पूछा गया कि आखिर कब तक शपथ दिलाई जाएगी, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। इससे स्पष्ट है कि मेयर जानबूझकर अदालत के आदेश का पालन नहीं करना चाहते। कोर्ट ने कहा कि यदि वह अपने आदेशों के पालन को सुनिश्चित न कर सकेगा तो आदेश केवल कागजी घोषणा बनकर रह जाएंगे और कानून के शासन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

### महापौर के अधिकार सीज होने पर दिनभर रहा चर्चाओं का दौर

**लखनऊ।** नगर निगम में शुक्रवार को महापौर के अधिकार सीज होने के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई। निगम मुख्यालय का माहौल पूरे दिन चचाओं, अटकलों और अनिश्चितता के बीच बना रहा। कई पार्षद अपनी क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर कार्यालय पहुंचे, लेकिन अधिकांश अधिकारी दफ्तर से नदारद मिले। भाजपा पार्षद सुशील तिवारी पम्मी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि महापौर सुषमा खर्कवाल पार्टी को मां मानती हैं जो कि उन्होंने साबित किया है। पार्षद प्रतिनिधि संतोष राय ने बताया कि वह क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर नगर निगम मुख्यालय पहुंचे थे, लेकिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक कोई जिम्मेदार अधिकारी अपनी सीट पर मौजूद नहीं मिला। वहीं कमांड अस्पताल में भर्ती होने के कारण महापौर सुषमा खर्कवाल शुक्रवार को नगर निगम नहीं पहुंचीं। कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने भी अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद महापौर के अधिकार सीज हुए हैं, ऐसे में नगर निगम का प्रशासनिक कामकाज किस प्रकार संचालित होगा, यह जानने के लिए वह मुख्यालय पहुंचे थे, लेकिन वहां कोई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद नहीं मिला। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं होनी चाहिए और जनता से जुड़े रोजमर्रा के कार्य प्रभावित नहीं होने चाहिए। अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। उधर भारतीय जनता पार्टी के कई पार्षद भी नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। इनमें महापौर सुषमा खर्कवाल के विरोधी माने जाने वाले पार्षद भी शामिल थे। हालांकि किसी ने खुलकर बयान नहीं दिया। दिनभर निगम मुख्यालय में महापौर के अधिकार सीज होने और आगे की प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर चर्चाएं होती रहीं। पार्षदों और कर्मचारियों के बीच यही सवाल बना रहा कि आने वाले दिनों में नगर निगम का संचालन किस प्रकार होगा और फैसलों की प्रक्रिया पर इसका क्या असर पड़ेगा। फिलहाल नगर निगम मुख्यालय का माहौल राजनीतिक खींचतान और प्रशासनिक अनिश्चितता के बीच नजर आया।

## यूपी कैम्पा योजना से 2025 तक रोपे गये 1.26 करोड़ पौधे

**लखनऊ।** क्षतिपूरक वृक्षारोपण मद के तहत यूपी कैम्पा योजना से वर्ष 2019 से 2025 तक कुल एक करोड़ 25 लाख 51 हजार पौधों का रोपण किया जा चुका है। वर्तमान वर्ष में इस मद से 18.03 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। शुक्रवार को मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में हुई उत्तर प्रदेश कैम्पा अभिचालन समिति की 10वीं बैठक में वर्ष 2026-27 की डिजिटल वार्षिक प्रचालन योजना को समिति द्वारा 208 करोड़ एक लाख 27 हजार रुपये की कार्ययोजना को अनुमोदित कर दिया गया। इस धनराशि का उपयोग क्षतिपूर्ति वनीकरण, जल ग्रहण क्षेत्र शोधन योजना और अन्य पर्यावरणीय एवं वन संरक्षण संबंधी कार्यों पर किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि कैम्पा योजना के तहत वर्ष 2011-12 से 2022-23 तक कराए गए समस्त कार्यों की थर्ड पार्टी मॉनीटरिंग भी कराई जा रही है, ताकि योजनाओं की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता का निष्पक्ष मूल्यांकन सुनिश्चित किया जा सके।

## लुआक्टा ने ग्रीष्मावकाश घोषित किये जाने के लिए लिखा पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने ग्रीष्मावकाश घोषित करने और अवकाश अवधि में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों के लिए अर्जित अवकाश नियम सरल एवं स्पष्ट बनाये जाए तथा इसे 1 कार्यदिवस के बदले 1 अर्जित अवकाश दिये जाने की मांग की है।

लुआक्टा के अध्यक्ष डॉ. मनोज पाण्डेय और महामंत्री अंशु केडिया की ओर से जारी पत्र के अनुसार, ग्रीष्म अवकाश एवं अवकाश अवधि में परीक्षा कार्य करने पर प्रतिकर अवकाश दिये जाने के लिए संबंध में 14 मई एवं 18 मई भेजा गया था, जिसके क्रम में 19मई को कुलपति से विस्तृत वार्ता हुई। संघ इसके लिए आपका आभार व्यक्त करता है कि वार्ता के क्रम मे 45 दिन का ग्रीष्मावकाश एवं अवकाश 1 जून से घोषित किया जायेगा, पर सहमति हुई। संगठन द्वारा ग्रीष्मावकाश अवधि में पूर्व की भांति परीक्षा ड्यूटी करने पर 1 कार्य दिवस के बदले 1 प्रतिकर अवकाश यथावत रखते हुए आदेश जारी करने का आग्रह किया गया।

पुनः संगठन द्वारा अवगत कराया गया कि कुलपति के प्रस्ताव एवं फामूर्ले पर लुआक्टा कार्यकारणी की आहूत बैठक 20 मई को सदस्यों को बताया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि ग्रीष्म अवकाश घोषित किये जाने के लिए अतिशीघ्र आदेश जारी किया गया।

भीषण गर्मी से छात्र-छात्राओं के बेहोश होने की सूचना जगह जगह से आ रही है, जिसके द्दष्टिगत मुख्यमंत्री के निर्देश है कि 15 मई तक परीक्षा संपन्न हो जाए, इसका पालन किया जाना चाहिए था। छात्रों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी भी विश्वविद्यालय की है, अगर एक बार स्टूडेंट बीमार पड़ता है उसकी आगे की परीक्षाएं भी प्रभावित हो जाएंगी।

## शैक्षिक यात्रा पर रवाना हुआ सीएमएस छात्र दल

**लखनऊ।** सीएमएस के गोमती नगर प्रथम कैम्पस एवं सीएमएस गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन का 51 सदस्यीय दल सिंगापुर एवं मलेशिया की 9-दिवसीय शैक्षिक यात्रा पर रवाना हो गया। इस छात्र दल में सीएमएस गोमती नगर प्रथम कैम्पस के 36 एवं कैम्ब्रिज सेक्शन के 10 छात्र शामिल हैं जबकि छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिकाएं समीना जहीर, एरम मेहदी, वन्दना साही, प्रियंका रोहतगी एवं मसीरा आरिफ कर रही हैं। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को वैश्विक शिक्षा प्रणाली, सांस्कृतिक विविधताओं, वैज्ञानिक उपलब्धियों एवं अंतर्राष्ट्रीय परिवेश की जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से अपने ज्ञान एवं व्यक्तित्व को और अधिक समृद्ध बना सकें।

## केजीएमयू में कुलसचिव के खिलाफ कर्मचारियों का प्रदर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में शुक्रवार को कर्मचारी आक्रोशित हो गए। कुलसचिव कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में जुटे कर्मचारियों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रशासनिक भवन में जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान कर्मचारियों ने केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद को ज्ञापन दिया तो उन्होंने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

प्रदर्शन के दौरान केजीएमयू के कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष विकास सिंह, उपाध्यक्ष सोनू बाल्मीकि और महामंत्री अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि कुलसचिव के हठधर्मी, तानाशाही एवं कर्मचारी विरोधी रवैये को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है।

कर्मचारियों का आरोप है कि कुलसचिव लगातार शासन की मंशा के विपरीत कार्य करते हुए कर्मचारियों के वैधानिक एवं आवश्यक कार्यों को बाधित कर रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष एवं मानसिक पीड़ा का वातावरण बना हुआ है। वर्षों से संस्थान के कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर मरीजों की सेवा में लगे हुए हैं, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने के बजाय उन्हें लगातार उपेक्षा, दबाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शांतिपूर्ण वार्ता एवं समाधान का प्रयास किए जाने के बावजूद कुलसचिव द्वारा सकारात्मक पहल न करना कर्मचारियों की भावनाओं को आहत करने वाला है। कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अब कर्मचारियों का धैर्य जवाब दे रहा है। यदि कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र एवं सम्मानजनक समाधान नहीं किया गया तो समस्त कर्मचारी लोकतांत्रिक तरीके से बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन एवं कुलसचिव की होगी। इस मौके पर मंत्री शैलेंद्र कुमार उर्फ भिंडी, संयुक्त मंत्री राम दल बारी, संयुक्त मंत्री फैज अहमद उर्फ दुबे, कोषाध्यक्ष उमाशंकर, प्रचार मंत्री सुभाष सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## मेट्रो स्टेशनों पर मिलेगी ई-साइकिल

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग बैठक में मेट्रो सिटीज में लास्ट माइल कनेक्टिविटी मजबूत करने पर बड़ा फैसला लिया गया। अब मेट्रो स्टेशनों के पास अंडरग्राउंड पार्किंग बनेगी और मोबाइल ऐप से ई-साइकिल किराए पर मिलेगी। मुख्य सचिव ने साफ निर्देश दिए कि मेट्रो रूट के समानांतर सिटी बसों का संचालन न किया जाए। इससे मेट्रो की राइडरशिप बढ़ेगी। गोयल ने कहा कि नए मेट्रो स्टेशनों के लिए भूमि अधिग्रहण के समय ही भविष्य की जरूरत देखकर पार्किंग के लिए भी जमीन ली जाए। मेट्रो स्टेशन के पास अंडरग्राउंड पार्किंग विकसित करने पर काम होगा। स्टेशनों के आसपास खाली पड़े भूखंडों पर पीपीपी मोड के तहत पार्किंग एरिया बनाने के प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है। यात्रियों को स्टेशन से घर-दफ्तर तक पहुंचने में आसानी हो, इसके लिए मेट्रो स्टेशनों के पास मोबाइल ऐप आधारित साइकिल और ई-साइकिल किराए पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

## पीजीआई कैंटीन में भी महंगाई की मार

**लखनऊ।** पीजीआई की ओपीडी के पास संचालित कैंटीन में नाश्ते की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी गई है। कैंटीन संचालक ने माल भाड़ा व खाद्य सामग्री और अन्य खर्चों में बढ़ोतरी का हवाला देते हुए कई वस्तुओं के दाम पांच रुपये तक बढ़ा दिए हैं। वहीं कुछ वस्तुओं की कीमतें घटा दी गई है। आलू पेटीज 15 रुपये से बढ़कर 20 रुपये प्रति पीस हो गयी। वहीं पनीर पेटीज अब 20 के बजाए 25 रुपये में है। चाय व सैंडवीच की कीमतों में इजाफा नहीं किया गया है। हालांकि, बंद मक्खन की कीमत घटा दी गई है। पहले बंद मक्खन 30 रुपये में बिक रहा था। अब घटाकर 25 रुपये कर दिया गया है। 10 रुपये वाला बिस्कुट का पैकेट नौ रुपये में कर दिया गया है।

## रिजल्ट न आने से नाराज अभ्यर्थियों का प्रदर्शन



**लखनऊ।** होम्योपैथिक फार्मासिस्ट भर्ती 2024 का परिणाम जारी न होने से नाराज अभ्यर्थियों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। शुक्रवार की सुबह संख्या में अभ्यर्थी गोमतीनगर स्थित पिकअप भवन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के कार्यालय का घेराव किया। अभ्यर्थियों का कहना है कि 8 महीने से वे अनिश्चितता और मानसिक दबाव में जी रहे हैं। अभ्यर्थियों के मुताबिक, इस भर्ती प्रक्रिया के तहत डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करीब 8 महीने पहले ही पूरा हो चुका है। अब तक अंतिम चयन सूची जारी नहीं की गई है। उनका कहना है कि सामान्य प्रक्रिया में इतना लंबा समय लगना असामान्य है और इससे आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि रिजल्ट में देरी ने उन्हें सफलता और असफलता के बीच लटका दिया है। लगातार इंतजार के कारण मानसिक तनाव, अवसाद और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि वे न तो अन्य विकल्प चुन पा रहे हैं और न ही आगे की योजना बना पा रहे हैं। अभ्यर्थियों ने साफ संकेत दिया है कि यदि जल्द परिणाम जारी नहीं किया गया तो उनका आंदोलन और तेज होगा। फिलहाल उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखी है लेकिन लंबा इंतजार अब उनके लिए असहनीय होता जा रहा है।

## निजी स्कूलों पर एसएमसी की गाइडलाइन लागू नहीं

**लखनऊ।** शिक्षा मंत्रालय द्वारा यह स्पष्ट किया जाना कि स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) से जुड़ी गाइडलाइन गैर-सहायता प्राप्त निजी स्कूलों पर लागू नहीं होगी, निजी शिक्षा जगत के लिए राहत भरा निर्णय है। अनएडेड प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन (यूपीएसए), उत्तर प्रदेश इस स्पष्टीकरण का स्वागत करता है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 2(ल्ल)-चार के तहत यह पहले से ही स्पष्ट है कि एसएमसी का प्रावधान केवल सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों पर लागू होता है। गैर-अनुदानित निजी स्कूल अपने खर्च पर चलते हैं, सरकार से कोई अनुदान नहीं लेते। ऐसे में उन पर 75% अभिभावकों वाली एसएमसी का ढांचा थोपना व्यावहारिक और कानूनी दोनों रूप से उचित नहीं था। बता दें कि शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को साफ किया कि एसएमसी गाइडलाइन उन निजी स्कूलों पर लागू नहीं होगी जिन्हें किसी तरह की सरकारी मदद या अनुदान नहीं मिलता। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि वह पारदर्शिता और सहभागिता बढ़ाने के लिए निजी स्कूलों को एसएमसी गठित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा, बाध्य नहीं। यूपीएसए की सचिव डॉ. माला मेहरा ने कहा कि निजी स्कूल देश में 50 फीसदी से अधिक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। हम पर अनावश्यक नियंत्रण के बजाय विश्वास और सहयोग की नीति अपनाई जाए। हमारा एवं सरकार का लक्ष्य एक ही है कि प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। इसके लिए सरकार को निजी क्षेत्र के विद्यालयों के साथ सहयोग करते हुए साथ चलना होगा।

## तारुषी ने वाद-विवाद मंच पर मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा

### सेंट जोसफ कॉलेज में विद्यार्थी ज्ञान मंथन का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सेंट जोसफ कॉलेज रुचिखंड शाखा में विद्यार्थी ज्ञान मंथन कार्यक्रम का प्रेरणादायी आयोजन किया गया। विद्यार्थी ज्ञान मंथन 2026 के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता, वाद-विवाद, कैलीग्राफी, पिक्चर कंपोजीशन, क्विज, जस्ट ए मिनिट, काव्य पाठ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। कक्षा पांच की तारुशी ने 'स्ट्रिक्ट व लीनियंट पेरेंट्स' विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में अपनी प्रभावशाली वाणी, आत्मविश्वास और सशक्त अभिव्यक्ति से सभी का मन मोह लिया। अपने तार्किक विचारों एवं स्पष्ट प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने उपस्थित श्रोताओं और निर्णायकों पर गहरी छाप छोड़ी। स्पिन द वर्ड्स में राजाजीपुरम शाखा ने बाजी मारी और पिक्चर कंपोजिशन में रुचिखंड शाखा के बच्चों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन देकर पहले स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने कहा कि आज केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि तार्किक सोच, संवाद कौशल एवं रचनात्मकता भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। आज के परिणाम के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संयुक्त निदेशक सृजन अग्रवाल एवं सलोनी अग्रवाल ने प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। संयुक्त निदेशक सृजन अग्रवाल ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता रहे। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीतापुर रोड शाखा ने अपनी बढ़त बरकरार रखी व रुचिखंड शाखा दूसरे स्थान पर रहा।

## 19 पीसीएस अफसरों के हुए तबादले

लखनऊ। यूपी में शुक्रवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। रात में 19 पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए। सुल्तानपुर के मुख्य राजस्व अधिकारी आलोक कुमार वर्मा को अपर आयुक्त, वाराणसी मण्डल, वाराणसी बनाया गया है। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का कुलसचिव सृष्टिधवन को मुख्य राजस्व अधिकारी, सुल्तानपुर की जिम्मेदारी दी गईहै। अपरजिलाधिकारी (वि०/रा०) गौतमबुद्धनगर, सुशील प्रताप सिंह को कुलसचिव, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, अपरनिदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ एवं संयुक्त सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण बनाया गया है। दुर्गेश मिश्रा, अपर नगर आयुक्त, नगरनिगम, वाराणसी को अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर की जिम्मेदारी दी गईहै। मेरठ के अपरजिलाधिकारी (नगर) बृजेश कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी (नगर), मेरठ के पद पर यथावत बने रहेंगे। अनिरुद्ध प्रताप सिंह, स्थानांतरणाधीन अपर जिलाधिकारी (नगर), मेरठ को अपरजिलाधिकारी (वि०/रा०), मुजफ्फरनगर बनाया गया है। राजीव राज, नगर मजिस्ट्रेट, उन्नाव को अपरजिलाधिकारी (वि०/रा०), जालौन बनाया गया है। मनोज कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी, जालौन को नगर मजिस्ट्रेट, उन्नाव की जिम्मेदारी दी गई है। गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप सचिव, उ०प्र० लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर बनाया गया है।

## योग के प्रति जागरूकता के लिए हुआ कैंप



**लखनऊ।** शिवोहम सेवा संस्था एवं शिवोहम योगा स्टूडियो द्वारा लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के लिए योग जागरूकता कैंप सतरंग प्ले स्कूल में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कैंप में नन्हे बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी बड़े उत्साह और आनंद के साथ योगाभ्यास किया। योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश सभी तक पहुंचाया गया। यह कैंप शिवोहम योगा स्टूडियो के योग गुरु डॉ. शुभम गुप्ता, योग शिक्षिका निशिता शर्मा, आशा राय एवं शिवोहम की संचालिका पूनम सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ।

## आईटी सिटी में लॉटरी से मिले 414 भूखण्ड

**लखनऊ।** एलडीए ने आईटी सिटी योजना के लिए लैंड पूलिंग नीति के तहत अपनी जमीन देने वाले काश्तकारों को शुक्रवार को लॉटरी के माध्यम से भूखण्डों का आवंटन किया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के प्लूटो ऑडिटोरियम में हुये इस लॉटरी ड्रा में 300 किसानों को 414 विकसित भूखण्ड आवंटित किये गये। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पारदर्शी प्रक्रिया के तहत काश्तकारों के हाथों से ही लॉटरी की पर्चियां निकलवायी गयीं। योजना में विकसित भूखण्ड मिलने पर काश्तकारों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने बताया कि सुलतानपुर रोड पर 3490 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जा रही इस आवासीय योजना के लिए जिन किसानों एवं भू-स्वामियों ने अपनी भूमि का अनुबंध 10 अप्रैल, 2026 तक प्राधिकरण के पक्ष में कराया था, उन्हें लैंड पूलिंग नीति के तहत सबसे पहले भूखण्ड आवंटित किये गये।

## कौशल मिशन से युवाओं को मिलेगा रोजगार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से 23 मई शनिवार को यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ के मालवीय सभागार में विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। रोजगार मेले में 35 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी, जो विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं का चयन करेंगी। मेले के माध्यम से 2500 से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# जनगणना-2027: 110 वार्डों में मकान सूचीकरण कार्य शुरू

## भवन के उपयोग, परिवार में निवास करने वाले व्यक्तियों की संख्या समेत लिये गये अन्य आंकड़े

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर निगम क्षेत्र में भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की नम्बरिंग कार्य का शुक्रवार को विधिवत शुभारम्भ किया गया। यह अभियान भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशों एवं राष्ट्रपति के आदेशानुसार संचालित किया जा रहा है।

नगर निगम के अनुसार यह कार्य शहर के सभी 8 जोन और 110 वार्डों में एक साथ शुरू किया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए 6270 प्रगणकों और 1049 सुपरवाइजरों की तैनाती की गई है।

अपर नगर आयुक्त अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि सभी कार्मिकों को जनगणना कार्य निदेशालय की ओर से निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण देकर क्षेत्र में भेजा गया है। राष्ट्रीय महत्व के इस अभियान में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह और विनय कुमार राय ने स्वयं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और विशिष्ट व्यक्तियों के आवासों पर पहुंचकर मकान सूचीकरण का कार्य किया।

इस दौरान अधिकारियों ने नागरिकों को जनगणना के उद्देश्य समझाते हुए सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया।

प्रथम दिवस में प्रगणकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर भवन के उपयोग, भवन की प्रकृति, परिवार में निवास करने वाले व्यक्तियों की संख्या सहित अन्य विवरण एकत्रित करने का कार्य शुरू किया।

नगर निगम के अनुसार नागरिकों की ओर से भी अभियान में सहयोग दिया जा रहा है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में आने वाले प्रगणकों को सही जानकारी देकर इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शुद्ध आँकड़े, सशक्त भारत के लक्ष्य के साथ लखनऊ नगर निगम इस अभियान को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जोनवार नियंत्रण कक्ष प्रभारी व हेल्पलाइन नंबर

| जोन | नियंत्रण कक्ष प्रभारी | हेल्पलाइन नं० |
|---|---|---|
| जोन-01 | आरिफ नकवी, लिपिक | 9415026695 |
| जोन-02 | अर्चना, लिपिक | 9044477306 |
| जोन-03 | आशीष चन्द्रा, लिपिक | 9305888263 |
| जोन-04 | विरेन्द्र कुमार, लिपिक | 7905873935 |
| जोन-05 | मनोज कुमार, लिपिक | 8318903325 |
| जोन-06 | मिर्जा इरसाद बेग, लिपिक | 8576067280 |
| जोन-07 | प्रवीन सिंह, लिपिक | 8299778548 |
| जोन-08 | आशुतोष गुप्ता, लिपिक | 9919476939 |

### आठ जोनों में स्थापित किए जनगणना नियंत्रण कक्ष, हेल्पलाइन नंबर जारी

मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के सफल संचालन के लिए नगर निगम की ओर से नगर के सभी 8 जोनों में 'जनगणना नियंत्रण कक्ष' स्थापित किए गए हैं। अपर नगर आयुक्त/नगर जनगणना अधिकारी की ओर से जारी आदेश के क्रम में, ये नियंत्रण कक्ष 20 जून तक क्रियाशील रहेंगे। इनका मुख्य उद्देश्य जनगणना कार्य से संबंधित जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण, सूचनाओं का आदान-प्रदान एवं प्रगणकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करना है। प्रत्येक जोनल नियंत्रण कक्ष में एक वरिष्ठ लिपिक को प्रभारी अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। लखनऊ की जनता अपनी जनगणना संबंधी किसी भी समस्या, शिकायत या जानकारी के लिए सुबह 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक सीधे संबंधित जोन के प्रभारी अधिकारी से संपर्क कर सकती है। नगर आयुक्त, गौरव कुमार ने जनता से अपील की है कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। यदि किसी भी नागरिक को प्रगणक के संबंध में कोई शंका हो या कोई समस्या आए, तो वे तत्काल अपने जोन के नियंत्रण कक्ष पर संपर्क करें। सभी प्रगणकों के पास नगर निगम की ओर से जारी फोटोयुक्त पहचान-पत्र होना अनिवार्य है तथा जनगणना का कार्य पूर्णतः निःशुल्क है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# छात्रा से ओटी में रेप का आरोपित संचालक गिरफ्तार

## बुखार से पीड़ित छात्रा को नशीला इंजेक्शन देकर की थी दरिंदगी

- बीकेटी क्षेत्र के इन्दौराबाग स्थित तेजस हास्पिटल का मामला

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बीकेटी थाना क्षेत्र के इन्दौराबाग स्थित निजी हास्पिटल में 12वीं की छात्रा को हॉस्पिटल के ओटी में नशीला इंजेक्शन देकर रेप करने के मामला में डाक्टर/संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। परिजनों के अनुसार छात्रा को तेज बुखार होने के कारण तेजस हास्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां संचालक/डाक्टर विजय कुमार गिरि छात्रा को ट्यूब डालने के बहाने नशीला इंजेक्शन लगाकर उसे ऑपरेशन थिएटर में ले गया था। छात्रा को कई दिनों से झटके भी आ रहे थे। 18 मई को उसे सीएचसी इंदौराबाग के पास स्थित तेजस अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

ओटी में छात्रा को इंजेक्शन लगाया, जिसके कारण अर्द्धचैतन्य हो गई। वहीं पर डॉक्टर ने उससे दुष्कर्म किया। हाथ-पैर चलाने की कोशिश की तो डॉक्टर ने उसे पीटा भी। करीब घंटे भर बाद छात्रा ओटी से बदहवास निकली। उसके प्राइवेट पार्ट में तेज दर्द हो रहा था। हालत कुछ सामान्य हुई तो बेटी ने जानकारी दी कि डॉक्टर ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। इसके बाद परिवारीजनों का आक्रोश फूट गया। वे हंगामा करने लगे। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। बीकेटी थाने के इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह, एसीपी विकास कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पीड़ित परिवारीजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया और आरोपी डॉक्टर को हिरासत में लिया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी डॉक्टर ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

इस प्रकरण में पुलिस ने तहरीर के आधार पर एससी/एसटी एक्ट दर्ज कर आरोपी अभियुक्त विजय कुमार गिरी पुत्र रामकृष्ण गिरी निवासी ग्राम रजनापुर थाना तम्बौर जनपद सीतापुर, हालपता तेजस हॉस्पिटल इन्दौराबाग थाना बीकेटी लखनऊ को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त द्वारा इन्दौराबाग बीकेटी क्षेत्र में तेजस हॉस्पिटल नाम से अस्पताल संचालित होना बताया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि 19 मई को पीड़िता को इलाज के लिए उसके अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान 21 मई को अस्पताल के ओटी कक्ष में उसने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के घटना के समय पहने हुए कपड़े पुलिस ने कब्जे में ले लिये।

### डिप्टी सीएम के निर्देश पर तेजस हास्पिटल सील

इलाज कराने आई कक्षा 12 की छात्रा संग दुष्कर्म के आरोपित तेजस अस्पताल के डॉक्टर विजय कुमार गिरि के खिलाफ एक्शन शुरू हो गया है। बक्शी का तालाब क्षेत्र के तेजस अस्पताल में गुरुवार को छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले डॉक्टर विजय कुमार गिरि को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लेते हुए उन्होंने सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद एसीएमओ प्रशासन एसीएमओ प्रशासन डा. बीएन यादव व सीएचसी अधीक्षक डा. जेपी सिंह ने उसके तेजस अस्पताल को सील कर दिया। इसके साथ ही उसके लाइसेंस को निलंबित करने और डिग्री जब्त करने की कारवाई शुरू कर दी गई है। सीएचसी अधीक्षक ने बताया अस्पताल का लाइसेंस रद किया जायेगा। डॉक्टर की डिग्री की जब्त की जाएगी। उनके विभाग ने कारवाई शुरू कर दी है।

## नवजात की मौत पर परिजनों का हंगामा

- नगराम सीएचसी का मामला
- कहा सही इलाज मिलने व एम्बुलेंस मिलने में हुई लापरवाही

**लखनऊ।** नगराम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर गुरुवार रात एक नवजात की मौत हो गयी। परिजनों ने इलाज में लापरवाही और एम्बुलेंस न मिलने की शिकायत की है। परिजनों ने अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही और रुपये वसूलने के आरोप लगाए हैं। मदारपुर करोरा निवासी किसान अजय कुमार गुरुवार शाम करीब साढ़े तीन बजे पत्नी राधा को प्रसव के लिए सीएचसी नगराम लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों ने शुरुआत में महिला को भर्ती करने से साफ इनकार कर दिया।

दर्द से तड़पती राधा ने आखिरकार रात ग्यारह बजे अस्पताल परिसर में ही बच्चे को जन्म दे दिया। कुछ देर बाद नवजात की हालत गंभीर हो चुकी थी। परिवार का आरोप है कि एक घंटे तक न तो उचित इलाज दिया गया और न ही वरिष्ठ चिकित्सक को बुलाया। परिजनों ने 102 एम्बुलेंस सेवा पर कई बार फोन किया लेकिन कोई सहायता नहीं मिली। परिवार मजबूरन निजी वाहन से नवजात और मां को मोहनलालगंज के संजीवनी अस्पताल ले गया जहां डॉक्टरों ने नवजात को मृत घोषित कर दिया।

सीएचसी अधीक्षक डा. राजेश सिंह के अनुसार रात में स्टाफ नर्स की देखरेख में सामान्य प्रसव हुआ। कुछ समय बाद नवजात की हालत बिगड़ने पर तुरंत आवंतीबाई अस्पताल के लिए रेफर किया गया। परिजन निजी साधन से शिशु को लेकर जा रहे थे और रास्ते में ही मौत हो गई। उन्होंने एम्बुलेंस न मिलने के मामले की जांच कराने की बात कही।

## सीएचसी में संविदाकर्मी की गला दबाकर हत्या

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित विकासखंड के ग्वारी में सीएचसी गोसाईंगंज में संविदा पर कार्यरत निशा देवी (30) की गला दबाकर हत्या कर दी गयी। दुर्गंध आने पर गुरुवार देर शाम मकान मालिक ने सूचना दी। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल पर पड़ताल की। मोबाइल व सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो संदिग्ध कैद मिला। इसी पुलिस ने मृतका के ससुर की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। शुक्रवार को छानबीन के दौरान गोमतीनगर पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा ने बताया कि निशा देवी पति दीपक कुमार और अन्य परिजन के साथ विनयखंड-ई1/273 में रहती थी। पति दीपक कुमार मानसिक रूप से बीमार हैं। वर्तमान में निशा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईंगंज में संविदा पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थी। उसकी आठ वर्षीय बेटी अयांशी औरैया में मामा सुमित के घर रहती है। सुमित भी लखनऊ में निशा के साथ रह रहा था।

भाई सुमित ने बताया कि 19 मई की शाम करीब 5:30 बजे निशा नाइट ड्यूटी की बात कहकर घर से निकली थीं। इसके बाद वह पत्रकारपुरम स्थित विशाल मेगा मार्ट गई थी। शाम करीब 6:30 बजे निशा ने बेटी अयांशी को वीडियो कॉल की। भाई सुमित ने बताया कि रात करीब आठ बजे उसने निशा को कॉल किया तो मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिला। उसे लगा कि नाइट ड्यूटी के कारण बहन ने मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया होगा। 20 मई को भी लगातार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन मोबाइल बंद ही मिला। कोई जानकारी न मिलने पर 21 मई की सुबह परिजन गोमतीनगर थाने पहुंचे और निशा की गुमशुदगी की तहरीर दी।

## इन्दिरा डैम में नहाते समय युवक की मौत

**लखनऊ।** बीबीडी थाना क्षेत्र के इन्दिरा डैम में नहाते समय युवक की डूबने से मौत हो गयी। शव को नहर से बाहर निकालने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार को समय दोपहर करीब 12:30 बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र स्थित इन्दिरा डैम में नहाते समय एक व्यक्ति डूब गया है। सूचना प्राप्त होते ही प्रभारी निरीक्षक थाना बीबीडी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर जाकर डूबे हुए व्यक्ति को बाहर निकाला गया, जिसकी पहचान सूरज कुमार (28) पुत्र राम स्वरूप निवासी सरायशेख थाना बीबीडी जनपद लखनऊ के रूप में हुई। उस समय उसकी सांस चल रही थी। उसे तत्काल उपचार के लिए डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान भेजा गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## दहेज लोभियों ने विवाहिता को घर से निकाला

**लखनऊ।** मलिहाबाद क्षेत्र निवासी चांदनी रावत पुत्री रमेशचंद्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका विवाह 30 मार्च 2026 को सूरज पुत्र छोटा निवासी ढ़ेढ़ेमऊ, थाना मलिहाबाद के साथ आर्य समाज मंदिर अलीगंज में हुआ था। विवाह के बाद पति और ससुराल पक्ष ने उसे अपने साथ रखने से इनकार कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि पति सूरज, उसके पिता छोटा, भाई जितेंद्र व अन्य परिजनों ने दहेज में ळंइं ठी७ङ्ल्ल कार, पांच लाख रुपये नकद, सोने की चेन और होटल में भव्य शादी की मांग की। मांग पूरी न होने पर उसे घर में रखने से मना कर दिया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

## पत्नी को जहरीला पदार्थ खिलाकर भागा

**लखनऊ।** न्यू गुड़ौरा, मानसरोवर योजना निवासिनी रेनू यादव जिनका विवाह वर्ष 2020 में किदवई नगर कानपुर निवासी धर्मवीर सिंह यादव के साथ हिन्दू रीतिरिवाज के साथ सम्पन्न हुआ। विवाह के तीन दिन बाद से ही दहेज कम लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे। पीड़ित के ससुर अमरसिंह, सास पार्वती, देवर संजय व बलबीर तथा देवरानी मोहनी यादव कम दहेज लाने का उलाहना देकर उत्पीड़न करने लगी, यही नहीं पीड़िता के साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे। पीड़िता को 03 माह व्यतीत होने पर पहने हुए कपड़ों में ही घर से बाहर भगा दिया।

## भजाखेड़ा में पान की भीट में लगी आग

**लखनऊ।** नगराम क्षेत्र में गुरुवार देर रात लगी आग ने पान किसानों के सपनों को पल भर में राख कर दिया। भजा खेड़ा के पास खेतों में तैयार खड़ी पान की भीट भीषण आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गई, जिससे किसानों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। नगराम कस्बा निवासी पान किसान अमरीश चौरसिया और राजेश चौरसिया ने बताया कि नवीनगर के मजरा भजा खेड़ा गांव के बाहर उनके खेतों में करीब दो बीघे में पान की भीट तैयार थी। फसल पूरी तरह पककर तैयार थी और तोड़ाई का समय आ चुका था। इसी बीच बृहस्पतिवार देर रात अचानक भीट में आग लग गई। जिससे पूरी भीट जलकर राख हो गई थी। पीड़ित किसान अमरीश चौरसिया के मुताबिक इस अग्निकांड में करीब आठ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## भूमि विवाद में मारपीट के कई मुकदमे दर्ज

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गढ़ी मवैया,परवर पश्चिम में बृस्पितवार को 10 बजे त्रिभुवन अपनी पत्नी के साथ घर पर थे, तभी भाई त्रिवेदी उसकी पत्नी सीमा व पिता सुक्खी लाल ने जमीनी विवाद को लेकर गुस्साये तीनों लोग घर आकर गाली गलौज करते हुए, ईट पत्थर चलाने के बाद पीड़ित की पत्नी कुसुमा को लाठी डण्डों तथा कुल्हाड़ी से सिर पर हमला करने से गम्भीर चोटें आयीं है । पीड़ित के सिर पर वार करके, जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। दूसरी घटना नूर नगर भदरसा निवासी जितेन्द्र कुमार के साथ घटित हुई जो रात्रि में अपने घर पर आराम से सो रहा था । तभी गाँव के ही वीरु उर्फ झूरी अपनी माँ के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए पीड़ित को बुरी तरह से मारने पर उसके सिर में चोटें आयी ।

## एसआई व मुख्य आरक्षी ने युवतियों से की अभद्रता

**लखनऊ।** यूपी के एटा में गुरुवार की रात पुलिस विभाग की छवि को शर्मसार करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस लाइन में तैनात एक उपनिरीक्षक और मुख्य आरक्षी पर शराब के नशे में दो युवतियों का पीछा करने और उन्हें रास्ते में रोककर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगा है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र की ठंडी सड़क की बताई जा रही है। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की है। मिली जानकारी के मुताबिक , दोनों युवतियां स्कूटी से जा रही थीं। आरोप है कि कार सवार पुलिसकर्मी उनका पीछा करते हुए उन्हें बीच रास्ते में रोक लिया। इस दौरान दोनों ने युवतियों से अभद्रता की, जिसका विरोध किए जाने पर मौके पर हंगामा खड़ा हो गया। पूछताछ के बाद उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई।

## 400 पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई

**लखनऊ।** यूपी के अलीगढ़ में अपराध नियंत्रण के साथ पुलिस विभाग के भीतर जवाबदेही तय करने की मुहिम भी तेज हो गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन के नेतृत्व में अनुशासनहीनता, लापरवाही और भ्रष्टाचार के मामलों में लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। बीते साढ़े सात माह में 400 पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई इसका बड़ा उदाहरण है। 20 सितंबर 2025 को कार्यभार संभालने के बाद एसएसपी ने साफ कर दिया था कि आम लोगों के साथ दुर्व्यवहार, ड्यूटी में लापरवाही या किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी नीति के तहत एक अक्टूबर 2025 से 15 मई 2026 तक 105 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र मु. मुस्तकीम का चाल चलन ठीक नहीं है और वह मेरे मकान व दुकान पर कब्जा करना चाहता है। जिससे परेशान होकर उसे और उसकी पत्नी व बच्चों को दिनांक 15.05.2026 को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति, मकानो व दुकान से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, क्रय-विक्रय की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **हाजी अब्दुल सलीम पुत्र हाजी अब्दुल रऊफ नि.- 42, चौखर कुंआ, थाना कोतवाली शहर इटावा।**

## ज्वैलरी शॉप से 26 लाख के जेवरात चोरी

**लखनऊ।** गुडंबा इलाके में एक ज्वैलरी की दुकान में सेंधमारी हुई है। चोरों ने दुकान से लगभग 26 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर और नकदी चुरा ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मनु ज्वेलर्स नामक यह दुकान गुडंबा बाजार में पेट्रोल पंप के सामने स्थित है। दुकान मालिक टुनटुन पुत्र राजकुमार ने बताया कि चोरों ने लगभग 7 किलोग्राम चांदी, 17 ग्राम सोना और 13,000 रुपये नकद चुरा लिए। टुनटुन के अनुसार, उन्होंने बुधवार रात करीब 8 बजे दुकान बंद की थी। अगले दिन गुरुवार सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर पड़ोसी दुकानदार राहुल ने उन्हें चोरी की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि दोनों शटर पर ताले लगे थे, लेकिन ऐसा प्रतीत हो रहा था कि शटर को बीच से रॉड डालकर उठाया गया है। गुडंबा थाना प्रभारी अंजनी कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

## दो युवकों को रास्ते में रोककर मारपीट

**लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र के राम बक्स खेड़ा गांव में गुरुवार शाम दबंगों द्वारा दो युवकों को रास्ते में रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना में एक युवक का हाथ टूट गया, जबकि दूसरे को भी गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कस्बा नगराम के लोध पुरवा मोहल्ला निवासी मोहित कुमार ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि वह गुरुवार शाम करीब साढ़े आठ बजे राम बक्स खेड़ा स्थित अपनी दुकान बंद कर साथी राहुल के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान रसूलपुर गांव के वन देवी मंदिर के पास शंकर खेड़ा निवासी विवेक कुमार और निहाल अपने आठ-नौ अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंच गए।

## पीओपी कारीगर ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र के सेमरा में पीओपी कारीगर ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार को सूचना प्राप्त हुई की सेमरा कस्बा में व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली गई है। सूचना पर उपनिरीक्षक तेज शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां पर विशाल कुमार पुत्र स्व. राम प्रकाश निवासी ग्राम पोस्ट हथियागढ़ थाना छपिया जनपद गोंडा मौके पर मौजूद मिले। उन्होने बताया कि उनके भाई राजेंद्र (25) पुत्र स्वर्गीय राम प्रकाश निवासी ग्राम पोस्ट हथियागढ़ थाना छपिया जनपद गोंडा जोकि पी ओ पी का काम करते थे। काम के लिए बेंगलुरु जाना था। वह ग्राम सेमरा थाना चिनहट क्षेत्र में निवास कर रहे मौसी के बेटे नितेश कुमार पुत्र हजारी प्रसाद निवासी ग्राम सब्बन जोत थाना छपिया जनपद गोंडा से मिलने दो-तीन दिन पहले आया था। यहीं पर बिजली के तार के सहारे कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के इटौंजा थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक जितिन गौतम की मौत हो गई। इटौंजा-कुर्सी रोड पर रामपुरवा मोड़ के पास बाइक और ई-रिक्शा की आमने-सामने की टक्कर में उनके पिता रामकुमार गौतम गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा दोपहर करीब 3 बजे हुआ। पुलिस के अनुसार, जितिन गौतम और उनके पिता रामकुमार गौतम माल थाना क्षेत्र के हसनापुर गांव के निवासी हैं। वे इटौंजा से कुर्सी की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक ई-रिक्शा से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही इटौंजा पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस से दोनों को बीकेटी स्थित राम सागर मिश्र सौ शैया अस्पताल भेजा गया। वहां इलाज के दौरान जितिन गौतम ने दम तोड़ दिया। घायल रामकुमार गौतम की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा करा दिया है।

**जमीनी विवाद में भाई ने किया कुल्हाड़ी से हमला :** बिजनौर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने भाई, भाभी और पिता के खिलाफ हमला करने का आरोप लगाया है। इस हमले में शिकायतकर्ता की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका सिर कुल्हाड़ी से फट गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परवर पश्चिम स्थित गढ़ी मवैया निवासी त्रिभुवन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार रात करीब 10 बजे उसके भाई त्रिवेदी, उसकी पत्नी नीमा और पिता सुक्खी लाल ने मिलकर उस पर और उसकी पत्नी कुसमा पर हमला किया।

## बिजली कनेक्शन के नाम पर बीस हजार की घूस लेते एसडीओ गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी के सहारनपुर में बिजली विभाग का एसडीओ कनेक्शन देने के नाम पर मोटी रकम मांग रहा था।इस शिकायत पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन की सहारनपुर इकाई ने ट्रैप की कार्रवाई कर एसडीओ दिनेश कुमार मौर्या व संविदा कर्मी को बीस हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन की सहारनपुर इकाई से मो. अहरार निवासी ग्राम थितकी थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर नें शिकायत किया कि आटा चक्की का 06 किलोवॉट का कनेक्शन कराने व सर्वे सही कराने की एवज में उससे अवैध धनराशि की मांग की जा रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निरीक्षक मुकेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम कार्यालय विद्युत विभाग निकट लालवाला रोड देवबन्द सहारनपुर से एसडीओ दिनेश कुमार मौर्या और संविदाकर्मी मो. शाकिर पुत्र मो0सलीम निवासी मोहल्ला लहसवाडा कस्बा व थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बढ़ती मंहगाई पर सपाइयों का प्रदर्शन



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी युवा प्रकोष्ठों के नौजवानों ने नीट पेपर लीक और बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, डीजल-पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि के विरोध में लखनऊ स्थित हजरतगंज चौराहे पर प्रदर्शन किया। सपा के कार्यकर्ताओं ने बढ़ती मंहगाई और पेपर लीक को लेकर सरकार के विरोध में नारे लगाये। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के साथ अभद्रता की, उन्हें सड़क पर घसीटा। कई नौजवानों को चोटें आयीं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को जबरदस्ती गिरफ्तार कर बसों में भर कर इको गार्डेन भेज दिया। प्रदर्शन में राम प्रकाश मौर्य पूर्व जिलाध्यक्ष सुल्तानपुर, राज साहनी बलिया उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, आशुतोष आशू प्रदेश प्रवक्ता समाजवादी युवजन सभा, इं. अभिषेक सिंह यादव उन्नाव प्रदेश सचिव समाजवादी छात्र सभा, शिवशंकर लोधी उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा, अंकुश यादव अमेठी प्रदेश सचिव युवजन सभा, राज कुमार गौतम, अखिलेश यादव अयोध्या प्रदेश सचिव युवजन सभा, कुणाल मौर्या, राज यादव कौशाम्बी, प्रवेश यादव अम्बेडकरनगर, सौमित्र शाहजहांपुर, प्रवेश कुमार लखनऊ राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी, लवकुश यादव, दीपक महाकाल, शुभम यादव मऊ, दिनेश लोहिया, नगेन्द्र लोधी, शुभम यादव, गोलू यादव, जीतू कश्यप प्रदेश सचिव छात्र सभा, राजू यादव राजीव कुमार राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा, रविकान्त, अजीत कुमार, विकास कुमार, अखिलेश यादव बस्ती, जर्नादन यादव राठ हमीरपुर, शिवकेश, केशव प्रजापति, देवेश लोधी, मोनू यादव लखनऊ, गणेश शंकर, पंकज कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## कांग्रेसियों का प्रदर्शन, फूंका पुतला

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री द्वारा नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष, लखनऊ रूद्र दमन सिंह बबलू के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने लखनऊ स्थित वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर विरोध प्रदर्शन किया तथा राज्यमंत्री का पुतला फूंककर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि शीर्ष नेताओं पर अभद्र भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत है।

कांग्रेसियों ने कहा कि राहुल गांधी देश के करोड़ों लोगों की आवाज हैं और उनके विरुद्ध इस प्रकार की टिप्पणी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।



विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोक-झोंक हुई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बबलू ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र एवं जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने पुलिस प्रशासन की कार्यवाही की निंदा करते हुए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में शिव बहादुर सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, सुशील शर्मा, जितेन्द्र तिवारी, कल्लू पाल, डॉ. रिचा शर्मा, गणेशी रावत, आर्यन मिश्रा, रज्जन आचार्य रावत, अकील अहमद, नितांत सिंह, प्रमोद लोधी, मेहताब जायसी, शान गनी सहित भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उप्र होमगार्ड भर्ती परीक्षा का रिजल्ट शीघ्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा में शामिल लाखों अभ्यर्थियों का इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा का परिणाम जल्द जारी किए जाने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, रिजल्ट इस माह के अंत तक या जून 2026 के पहले सप्ताह में घोषित किया जा सकता है। हालांकि, बोर्ड की ओर से अभी आधिकारिक तारीख की घोषणा नहीं की गई है। प्रदेश में होमगार्ड के पदों पर भर्ती के लिए 25, 26 और 27 अप्रैल 2026 को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा शांतिपूर्ण और कड़ी निगरानी के बीच संपन्न कराई गई थी। अब अभ्यर्थियों की नजरें रिजल्ट पर टिकी हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ. रे. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14262-SLR-F1-LKO-GAYA-26-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.06.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.06.2026 at 11:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12231-SLR-F1-LKO-CDG-26-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.06.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.06.2026 at 11:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **19402-SLR-F1-LKO-SBIB-26-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.06.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.06.2026 at 11:50 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14260-SLR-F2-LKO-GAYA-26-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.06.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.06.2026 at 12:00 hrs. |
| **Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders : E-Auction Module of www.ireps.gov.in** | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1734/2026

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **15.06.2026 को 15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | **00482026 दिनांक 22.05.2026** |
| 2 | निविदा संख्या | **04-Sr-DEN-C-LKO-2026-27** |
| 3 | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल में नॉन इंटरलॉक्ड समपारों पर गेट सिग्नलिंग के लिए रिले हट के प्रावधान का कार्य (टीवीयू 10,000 और 20,000 के बीच)। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 6,64,85,669.49 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 13,29,700.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से **बारह** माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 01.06.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 15.06.2026, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1729/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दो बच्चों की हत्या में उम्रकैद पाये महिला व सह आरोपी बरी

- परिस्थितिजन्य साक्ष्य कमजोर होने पर दोषसिद्धि नहीं टिक सकती : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अंबेडकरनगर के चर्चित दोहरे हत्याकांड में ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा रद्द करते हुए महिला पुष्पा और सह आरोपी सुरेंद्र कुमार वर्मा को बरी कर दिया। पीठ ने कहा कि केवल शक, कथित अवैध संबंध और कमजोर परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चैहान और न्यायमूर्ति जफीर अहमद की पीठ ने यह फैसला दोनों आरोपियों की अपीलों को मंजूर करते हुए सुनाया। मामले के अनुसार, वर्ष 2010 में अंबेडकरनगर के अकबरपुर क्षेत्र में आठ वर्षीय प्रिया और तीन वर्षीय शनि के शव गांव के कुएं से बरामद हुए थे।

अभियोजन का आरोप था कि महिला पुष्पा के सुरेंद्र कुमार वर्मा से अवैध संबंध थे। बेटी प्रिया ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था और राज खोलने की धमकी दी थी। इसी वजह से दोनों बच्चों को कुएं में फेंककर मार डाला गया। ट्रायल कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए 16 जुलाई 2016 के आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी जिसके खिलाफ दोनों ने 2016 में ही हाई कोर्ट में अपील दाखिल की थी। उक्त अपील पर दस साल फैसला सुनाते हुए हाई कोर्ट ने साक्ष्यों की समीक्षा के बाद कहा कि अभियोजन घटनाओं की पूरी और अखंड श्रृंखला साबित करने में विफल रहा। पीठ ने कहा कि कथित अतिरिक्त न्यायिक स्वीकारोक्ति एफआईआर में दर्ज नहीं थी और बाद में गवाहों के बयान में कहानी बदली गई। गवाहों के बयानों में गंभीर विरोधाभास भी पाए गए। कोर्ट ने यह भी कहा कि मेडिकल साक्ष्य से यह निर्णायक रूप से साबित नहीं होता कि बच्चों की हत्या की गई थी। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर ने जिरह में स्वीकार किया कि बच्चों के कुएं में गिरकर डूबने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। पीठ ने एफआईआर दर्ज करने में तीन दिन की देरी को भी महत्वपूर्ण माना।

पीठ ने कहा कि घटना की जानकारी पुलिस को उसी दिन मिल गई थी, फिर भी हत्या का मुकदमा बाद में दर्ज किया गया, जिससे अभियोजन की कहानी पर संदेह पैदा होता है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 106 का उपयोग अभियोजन की कमजोरियों को दूर करने के लिए नहीं किया जा सकता। अभियोजन को पहले आरोप संदेह से परे साबित करना आवश्यक है। इन्हीं टिप्पणियों के साथ हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट का फैसला निरस्त करते हुए दोनों आरोपियों को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया।

## लंबित मुकदमों पर शस्त्र लाइसेंस रद्द नहीं किया जा सकता : हाईकोर्ट

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि केवल आपराधिक मुकदमों के लंबित होने के आधार पर किसी व्यक्ति का शस्त्र लाइसेंस निरस्त नहीं किया जा सकता। पीठ ने स्पष्ट किया कि लाइसेंस रद्द करने से पहले सक्षम प्राधिकारी को यह संतुष्टि दर्ज करनी होगी कि हथियार का बने रहना सार्वजनिक शांति या जनसुरक्षा के लिए वास्तविक खतरा है। न्यायमूर्ति इरशाद अली की एकल पीठ ने यह आदेश राजेश कुमार सिंह की याचिका पर पारित किया।

याची ने वर्ष 2003 में उसका डीबीबीएल गन लाइसेंस निरस्त किए जाने तथा वर्ष 2008 में अपील खारिज करने के आदेश को चुनौती दी थी। कोर्ट ने उपरोक्त टिप्पणियों के साथ 22 दिसंबर 2003 और 25 नवंबर 2008 के आदेश निरस्त कर दिए। साथ ही मामले पर विचार के लिए लाइसेंसिंग प्राधिकारी के पास भेजते हुए तीन माह में नया निर्णय लेने का निर्देश दिया। याची ने कहा गया कि उसके खिलाफ दर्ज तीन आपराधिक मामलों के आधार पर लाइसेंस रद्द किया गया था। जबकि एक मामले में वह बरी हो चुका है, दूसरे में पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट लगा दी है और तीसरे मामले में उसे जमानत मिल चुकी है।

# इत्ती सी खुशी शो मेरे दिल के बहुत करीब रहा : सुंबुल तौकीर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री सुंबुल तौकीर ने हाल ही में दिए एक खास इंटरव्यू में अपने शो इत्ती सी खुशी के खत्म होने पर दिल की बात साझा की। इस दौरान सुंबुल ने बताया कि इंडस्ट्री में उनका सफर कैसा रहा, किन अनुभवों ने उन्हें मजबूत बनाया और आगे वह किन नए सपनों को पूरा करना चाहती हैं। इस बातचीत के दौरान उन्होंने अपने को-स्टार्स, रंगभेद जैसे मुद्दों, हॉलीवुड में काम करने की इच्छा और ब्रेक प्लान्स पर भी अपनी राय दी।

**इत्ती सी खुशी अब खत्म हो रहा है, इस पर आप क्या कहना चाहेंगी ?**

यह शो मेरे दिल के बहुत करीब रहा है. इस सफर ने मुझे कई खूबसूरत यादें दी हैं और सेट पर हमने बहुत अच्छा समय बिताया. इस शो के जरिए हमने कई सामाजिक मुद्दों को भी उठाने की कोशिश की, जो मेरे लिए बहुत खास बात रही. बेशक, अगर यह सफर थोड़ा और लंबा चलता तो हम और भी बेहतर कर सकते थे, लेकिन कुछ चीजें हमारे हाथ में नहीं होतीं. फिर भी मैं इस शो से जुड़ी हर याद और दर्शकों के प्यार के लिए दिल से शुक्रगुजार हूं।

**आपने अपने को-स्टार्स के साथ काम करते हुए क्या सीखा और आपका अनुभव कैसा रहा ?**

मेरे सभी को-स्टार्स के साथ काम करने का अनुभव बेहद शानदार रहा। शूटिंग के दौरान कभी अजनबी सा नहीं महसूस हुआ, बल्कि ऐसा लगता था जैसे हम घर पर ही शूट कर रहे हों. माहौल बहुत सहज, आरामदायक और खुशनुमा था, जिससे काम करना और भी आसान हो गया. जहां तक सीखने की बात है, तो मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला. हर कलाकार का सीन की तैयारी करने का अपना अलग तरीका होता है. हमने कई बार साथ में सीन इम्प्रोवाइज भी किए, जो मेरे लिए बहुत खास अनुभव रहा. मेरा मानना है कि अच्छे कलाकारों के साथ काम करने से हमेशा कुछ नया सीखने को मिलता है।

**अब तक का आपका करियर सफर कैसा रहा और क्या आज आप खुद को सफल मानती हैं ?**

अब तक के इस सफर में मैंने बहुत कुछ देखा, सीखा और अनुभव किया है. कई यादें ऐसी हैं जो हमेशा मेरे साथ रहेंगी, जिनमें कुछ बेहद खूबसूरत हैं तो कुछ चुनौतीपूर्ण भी. लेकिन अगर कुल मिलाकर कहूं, तो यह सफर बहुत सुंदर रहा है। मुझे अच्छे प्रोजेक्ट्स मिले, बेहतरीन मौके मिले और सबसे जरूरी लोगों का प्यार मिला. जहां तक सफलता की बात है, तो मैं अभी खुद को पूरी तरह सफल नहीं मानती। मुझे लगता है कि अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना बाकी है. मैं लगातार सीख रही हूं, खुद को बेहतर बना रही हूं और आगे बढ़ने की कोशिश कर रही हूं।

**क्या इंडस्ट्री में आपको कभी रंगभेद का सामना करना पड़ा ?**

हाँ, जब मैं नई थी तब कई बार ऐसा हुआ, उस समय लोग फेयर यानि गोरे बच्चों को ज्यादा पसंद करते थे। मुझे यह बिल्कुल सही नहीं लगा। आज भी छोटे शहरों में ऐसी बातें होती हैं और मैं इसके पूरी तरह खिलाफ हूं. किसी का रंग कभी उसकी पहचान नहीं होना चाहिए।

**आप अपने करियर में किस तरह की फिल्में करना चाहती हैं ?**

मुझे स्पाई एक्शन फिल्में करना बहुत पसंद होगा, इसके अलावा इस समय थ्रिलर जॉनर भी मेरा पसंदीदा है और मैं इन दिनों काफी थ्रिलर फिल्में देख रही हूं। अगर मुझे मौका मिला तो मैं हॉलीवुड फिल्मों में भी काम करना चाहूंगी। यह मेरा एक बड़ा सपना है. जेम्स कैमरून, क्रिस्टोफर नोलन और डेविड फिंचर जैसे शानदार निर्देशकों के साथ काम करना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा होगा।

**एक्टिंग के अलावा आपको और क्या पसंद है ?**

मुझे लिखना बहुत पसंद है. जब मैं इमली शो कर रही थी, उस समय मैं छोटी-छोटी कविताएं लिखा करती थी, लेकिन अब मैं कहानियां लिखती हूं. अब तक मैं दो कहानियां लिख चुकी हूं, जिनमें एक शॉर्ट फिल्म की कहानी है और दूसरी एक ट्रिलॉजी (तीन भागों में बनी कहानी) पर आधारित है। इसके अलावा मुझे सिनेमैटोग्राफी में भी काफी दिलचस्पी है और मैं इसे प्रोफेशनली सीखना चाहती हूं।

**आप अपनी किस खूबी को सबसे खास मानती हैं ?**

मुझे डांस बहुत पसंद है, मैं यह नहीं कहूंगी कि मैं सबसे बेहतरीन डांसर हूं या सबसे अच्छी अभिनेत्री हूं, लेकिन मेरे अंदर हमेशा खुद को बेहतर बनाने की चाह है। मैं हर काम में परफेक्ट होना चाहती हूं और उसी दिशा में आगे बढ़ रही हूं।

**अब आपका आगे का क्या प्लान है ?**

फिलहाल मैं छुट्टियों के मूड में हूं. थोड़ा ब्रेक लेना चाहती हूं, ट्रैवल करना चाहती हूं और नई चीजें एक्सप्लोर करना चाहती हूं, जिंदगी में नए अनुभव लेना चाहती हूं।

**आप सोशल मीडिया पर बहुत कम एक्टिव रहती है इसपर क्या कहना चाहेंगी आप ?**

हाँ, सब लोग शिकायत करते हैं कि मैं सोशल मीडिया पर ज्यादा नजर नहीं आती. लेकिन अब जब मैं ट्रैवल करूंगी तो लोगों को जरूर दिखेगा कि मैं क्या कर रही हूं. मैं अपने फैंस से जुड़ी रहूंगी।

**आप अपने फैंस को क्या मैसेज देना चाहेंगी ?**

अब तक इस पूरे सफर में मुझे इतना प्यार देने के लिए दिल से धन्यवाद। मैं बहुत जल्द वापस आऊंगी और उम्मीद है कि जो भी काम करूंगी, वह आपको पसंद आएगा।

# बालक जैसा त्रिगुणातीत हो जाओ :स्वामी मुक्तिनाथानंद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शुक्रवार के प्रातः कालीन सत प्रसंग में रामकृष्ण मठ लखनऊ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानंद जी ने रामकृष्ण परमहंस के उपदेशों के आधार पर कच्चा मैं और पक्का मैं के अंतर को अत्यंत सरल और प्रभावशाली ढंग से समझाया है। इस विचार का मुख्य उद्देश्य मनुष्य को अहंकार, आसक्ति और तीनों गुणों—सत्त्व, रज और तम—से ऊपर उठाकर ईश्वर के निकट ले जाना है। इस संदर्भ में पाँच वर्ष के बालक के स्वभाव को त्रिगुणातीत अवस्था का आदर्श उदाहरण माना गया है। स्वामी जी ने कहा कि कच्चा मैं वह अवस्था है जिसमें मनुष्य अपने अहंकार, मैं और मेरा के भाव में बंधा रहता है। इसी कारण वह जन्म-मृत्यु, सुख-दुःख और मोह-माया के चक्र में फँसा रहता है। इसके विपरीत पक्का मैं वह अवस्था है जिसमें व्यक्ति स्वयं को भगवान का दास, अंश या सेवक मानता है। हनुमान जी इसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने जीवन में केवल प्रभु श्रीराम की सेवा और भक्ति को ही महत्व दिया। ज्ञानी महापुरुष भी इसी भाव में स्थित रहते हैं। स्वामी जी ने समझाया कि बालक को त्रिगुणातीत इसलिए कहा गया है क्योंकि उसका स्वभाव सत्त्व, रज और तमः तीनों गुणों से परे दिखाई देता है। तमोगुण से ऊपर होने का अर्थ है कि उसके मन में द्वेष, क्रोध और बदले की भावना स्थायी रूप से नहीं रहती। बच्चे आपस में लड़ते हैं, परंतु थोड़ी ही देर बाद फिर से मित्र बन जाते हैं। वे पुराने झगड़ों को मन में नहीं रखते। यह गुण मनुष्य को क्षमा और सरलता की शिक्षा देता है। इसी प्रकार बालक रजोगुण से भी परे होता है। बच्चे किसी खिलौने या खेल में पूरी लगन से लगे रहते हैं, परंतु जैसे ही माँ बुलाती है, वे सब कुछ छोड़कर तुरंत उसके पास चले जाते हैं। उनमें वस्तुओं के प्रति गहरी आसक्ति नहीं होती। यह शिक्षा हमें बताती है कि संसार में कर्म करते हुए भी मनुष्य को वस्तुओं और परिणामों के प्रति अत्यधिक मोह नहीं रखना चाहिए। बालक सत्त्वगुण से भी ऊपर माना गया है क्योंकि उसके मन में ऊँच-नीच, जाति-पाँति या सामाजिक भेदभाव की भावना नहीं होती।

# पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा 30 को, श्रीहरि व चंद्रदेव की होगी पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू धर्म में पूर्णिमा तिथि को बेहद पवित्र और शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा अपनी पूर्ण कलाओं के साथ आकाश में विराजमान रहता है, जिससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विशेष रूप से शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर भगवान विष्णु और चंद्र देव की पूजा-अर्चना करने से सुख-समृद्धि, मानसिक शांति और पुण्य फल की प्राप्ति होती है। जब पूर्णिमा तिथि पुरुषोत्तम मास यानी अधिक मास में पड़ती है, तब इसका धार्मिक महत्व कई गुना बढ़ जाता है। इस दिन व्रत, दान, स्नान और पूजा-पाठ करने से जीवन की बाधाएं दूर होने और मनोकामनाएं पूर्ण होने की मान्यता है। ज्येष्ठ अधिक मास पूर्णिमा तिथि आरंभः 30 मई 2026, शनिवार, प्रातः 11:57 बजे से, ज्येष्ठ अधिक मास पूर्णिमा तिथि समाप्तः31 मई 2026, रविवार, दोपहर 02:14 बजे तक,ऐसे में ज्येष्ठ अधिक पूर्णिमा का व्रत 30 मई 2026, शनिवार के दिन रखा जाएगा। स्नान-दान की अधिक पूर्णिमा 31 मई 2026, रविवार के दिन रहेगी।


**अधिकमास पूर्णिमा पर इस विधि से करें पूजा :**हिंदू मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ अधिक पूर्णिमा के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना अत्यंत शुभ माना जाता है। स्नान के लिए गंगा जल या किसी पवित्र नदी/तीर्थ का जल उपयोग करना श्रेष्ठ माना जाता है। स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण कर मन को शांत रखते हुए पूजा का संकल्प लेना चाहिए। घर या मंदिर में भगवान श्री विष्णु और माता लक्ष्मी की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। पूजा स्थल को गंगाजल से शुद्ध करें और दीपक प्रज्वलित करें। भगवान विष्णु को पीले फूल, तुलसी पत्र, चंदन और पीले वस्त्र अर्पित करना शुभ माना जाता है। माता लक्ष्मी को कमल पुष्प, सुगंधित पुष्प और सफेद/लाल वस्त्र अर्पित करें। इस दिन भगवान लक्ष्मीनारायण का ध्यान करते हुए व्रत का संकल्प लें। व्रत के दौरान अन्न का सेवन नहीं करना चाहिए और केवल फलाहार ग्रहण करना चाहिए। भगवान विष्णु के मंत्रों का जप जैसे ह्लॐ नमो भगवते वासुदेवायह्व करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। श्री हरि के सहस्त्रनाम या विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना भी बहुत शुभ माना जाता है। माता लक्ष्मी की आरती और विष्णु भगवान की आरती विधिवत रूप से करनी चाहिए। पूजा के अंत में परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना करें। संभव हो तो इस दिन दान-पुण्य जैसे अन्न, वस्त्र या धन का दान करना विशेष पुण्यकारी माना जाता है।

**अधिकमास पूर्णिमा पर करें ये उपाय :**ज्येष्ठ अधिक मास की पूर्णिमा पर भगवान विष्णु की विशेष साधना करना शुभ माना जाता है। इसके लिए सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें और भगवान विष्णु का ध्यान करें। केले के वृक्ष और तुलसी माता की विधि-विधान से पूजा करें। तुलसी को जल अर्पित करें और दीपक जलाकर उसकी परिक्रमा करें। भगवान विष्णु को पीले फूल, पीले वस्त्र और तुलसी पत्र अर्पित करें। इससे शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस दिन जरूरतमंद लोगों को अन्न, वस्त्र या धन का दान करें। दान करते समय मन में विनम्रता और श्रद्धा रखें। पीपल, वट, गूलर, केला, तुलसी, अशोक और बेल जैसे पवित्र पौधों का रोपण करें। पौधा लगाते समय ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें। भगवान विष्णु का ध्यान करते हुए ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का कम से कम 108 बार जप करें। पूजा के अंत में भगवान से सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना करें और आरती अवश्य करें।

**ज्येष्ठ अधिक मास पूर्णिमा का महत्व :**हिंदू मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ अधिक मास की पूर्णिमा तिथि अत्यंत शुभ और पुण्यदायी मानी जाती है। इस दिन भगवान श्री लक्ष्मीनारायण और चंद्र देव की पूजा का विशेष महत्व होता है। जब पूर्णिमा तिथि अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) में पड़ती है, तो इसका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है और यह साधक के लिए अत्यधिक फलदायी मानी जाती है। इस पावन अवसर पर पवित्र जल तीर्थ में स्नान, दान और विधि-विधान से भगवान विष्णु की आराधना करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि इस दिन व्रत, पूजा और दान करने से जीवन में सुख-समृद्धि, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा पूरे वर्ष भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

# पापों का नाश करने वाला गंगा दशहरा 25 को

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सनातन धर्म में मां गंगा को अत्यंत पवित्र और पुण्यदायिनी माना गया है। गंगाजल का धार्मिक कार्यों में विशेष महत्व होता है और किसी भी पूजा-पाठ में शुद्धिकरण के लिए इसका उपयोग अनिवार्य माना जाता है। मान्यता है कि गंगा में स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है, इसलिए उन्हें पतितपावनी भी कहा जाता है। इस बार गंगा दशहरा 25 मई को है। पौराणिक कथाओं के अनुसार मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को हुआ था, जिसे गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गंगा स्नान, दान और पूजा का विशेष महत्व होता है। गंगा दशहरा 2026 में दशमी तिथि 25 मई 2026 को सुबह 4:30 बजे शुरू होगी और 26 मई 2026 को सुबह 5:10 बजे समाप्त होगी। इस दौरान हस्त नक्षत्र का प्रभाव 26 मई 2026 सुबह 4:08 बजे से शुरू होकर 27 मई 2026 सुबह 5:56 बजे तक रहेगा। वहीं व्यतीपात योग 27 मई 2026 सुबह 3:11 बजे से शुरू होकर 28 मई 2026 सुबह 3:25 बजे तक रहेगा।

**पूजा के लिए विशेष शुभ समयः** इस दिन पूजा-पाठ के लिए ब्रह्म मुहूर्त सबसे उत्तम माना गया है, जो सुबह 4:40 बजे से 5:23 बजे तक रहेगा। इसके बाद सूर्योदय सुबह 6:06 बजे होगा। वहीं अभिजित मुहूर्त दोपहर 12:17 बजे से 1:10 बजे तक रहेगा, जिसे शुभ कार्यों और पूजा के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है।

**राजा सगर के पुत्रों का अंत :**पौराणिक कथा के अनुसार, राजा सगर के साठ हजार पुत्रों ने महर्षि कपिल मुनि का अपमान कर दिया था। इससे क्रोधित होकर मुनि ने उन्हें अपनी तपस्या की अग्नि से भस्म कर दिया। इस कारण सभी पुत्र असामयिक मृत्यु को प्राप्त हुए और बिना अंतिम संस्कार के उनकी आत्माएं मोक्ष के बिना भटकने लगीं।

**भगीरथ का संकल्पः** राजा सगर के वंश में बाद में भगीरथ का जन्म हुआ। जब उन्हें अपने पूर्वजों की दुर्दशा का पता चला, तो उन्होंने संकल्प लिया कि वे स्वर्ग से मां गंगा को पृथ्वी पर लाकर अपने पूर्वजों का उद्धार करेंगे। उन्होंने कठोर तपस्या की और भगवान ब्रह्मा को प्रसन्न किया।

**मां गंगा का धरती पर आगमनः** भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने गंगा को पृथ्वी पर भेजने का वरदान दिया। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुईं। जब उनकी पवित्र धारा राजा सगर के पुत्रों की अस्थियों से टकराई, तो सभी आत्माओं को मोक्ष प्राप्त हुआ। इसी दिव्य घटना की स्मृति में गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है और माना जाता है कि इस दिन गंगा स्नान से सभी पापों का नाश होता है।

# भातखण्डे से संबद्ध हुआ कला कुंज, विभिन्न कोर्स होंगे संचालित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा कला एवं संस्कृति के संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कला कुंज, 2/170, विवेक खण्ड-2, गोमती नगर, लखनऊ गायन वादन एवं नृत्य के विभिन्न विषयों में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण एवं अध्ययन संचालित करने हेतु अस्थाई मान्यता प्रदान की गई है।

यह मान्यता विश्वविद्यालय के निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप प्रदान की गई है, जो शैक्षणिक सत्र 2026- 2027 से सत्र 2029-2030 तक प्रभावी रहेगी। इस मान्यता से संस्थान में संगीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक विधाओं के व्यवस्थित शिक्षण-प्रशिक्षण को बढ़ावा मिलेगा। निदेशक अर्चा अग्रवाल के नेतृत्व में संचालित कला कुंज को निम्नलिखित पाठ्यक्रमों एवं विषयों के संचालन की अनुमति प्रदान की गई है द्विवर्षीय डिप्लोमा, गायन-प्रवेशिका एवं परिचय–शास्त्रीय गायन, स्वरवाद्य-प्रवेशिका एवं परिचय–सितार, गिटार, वायलिन एवं बाँसुरी, तालवाद्य-प्रवेशिका एवं परिचय–तबला, नृत्य-प्रवेशिका एवं परिचय–कथक, भरतनाट्यम। विशिष्ट कार्यक्रम के अंतर्गत 1 वर्षीय डिप्लोमा- ढ़ोलक, लोक संगीत, 2 वर्षीय डिप्लोमा-- सुगम संगीत, 6 माह सर्टीफिकेट कोर्स-- की-बोर्ड, गिटार-स्पेनिश। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण कला शिक्षा का व्यापक प्रसार करना तथा अधिकाधिक विद्यार्थियों को भारतीय संगीत एवं सांस्कृतिक विधाओं के अध्ययन से जोड़ना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कला एवं संस्कृति को शिक्षा की मूल धारा से जोड़कर विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना विकसित की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कला कुंज जैसे संस्थान न केवल कला शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देंगे, बल्कि समाज को विश्वविद्यालयीन शिक्षा व समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ शास्त्रीय संगीत, नृत्य एवं प्रदर्शन कलाओं के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित राज्य विश्वविद्यालय है, जो संस्कृति व कला-विषय के डिग्री डिप्लोमा में उच्च शिक्षा एवं शोध कार्यक्रम संचालित करता है।

# परिवर्तन चौक पर किया प्रसाद का वितरण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** श्री दुर्गा जी मंदिर एवं धर्म जागरण सेवा समिति के तत्वावधान मे जल सेवा स्थल परिवर्तन चौक मे आज शुक्रवार को विशेष प्रसाद देशी घी का हलवा एवं चने का वितरण किया गया।

कार्यक्रम का आरम्भ अजय गोयल द्वारा किया गया। तीन माह तक यह सेवा जारी रहेगी। मंदिर समिति के प्रमुख पवन अग्रवाल, ताराचंद अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, प्रदीप शुक्ल, राजेंद्र गोयल, विनोद अस्थाना, राम नरेश मिश्र, आदि उपस्थित रहे।

## कार्यालय - सहकारी गन्ना विकास समिति लि. महोली

Email-maholisamiti37@gmail.com

पत्रांक 79/सी | दिनांक 18.05.2026

**-: नीलामी सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गन्ना समिति महोली जनपद सीतापुर के परिसर में एक नीम के पेड़ की नीलामी की जानी है। नीलामी उच्चतम बोली बोलने वाले को दी जायेगी। प्रत्येक बोली बोलने वाला व्यक्ति सिर्फ स्वयं के लिए ही बोली लगा सकेगा। क्रेता किसी भी समय कार्यालय मे आकर पेड़ को देख सकते है। बोली के अन्तिम होते ही अन्तिम मूल्य का 25 प्रतिशत धनराशि तत्काल नकद जमा करा लिया जायेगा। निर्धारित धनराशि जमा न करने पर बोली तत्काल निरस्त कर दी जायेगी तथा अगली उच्चतम बोली लगाने वाले को पेड़ बेच दिया जायेगा। बोली की सम्पूर्ण धनराशि के भुगतान के बाद आवश्यक अनुमति के पश्चात तत्काल पेड़ का पातन कर ले जाना आवश्यक होगा। किसी भी समय बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष नीलामी कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा। न्यूनतम बोली वन विभाग द्वारा निर्धारित मूल्यांकन से नीचे नही लगाई जा सकेगी। प्रत्येक बोली दाता को 100.00 रू. का आवेदन शुल्क जमा करना होगा जोकि वापसी योग्य नही होगा तभी नीलामी मे भाग ले सकेगे। नीलामी की कार्यवाही कार्यालय गन्ना समिति मे दिनांक 23.05.2026 दिन शनिवार को प्रातः 11.00 बजे सम्पन्न की जायेगी। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय समय मे कार्यालय लेखाकार से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**(आनन्द प्रकाश दूबे)**
**सदस्य**
**नीलामी कमेटी/सचिव**
**सहकारी गन्ना विकास समिति लि.**
**महोली - सीतापुर**

**(डा. सुनीलकुमार कनौजिया)**
**अध्यक्ष**
**नीलामी कमेटी /**
**ज्येष्ठ गन्ना विकस निरीक्षक**
**महोली - सीतापुर**

# लखनऊ की अदिति शर्मा का गाना 'इश्क जालिम है' रिलीज

**लखनऊ।** अदिति शर्मा और हम्द खान की जोड़ी ने अपने नए वीडियो एल्बम 'इश्क जालिम है' का आगाज किया है। बॉलीवुड सिगर अंसारी मोहसिन के गाए गए गाने और लिखे गए इस वीडियो एल्बम को खूब प्यार मिल रहा है। ये वीनस ओरिजिनल्स यूट्यूब पर रिलीज हो गया है। इस वीडियो एल्बम में पहली बार एक्ट्रेस अदिति शर्मा और एक्टर हम्द खान लीड रोल में हैं। वीडियो में अदिति शर्मा और हम्द खान की जोड़ी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया है। अंसारी मोहसिन के गाए गए गाने 'इश्क जालिम है' ने पहले ही लोगों का दिल जीत लिया है और इस पर व्यूज की बारिश हो रही है। 100 वीडियो एल्बम का निर्देशन कर चुकीं डायरेक्टर रिदम सनाढ्य ने इसका भी निर्देशन किया है, जिन्होंने अपने काम से इस वीडियो एल्बम को और भी खास बना दिया है। रिदम सनाढ्य ने बताया की अदिति बहुत ही मंझी हुई कलाकार हैं, उनके साथ शूट करना काफी आसान रहा, उन्होंने इमोशनल सीन में जान डाल दी, और किरदार को बखूबी निभाया, एक्टर हम्द भी काफी मेहनती कलाकार हैं। सोशल मीडिया पर भी फैंस जमकर वीडियो पर रिएक्ट कर रहे हैं, जहां लोगों ने वीडियो को शेयर करते हुए इसकी तुलना विक्की कौशन के गाने 'पछताओगे' से की है। इस तरह कंटेंट का वायरल होना दिखाता है कि थोड़े वक्त में ही गाना कितना छा गया है। इसे अब तक साढ़े चार हजार से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। फिल्म एक्ट्रेस अदिति शर्मा ने बताया कि 'मैं लखनऊ, उत्तर प्रदेश की रहने वाली भारतीय एक्ट्रेस होने के साथ साथ मैं कई फिल्मों में अभिनय कर चुकी हूं जैसे मौसम, इक्कीस तोपों की सलामी, लेडिज वेर्सेज रिकी बहल, अंग्रेज, जोगिन्द्र सिंह, सूबेदार जैसी फिल्मों में काम किया है। मेरी अपने करियर की शुरूआत हिंदी फिल्म खन्ना वर्सेज अय्यर से की, इसके बाद मैं तेलुगू फिल्मों में भी काम कर रही हूं। इश्क जालिम है वीडियो एल्बम में डांस करके बहुत मजा। आया आप लोग मेरा वीडियो जरूर देखे और अपना प्यार दे।

# बच्चों ने रंगों और कृष्ण लीलाओं के माध्यम से दिया आध्यात्मिक संदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मंदिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु के निर्देशन एवं उनकी धर्मपत्नी अचिंत्य रूपिणी माता के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय कृष्णा भावनामृत संघ, लखनऊ द्वारा आयोजित किड्स समर कैंप का पंचवां दिवस भी श्री श्री राधारमण बिहारी भगवान के मंगल दर्शन से प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात बच्चों को राधा-कृष्ण प्रणाम मंत्र सिखाया गया तथा भक्ति और संस्कारों का महत्व बताया गया। आज के विशेष आकर्षण के रूप में 5 से 10 वर्ष तक के बच्चों के लिए रंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें बच्चों ने गोवर्धन लीला के चित्रों में सुंदर रंग भरकर अपनी रचनात्मकता दिखाई। वहीं 11 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए कृष्ण लीला लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी, जिसमें बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं को सुंदर शब्दों में प्रस्तुत किया। सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कैंप का वातावरण पूरे दिन भक्ति, उत्साह और आनंद से परिपूर्ण रहा। अंत में बच्चों को दिव्य प्रसाद के रूप में फ्राइड राइस, मंचूरियन एवं जूस वितरित किया गया, जिसका सभी ने आनंद लिया।

संक्षेप

## रंजिश के चलते हमला किया

जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र के सरोज बडेवर निवासी अभिषेक कुमार पर पुरानी रंजिश के चलते हमला किया गया है। यह घटना गुरुवार रात को हुई, जब अभिषेक बाजार से अपने घर लौट रहे थे। अभिषेक का आरोप है कि गांव के निखिल कुमार और पांच अज्ञात लोगों ने घात लगाकर उन पर हमला किया। हमलावरों ने उन्हें बेरहमी से पीटा, जिससे उन्हें अंदरूनी और गंभीर चोटें आईं। मारपीट के दौरान अभिषेक अपनी बाइक से गिर गए। पीड़ित अभिषेक कुमार ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है।

## अहंकार जीवन का सबसे घातक शत्रु

जौनपुर। शीतला चैकिया धाम में आयोजित श्री राम कथा महोत्सव के पांचवें दिन मानस कोविद डॉ. मदन मोहन मिश्र ने अहंकार को जीवन का सबसे घातक शत्रु बताया। उन्होंने कहा कि काम को ब्रह्मचर्य से, लोभ को दान से और क्रोध को शांति से जीता जा सकता है, लेकिन प्रभु के अहंकार नहीं हैष्का अहंकार सबसे खतरनाक होता है। कथा के दौरान डॉ. मिश्र ने नारद मोह प्रसंग का उदाहरण देते हुए कहा कि व्यक्ति के पतन का सबसे बड़ा कारण अहंकार होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि जीवन में किसी भी उपलब्धि पर अहंकार नहीं करना चाहिए, बल्कि उसे ईश्वर की कृपा मानना चाहिए। डॉ. मिश्र ने मनु-शतरूपा प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि पति-पत्नी के बीच सामंजस्य और सद्भाव हो तो उनके घर में ध्रुव जैसे भक्त और कपिल जैसे भगवान जन्म लेते हैं। उन्होंने बताया कि राजा मनु ने सांसारिक सुख-सुविधाओं की जगह स्वयं भगवान को पुत्र रूप में पाने की कामना की थी।

## नहर में डूबने से किशोर की हुई मौत

मीरजापुर। जिले के हलिया थाना क्षेत्र के सिकटा गांव के सुखड़ा नहर में शुक्रवार की दोपहर स्नान करने के दौरान नहर की झाल गिर कर किशोर की पानी में डूबने से मौत हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने नहर को बंद कराकर तलाश करने में जुट गए दो घंटे बाद नहर का पानी कम होने पर करीब दस मीटर दूर नहर में शव मिला। मौके पर मौजूद हलिया पुलिस ने कार्रवाई में जुट गई। हलिया थाना क्षेत्र के सिकटा कहरान बस्ती निवासी पंचराज का 16 वर्षीय पुत्र विनीत अपने एक भाई व अन्य के साथ सुखड़ा नहर के झाल पर स्नान करते समय अचानक पैर फिसलने पर नहर में डूब गया भाई की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। एसआई श्याम लाल की सूचना पर नहर को बंद कराया। नहर में पानी कम होने पर ग्रामीणों ने किशोर के शव की तलाश करते हुए घटना स्थल से करीब दस मीटर दूर नहर में बरामद किया है। मृतक अवस्था में देख कर परिजनों में कोहराम मच गया पुलिस ने कार्रवाई में जुट गई किशोर बाहर रहकर परिवार का जीविकोपार्जन करता था। पांच भाइयो में सबसे बड़ा था। मृतक की माता रतना रो-रो कर बेहोश हो जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की सुखड़ा नहर में स्नान करते समय किशोर की नहर मे डूबने से मौत हो गयी है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पर्व के दौरान सभी व्यवस्थाएं पूरी करें: डीएम

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 28 जून को ईद-उल-अजहा पर्व मनाए जाने के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा, साफ-सफाई, विद्युत, जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने नगर निकायों में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने और वेस्टेज का उचित निस्तारण करने, विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग के द्वारा सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। किसी भी प्रकार को समस्या होने पर तुरंत स्थानीय थाने और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें। मुख्य विकास अधिकारी अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) मुख्य राजस्व अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट, पुलिस विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गर्मी में भी जनगणना अभियान को सफल बनाने में जुटे शिक्षक



जिला संवाददाता(vol)

बीजपुर/सोनभद्र। क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप चरम पर है आसमान से आग के शोले बरस रहे है बावजूद म्योरपुर खण्ड शिक्षा क्षेत्र के विभिन्न न्याय पंचायतों के शिक्षक शुक्रवार से घर-घर पहुंच कर लोगो की डिजिटल तरीके से जानकारी जुटा कर जनगणना महा अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए है। भारत सरकार द्वारा 22 मई से देशव्यापी जनगणना अभियान की शुरूआत कर दी गई है। मनु वर्मा, घासी राम, महेंद्र कुमार सिंह, राम अशोक देव नारायण गुप्ता, वजीफ शेख, अंगद राजभर, धनंजय शर्मा समेत अनेकों शिक्षावीर जनगणना अभियान को पूरा करने में अपनी अहम जिम्मेदारी निभा रहे है।

यह जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है, क्योंकि पहली बार पूरे देश में डिजिटल तकनीक और मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा एकत्र किया जाएगा। सरकार के अनुसार इस अभियान में करोड़ों परिवारों की जानकारी दर्ज की जाएगी, जिससे भविष्य में शिक्षा, रोजगार, सड़क, बिजली, पानी और अन्य सरकारी योजनाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस बार जनगणना में लोगों को ऑनलाइन की सुविधा भी दी गई है, जिससे नागरिक स्वयं भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। देशभर में लाखों कर्मचारी और अधिकारी इस अभियान में लगाए गए हैं।

## हर घर पहुंच टीम कर रही जनगणना



शाहगंज, सोनभद्र। जनगणना का महाअभियान शुक्रवार से प्रारम्भ हो गया है। गणनाकर्मी हर घर पहुॅच कर लोगों से आवश्यक जानकारी जुटा रहे है। परिवार, मकान, सुविधाओं, राजमर्रा से जुड़ी सुविधाओं सहित कुल 33 सवाल लोगों से पूछ रहे है।

घोरावल ब्लाक के ग्राम पंचायत ढुटेर में शुक्रवार को गणनाकर्मी राजकुमार, खड़गवीर सिंह, मनोज कुमार सिंह व रिजवान अहमद ने हर घर की दस्त देकर भवन संख्या, मकान की स्थिति, कमरों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, पेयजल, जल निकासी, बिजली, शौचालय, रसोई गैस, खाना बनाने का ईधर, मोबाइल, स्मार्टफोन, इंटरनेट, टेलीविजन, क्म्प्यूटर, वाहन तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी घर वालों से लिये। जिन लोगों ने पहले ही स्वगणना पूरी कर ली है। वे गणनाकर्मी को अपना एसई नम्बर दिखा रहे है।

गणनाकर्मियों ने बतायाकि यह महा अभियान आगमी 20 जून तक अनवरत चलता रहेगा। इसमें सभी सहयोग की अपेक्षा की है।

## गौशालाओं के गोबर से तैयार हो रही वर्मी कंपोस्ट



मीरजापुर। प्रदेश की योगी सरकार ने जिले के 49 गोवंश आश्रय स्थलों में हजारों की संख्या में गोवंश को संरक्षित किया। अब यही गोवंश आश्रय स्थल आमदनी का जरिया भी बनने लगे हैं।

जिले के प्रत्येक विकासखंड में एक गोवंश आश्रय स्थल का चयन किया गया है, जहां पर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा वर्मी कंपोस्ट तैयार की जा रही है। इससे जैविक खेती को जहां बढ़ावा मिलेगा, वहीं महिलाएं भी आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगीं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उपायुक्त (स्वतः रोजगार) रमाशंकर सिंह ने बताया कि जिले के 12 विकासखंडों में एक-एक गौशाला का चयन वर्मी कंपोस्ट तैयार करने के लिए किया गया था। जहां पर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा गौशालाओं से एकत्र किए गए गोबर को एक बड़े से गड्ढे डालकर सुबह-शाम पानी से सिंचित किया जाता है। इसके बाद इसमें केंचुआ डालकर प्राकृतिक खाद तैयार की जाती है। बताया कि वर्मी कंपोस्ट को तैयार होने में 45 से 60 दिन लगते हैं। मार्च माह से शुरू की गईं वर्मी कंपोस्ट यूनिटों से अभी तक 5751 किलो वर्मी कंपोस्ट तैयार की जा चुकी है। वर्मी कंपोस्ट यूनिटों में तैयार वर्मी कंपोस्ट को किसान सीधे भी खरीद सकते हैं। इसके अलावा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इसे वन विभाग, उद्यान विभाग व एफपीओ को 10 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बेचती हैं। अभी तक गौशालाओं के गोबर से तैयार वर्मी कंपोस्ट बेचकर महिलाओं को 35888 रुपए की आमदनी हो चुकी है। बताया कि अभी तक सबसे ज्यादा छानबे विकासखंड के अंतर्गत विजयपुर में संचालित वर्मी कंपोस्ट यूनिट में 3100 किलो वर्मी कंपोस्ट तैयार की जा चुकी है। गौरतलब है कि, वर्मी कंपोस्ट मिट्टी की उर्वरता को कई गुना बढ़ाती है और जैविक खेती के लिए एक बेहतरीन विकल्प है।

## बिजली दुर्व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



जौनपुर। जिले में चरमराई हुई बिजली व्यवस्था के विरोध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद सिंह एवं शहर अध्यक्ष आरिफ खान के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं और आम नागरिकों ने जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। शहर के विभिन्न इलाकों में पिछले पाँच दिनों से लगातार हो रही बिजली कटौती से आक्रोशित जनता सड़कों पर उतर आई और प्रशासन के खिलाफ तीखी नारेबाजी की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा हम यहाँ मजबूरी में नहीं, बल्कि जनता की आवाज बनकर खड़े हैं। जनता पाँच दिनों से अंधेरे में जीने को मजबूर है। भीषण गर्मी में बच्चे, बुजुर्ग और मरीज त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन गहरी नींद में है। यह सिर्फ बिजली की समस्या नहीं, बल्कि प्रशासन की घोर लापरवाही का उदाहरण है। जब जनता समय से बिल जमा करती है, तो उसे सुविधाएं क्यों नहीं मिलतीं? यदि पाँच घंटे के भीतर व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी बड़ा जनआंदोलन छेड़ेगी। शहर अध्यक्ष ने कहा जनता के साथ हो रहा अन्याय अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाँच दिनों से बिजली गुल है, लोग पानी के लिए तरस रहे हैं, कारोबार ठप हो चुका है, लेकिन प्रशासन के पास कोई जवाब नहीं है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि जनप्रतिनिधियों की भी सुनवाई नहीं हो रही। पाँच घंटे के भीतर हालात नहीं सुधरे, तो यह आंदोलन और उग्र होगा और हर गली-मोहल्ले में जनता के साथ मिलकर संघर्ष किया जाएगा। सभासद सहनवाज मंजूर, सत्यवीर सिंह, देवराज पांडेय, राजकुमार निषाद, जैद सिद्दीकी, नसरीन, मुन्ना, मसूद अहमद, अजीज खान, शाहिना बेगम, परवीन, सहित सैकड़ो महिलाये और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्कूल में युवक का शव मिलने से सनसनी

जौनपुर। बरसठी थाना क्षेत्र के हरद्वारी जूनियर हाईस्कूल परिसर में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक 20 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी होते ही इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह स्कूल परिसर में युवक का शव देख लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की। युवक की पहचान और घटना के कारणों को लेकर जांच जारी है।

## स्वर्णकार समाज ने प्रदर्शन कर विरोध जताया



जौनपुर। प्रधानमंत्री के बयान के विरोध में सोनार नरहरी सेना के नेतृत्व में हनुमान घाट पर धरना प्रदर्शन हुआ, जिसमें सोनार समाज, स्वर्णकार कारीगर, सरार्फा व्यापारी एवं संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा जारी बयान के खिलाफ गहरा विरोध दर्ज कराया गया तथा सोनार कारीगरों एवं व्यापारियों को हो रही समस्याओं और असुविधाओं को प्रमुखता से उठाया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि सोनार समाज देश की अर्थव्यवस्था एवं व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन लगातार उपेक्षा एवं गलत बयानों के कारण समाज आहत है। उन्होंने कहा कि स्वर्णकार कारीगरों एवं छोटे व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए। धरना प्रदर्शन के उपरांत राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया, जिसमें प्रधानमंत्री जी के बयान पर पुनर्विचार करने, सोनार समाज के सम्मान की रक्षा करने तथा कारीगरों एवं व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की गई।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर ठगी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़। जनपद के थाना रानी की सराय पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर ठगी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दिलौरी खेल मैदान के पास से आरोपियों को दबोचते हुए उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व एवं थानाध्यक्ष रानी की सराय के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

मामले में 20 मई 2026 को थाना रानी की सराय में प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि अभियुक्त नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों से ठगी कर रहे थे। इस संबंध में मु0अ0सं0 123/2026 के तहत धारा 3(5), 319(2), 318(4), 336(4), 340(2), 61(2), 351(3) एवं 352 बीएनएस में विद्यासागर, राहुल कुमार, वीरेन्द्र यादव, राकेश यादव, प्रदीप यादव एवं मुन्ना शर्मा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया।

गुरुवार को व0उ0नि0 सुशील कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि मामले से जुड़े राहुल कुमार, राकेश यादव और प्रदीप यादव दिलौरी खेल मैदान के पास मौजूद हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों आरोपियों को सुबह करीब 10:10 बजे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राहुल कुमार निवासी कोईलारी खुर्द थाना रानी की सराय, राकेश यादव निवासी अमौड़ा मुहिउद्दीनपुर थाना गंभीरपुर तथा प्रदीप यादव निवासी कोईलारी खुर्द थाना रानी की सराय के रूप में हुई है। पूछताछ में तीनों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय भेजा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में व0उ0नि0 सुशील कुमार, हे0का0 धनंजय राय एवं हे0का0 दिनेश यादव शामिल रहे।

## जनपद में मकान सूचीकरण व गणना कार्य प्रारम्भ



जिला संवाददाता

सोनभद्र। जनपद में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य का शुभारम्भ आज प्रगणकों द्वारा जिलाधिकारी आवास से किया गया। इस दौरान प्रगणकों ने जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ के आवास पर पहुंचकर मकान सूचीकरण एवं गणना संबंधी कार्य संपादित किया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए 16 चार्ज अधिकारी नामित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 3618 प्रगणकों एवं 608 सुपरवाइजरों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि मकान सूचीकरण (एचएलओ) कार्य हेतु 3655 कर्मियों को सर्वे में लगाया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रगणक घर-घर जाकर निर्धारित प्रारूप के अनुसार 34 प्रकार के प्रश्न पूछेंगे, जिनका उत्तर संबंधित मकान मालिक अथवा परिवार के सदस्य को देना होगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों को केवल निर्धारित 34 प्रश्नों का ही उत्तर देना है, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की जानकारी साझा करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सर्वे कार्य में सहयोग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सर्वे हेतु आने वाले प्रत्येक प्रगणक के पास उसका वैध परिचय पत्र अवश्य हो। यह अभियान शासन की महत्वपूर्ण जनगणना प्रक्रिया का हिस्सा है, जिससे जनहित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के दौरान प्रगणक परिवार एवं भवन से संबंधित 34 प्रकार की निर्धारित जानकारियां प्राप्त करेंगे।

इनमें मुख्य रूप से मकान का उपयोग, भवन की स्थिति, निर्माण सामग्री, कमरों की संख्या, पेयजल स्रोत, शौचालय की उपलब्धता, बिजली कनेक्शन, रसोई ईंधन, परिवार के सदस्यों की संख्या, मोबाइल, इंटरनेट सुविधा, वाहन, बैंकिंग सुविधा तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े प्रश्न शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि प्रगणक केवल शासन द्वारा निर्धारित 34 प्रश्न ही पूछेंगे। आमजन को केवल उन्हीं प्रश्नों का उत्तर देना है तथा किसी अन्य प्रकार की व्यक्तिगत अथवा अनावश्यक जानकारी साझा करने की आवश्यकता नहीं है।

## वकीलों ने की भाजपा जिलाध्यक्ष की शिकायत



जौनपुर। भाजपा के मंडल अध्यक्षों के चयन को लेकर विवाद गहरा गया है। यह मामला अब गाली-गलौज और धमकी देने के आरोपों तक पहुंच गया है। शुक्रवार को प्रजापति समाज के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार प्रजापति के नेतृत्व में दर्जनों अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह और जिलाधिकारी सैमुअल पाल से शिकायत की। अधिवक्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। सुरेंद्र कुमार प्रजापति ने बताया कि कुछ दिन पहले भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की गई थी। उन्होंने इस सूची पर आपत्ति व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया था। प्रजापति के मुताबिक, इसी आपत्ति के संबंध में भाजपा जौनपुर के जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने उन्हें फोन किया और कथित तौर पर अपशब्दों का प्रयोग किया। सुरेंद्र प्रजापति ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक से मिलकर प्राथमिकी दर्ज करने और न्याय दिलाने की मांग की है। इस मामले पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने अपनी सफाई पेश की। उन्होंने कहा कि समाज के नाम पर ठेकेदारी करने वाले कुछ लोग कई वर्षों से उन्हें बदनाम करने के लिए अनर्गल बातें लिख रहे थे। इसी संदर्भ में उन्होंने सुरेंद्र प्रजापति को फोन किया था। स्वीकार किया कि गुस्से में उनके मुंह से कुछ अपशब्द निकल गए थे।

## मंहगाई को लेकर सपा ने किया हल्लाबोल प्रदर्शन

मीरजापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा बढ़ती मंहगाई, बिजली पानी गैस हैण्डपम्प की मरम्मत एवं सूखे तालाबो को भरने एवं आम जनता की समस्याओ को लेकर कलेक्ट्रेट में सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में जोरदार धरना व प्रदर्शन कर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित पांच सूत्रीय मॉग पत्र सौपा गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि बेलगाम मंहगाई, बिजली दरो में वृद्धि, कामर्शिल गैस के बढ़ते दाम, पेट्रोल डीजल की मंहगाई, दूध एवं सब्जियो के दाम आसमान छू रहे है। बढ़ी कीमतो पर तत्काल रोक लगाने की मॉग प्रमुखता से उठाई। इस विशाल जन प्रदर्शन में घड़ा, गैस सिलेण्डर एवं घरेलू उपयोग वस्तुओ के साथ प्रदर्शन किया गया। कार्यकताओं ने पेपर लीक के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालो में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, रोहित शुक्ला, रविन्द्र बहादुर सिंह, सुरेन्द्र सिंह पटेल, मुन्नी यादव, सोकिम अहमद, हरिशंकर यादव, जुम्मन खान, सियाराम जैसल, रविन्द्र कोल, पतालू यादव, पिन्टू यादव, रविन्द्र यादव, नागेन्द्र तिवारी, उपेन्द्र तिवारी, अशोक यादव, राजकमल कसेरा, विजय यादव, अनिल सोनकर, छविनाथ विश्वकर्मा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

## रातभर बिजली कटौती से उपभोक्ता बेहाल

लालगंज, मीरजापुर। विद्युत उपकेंद्र लालगंज ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। दिन के साथ-साथ रात में भी अघोषित कटौती जारी रहने से लोगों की नींद हराम हो गई है। गर्मी और उमस के बीच छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के तुलसी, नदनी, बस्तरा, लालापुर, बरडीहा, रजी, कटाई, निनवार, घराघनपुर, पतुलकी, मिश्रपुर, बसेरा, सेमरा प्रताप, कटवाल, पतार कला, खरिहट, खैरा, रामपुर कामता, कोमल, रानीबारी, तिखोर और नेवढ़िया समेत दर्जनों गांवों के उपभोक्ताओं ने बताया कि शाम ढलते ही बिजली की आंख-मिचौली शुरू हो जाती है। देर रात 11 बजे तक कटौती के बाद भी आपूर्ति सामान्य नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में बार-बार बिजली आने-जाने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं उमस भरी गर्मी में लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। उपभोक्ताओं ने नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। इस संबंध में अवर अभियंता अभिषेक मौर्य ने बताया कि विद्युत आपूर्ति रोस्टर के अनुसार दी जा रही है।

## लाठी-डंडों से हमला करने से मची अफरा तफरी



जौनपुर। बदलापुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भालुवाही कस्बे के पास दो पक्षों के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दोनों पक्षों के लोग सड़क पर लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किसी बात को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। सड़क पर खुलेआम हुई मारपीट से राहगीरों और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बताया जा रहा है कि पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच में जुटी हुई है तथा मारपीट में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पिकअप वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

आजमगढ़। जनपद के निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहा-निजामाबाद मार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया। जानकारी के अनुसार, गंभीरपुर थाना क्षेत्र निवासी बंकेश मिश्र पुत्र सुरेश मिश्र अपनी मोटरसाइकिल से फरिहा चौक से निजामाबाद की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान फरिहा-निजामाबाद रोड पर तेज गति से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बंकेश मिश्र गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही फरिहा चौकी प्रभारी चित्रांशु मिश्र अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक बंकेश मिश्र, गंभीरपुर क्षेत्र के पत्रकार अशोक मिश्र के चचेरे भाई थे। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए। वहीं पुलिस ने दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर फरिहा चौकी पर खड़ा करा दिया है। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फरिहा-निजामाबाद मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज में फन डे का आयोजन

आजमगढ़। प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस टैंक आजमगढ़ द्वारा 21 मई को फन डे का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विद्यालय की संरक्षिका सरस्वती वर्मा, सर्वोदय ग्रुप आफ एजुकेशन के प्रबंधक राजेंद्र यादव, डॉक्टर भक्त वत्सल एवं डॉक्टर शहाबुद्दीन द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर कई विद्यालयों के प्रबंधक एवं डॉक्टर उपस्थित रहे, विद्यालय द्वारा फन डे के अवसर पर वाटर पार्क, झूला, मिकी माउस, गेम्स आदि का आयोजन किया गया, जिसका सभी अभिभावकों और बच्चों द्वारा उत्सुकता के साथ लुफ्त उठाया गया। अंत में लकी ड्रा के माध्यम से प्रथम पुरस्कार टीवी दीपाली यादव, द्वितीय पुरस्कार साइकिल जतिन शर्मा, तृतीय पुरस्कार मिक्सर दिव्यांशी सरोज एवं सांत्वना के रूप में वॉल घड़ी वितरित किया गया। इसमें सुजाता, मानव यादव, अनाया मौर्य, अंशुल ने घड़ी का पुरस्कार प्राप्त किया। व्हीलचेयर प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से गौरव मौर्य विजेता रहे एवं महिला वर्ग से आनवी की मम्मी प्रियंका विजेता रही विद्यालय के प्रबंधक रमाकांत वर्मा ने सभी बच्चों के आए हुए अभिभावकों और लकी ड्रा विजेताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि किसी का भाग्य कब काम कर जाएगा यह हम नहीं जानते हैं इसलिए हमें जीवन में अपने भाग्य को आजमाना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आए हुए सभी अभिभावकों का अभिवादन करते हुए सबको हार्दिक शुभकामनाएं की बधाई दी।

## दोषी पति को 10 वर्ष का कारावास

सोनभद्र। करीब दो वर्ष पूर्व हुए ललिता हत्याकांड के मामले में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश राम सुलीन सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी पति रामप्यारे को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इनके ऊपर 11 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शिवकुमार पुत्र स्वर्गीय राम सहाय निवासी कोरची टोला बियादामर, थाना दुद्धी, जिला सोनभद्र ने दुद्धी थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि एक अप्रैल 2023 को शाम 7 बजे उसका बड़ा भाई रामप्यारे अपनी पत्नी ललिता(45) को अनायास घर पर गाली गलौज देते हुए डंडे से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। उसे सिर में गम्भीर चोटें आईं हैं। जब अस्पताल ले जाने की तैयारी हो रही थी तभी ललिता की मौत हो गई। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर रामप्यारे के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान जहां अभियुक्त के अधिवक्ता ने पहला अपराध बताते हुए कम से कम दंड दिए जाने की याचना की, वहीं जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ज्ञानेंद्र शरण रॉय ने गम्भीर अपराध बताते हुए अधिक से अधिक दंड देने की याचना की। अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोषसिद्ध पाकर दोषी पति रामप्यारे को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।

# डंपर से टकराकर बस बनी आग का गोला

## बस चालक व एक महिला की मौत, कंडक्टर गंभीर, करीब तीन दर्जन यात्री घायल

**फिरोजाबाद।** थाना मटसेना क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक बस आगे चल रहे बालू से भरे डंपर से टकरा गई। हादसा होते ही बस में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। जिससे बस आग का गोला बन गई। हादसे में बस में सवार 3 दर्जन के करीब यात्री झुलस गए। हादसे की सूचना पर कई थानों के फोर्स के साथ ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गईं। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने सभी घायलों को फतेहाबाद, शिकोहाबाद अस्पताल में भर्ती कराया जहां सभी की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वही एक घायल युवती का शिकोहाबाद में इलाज चल रहा है। वही मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान बस के चालक और एक महिला यात्री की मौत हो गई। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

एक बस कानपुर से यात्रियों को लेकर गुड़गांव के लिए जा रही थी। बस में करीब 4 दर्जन के आसपास यात्री थे। जब बस आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के 43.300 के पास पहुंची ही थी कि तभी बस के आगे चल रहा डंपर अचानक से डिवाइडर से टकरा गया। उसके पीछे आ रही बस भी डंपर से टकरा गई। हादसा होते ही बस में भीषण आग लग गई। आग लगते ही बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। लोग आग की लपटों के मध्य कूदते हुए अपनी जान बचाने के प्रयास करने लगे। हादसे की सूचना मिलते ही थाना मटसेना पुलिस के साथ ही अन्य थानों का फोर्स के साथ यूपीडा के कर्मी, एम्बुलेंस भी मौके पर पहुंच गए। इसके साथ ही एसडीएम शिकोहाबाद डॉ गजेंद्रपाल भी मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान मौके पर कई दमकल की गाड़ियों को बुला लिया गया। सभी लोगों ने किसी तरह से बस में फंसे लोगों को आग के बीच से बाहर निकाला। आनन फानन में मौके पर पहुंच गए। आग से झुलसे यात्रियों को तत्काल ही फतेहाबाद, शिकोहाबाद अस्पताल भेज दिया। शिकोहाबाद में 15 घायलों को प्राथमिक उपचार देकर 14 यात्रियों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मैडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान बस चालक शंभू बढ़ई और गयाश्री निवासी कानपुर यात्री की मौत हो गई। थाना प्रभारी मटसेना ने बताया कि हादसे में अब तक चालक शंभू बढ़ई और महिला यात्री की मौत हो गई है। जबकि कंडक्टर की हालत गंभीर बनी हुई है। वही एसडीएम डा गजेंद्र पाल सिंह का कहना है कि हादसे में चालक और एक महिला यात्री की मौत की पुष्टि हो गई है। जबकि कंडक्टर का इलाज जारी है।

**बस में आग से हुए घायल:** घायल हुए लोगों में दिलीप (27) पुत्र रामकरण निवासी ललौली जिला फतेहाबाद, सुंदर लाल (35) पुत्र मिर्जा निवासी परासन थाना आटा जिला जालौन, मायादेवी (50) पत्नी विजय कुमार निवासी कानपुर, आस्था (35) पुत्री अतुल त्रिपाठी निवासी बिठूर कानपुर, मुकेश (35) कुमार पुत्र गंगा सागर निवासी लाल बंगला जसपुर वृंदावन, पप्पू (30) पुत्र बाबू सिंह निवासी ललौली फतेहाबाद, नीलम (30) पत्नी राजीव सिंह, संजय (35) पुत्र अमर सिंह, पूनम (30) पत्नी संजय, यूवी, सोनू निवासीगण भकरईया थाना अजीतमल औरैया अनिल (24), सत्यभान (16) पुत्र सिपाही लाल, शांति (45) देवी पत्नी सिपाही लाल निवासी गुड़गांव हरियाणा, रंगोली (40) पत्नी शिव कुमार, राखी (35) पत्नी सतीश निवासी मुंगिसपुर कानपुर, शिवम (23) पुत्र हरिशंकर निवासी कृष्ण नगर बलिया, अभिषेक यादव (30) पुत्र भूरा सिंह निवासी डेरापुर कानपुर देहात, सत्यम विश्नोई (30) पुत्र राकेश निवासी तिलक नगर औरैया, पूजा रावत (35) पत्नी विजय निवासी सफीपुर जिला उन्नाव, मन्नत (9) पुत्री कमल, वेद (12) पुत्र कमल, गोविंदी पत्नी गोपाल निवासीगण कानपुर हैं। इस बारे में थाना प्रभारी मटसेना ने बताया कि बालू से भरा डंपर डिवाइडर से टकरा गया। उसके पीछे आती लग्जरी बस डंपर से टकरा गई। हादसे के बाद बस में आग लग गई। जिसमें करीब 3 दर्जन लोग आग से झुलस गए है। सभी घायलों को शिकोहाबाद, फतेहाबाद में भर्ती कराया है।

### कॉकरोच बन युवक ने जताया यमुना प्रदूषण के प्रति विरोध

**मथुरा।** यमुना प्रदूषण के विरोध में एक समाजसेवी युवक ने अनोखे अंदाज में प्रदर्शन कर लोगों और प्रशासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। युवक कॉकरोच की वेशभूषा पहनकर नगर निगम कार्यालय पहुंचा और यमुना में गिर रहे गंदे पानी तथा बढ़ती गंदगी के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। कॉकरोच की ड्रेस पहने युवक को देखकर नगर निगम परिसर में मौजूद लोग हैरान रह गए। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ जुट गई और कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। युवक परिसर में नाचते गाते हुए पहुंचा और यमुना की बिगड़ती स्थिति को लेकर नाराजगी जताई।

# आगरा हलवाई हत्याकांड में दोषी दंपती को उम्रकैद

**आगरा।** जिले में सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया था। हलवाई को बेरहमी से मौत के घाट उतारकर शव को नाले में फेंक दिया था। पुलिस ने जांच की तो नाले से कंकाल बरामद हुआ था। मामले में दोषी पति-पत्नी को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। आगरा में विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट शिव कुमार ने हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और साक्ष्य नष्ट करने के मामले में दंपती को दोषी पाते हुए उम्रकैद के साथ 1.12 लाख रुपये के जुमार्ने की सजा सुना दी। उक्त मामले में एक बाल अपचारी की पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड में प्रेषित कर दी गई। थाना जैतपुर में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार पिनाहट थाना क्षेत्र के गांव गजाधर निवासी रूमा देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पति हलवाई का काम करते थे। 28 अप्रैल 2022 को वह थाना जैतपुर के गांव वैदपुरा में ओमप्रकाश के घर काम करने गए थे। शाम 7 बजे अपनी बाइक लेकर वहां से घर के लिए निकले थे। इसके बाद लौटकर नहीं आए। मोबाइल नंबर पर कॉल किया तो वह भी बंद आ रहा था। आसपास रिश्तेदारों के यहां पता करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। विवेचना के दौरान 29 जून 2022 को पुलिस ने जिला इटावा के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के लुहन्ना चौराहा निवासी चंटई उर्फ चंतई, उसकी पत्नी सीमा और एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी चंटई ने पुलिस को हत्या कर शव ग्वालियर रोड लायन सफरी के पास नाले में फेंकने के बारे में बताया था। पुलिस ने वहां से घटना के दो महीने के बाद कंकाल बरामद किया। इस मामले में 4 जुलाई 2022 को दलित उत्पीड़न की धाराएं भी बढ़ाई गई थीं। अदालत ने चंटई और उसकी पत्नी सीमा को उम्रकैद की सजा सुना दी। आरोपी चंटई उर्फ चंतई को शक था कि नरायण उसकी पत्नी सीमा से बात करता था। उसने कई बार दोनों को समझाया पर किसी ने बात नहीं मानी। 28 अप्रैल 2022 की रात आरोपी ने पत्नी सीमा से नरायण को फोन पर कॉल कराया और अपने घर बुला लिया। रात करीब 12 बजे घर के बगल में खाली प्लॉट में ले गए, जहां आरोपी उसकी पत्नी और उनके भतीजे ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव प्लाटिक के कट्टे में भरकर ग्वालियर रोड लाइन सफारी के सामने नाले में फेंक दिया।

- युवक को मारकर नाले में फेंक दी थी लाश, पुलिस को दो महीने बाद मिला था कंकाल

# भीषण गर्मी के चलते जनगणना कार्य स्थगित करने की मांग



**फिरोजाबाद।** यूनाइटेड टीचर्स एसो. (यूटा) के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर के निर्देशन और जिलाध्यक्ष डॉ. जया शर्मा एवं महामंत्री मुकेश राजपूत के नेतृत्व में यूटा के पदाधिकारियों ने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और आगामी दिनों में भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी हीट वेव की चेतावनी को देखते हुए जनगणना कार्य को फिलहाल स्थगित किए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र खन्ना को सौंपा। यूटा की जिलाध्यक्ष डॉ.जया शर्मा ने बताया कि जनगणना निदेशालय के निर्देशों के क्रम में पूरे प्रदेश में जनगणना का कार्य संचालित किया जा रहा है। लेकिन, वर्तमान समय में प्रदेशभर में असहनीय गर्मी और तेज धूप का प्रकोप जारी है। फिरोजाबाद सहित कई जनपदों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक पहुंच गया है। वहीं मौसम विभाग द्वारा लगातार हीट वेव की चेतावनी जारी की जा रही है तथा शासन द्वारा भी लोगों को दिन के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने और सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। ऐसी भयावह स्थिति में जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को फील्ड में रहकर कार्य करने के लिए मजबूर करना उनकी जान को जोखिम में डालने जैसा है। भीषण गर्मी के कारण अधिकांश लोग दिन के समय घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, जिससे प्रगणकों को जनगणना संबंधी आवश्यक जानकारी जुटाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि, जनहित एवं कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) ने मांग की है कि, जनगणना कार्य को मई और जून माह में स्थगित रखा जाए तथा जुलाई माह के प्रथम सप्ताह से पुनः शुरू करने के निर्देश जारी किए जाएं। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में निर्देश सिंह लोकेश कुमार अमित कुमार सुमन सत्येंद्र सत्यार्थी व उमाकांत सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित रहे।

# राज चौहान हत्याकांड में वांछित आरोपी गिरफ्तार, लंबे समय से था फरार

**आगरा।** आगरा के चर्चित राज चौहान हत्याकांड में ट्रांस यमुना थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएन स्टे गेस्ट हाउस में हुए इस बहुचर्चित हत्याकांड के वांछित आरोपी विशाल जाटव उर्फ विशाल सागर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस लगातार उसकी तलाश में दबिश दे रही थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी को मुखबिर की सूचना पर नूरानी मस्जिद, शाहनगर बंबा के पास से गिरफ्तार किया गया। सूचना मिलते ही ट्रांस यमुना पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। बताया जा रहा है कि विशाल जाटव का नाम बहुचर्चित राज चौहान हत्याकांड में सामने आया था। इस मामले में उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास समेत चार गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। घटना के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। राज चौहान हत्याकांड ने शहर में काफी सुर्खियां बटोरी थीं। एसएन स्टे गेस्ट हाउस में हुई इस वारदात के बाद पुलिस पर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का दबाव था। ऐसे में विशाल जाटव की गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद ट्रांस यमुना पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि हत्या के पीछे असली वजह क्या थी और इस वारदात में उसके साथ कौन-कौन लोग शामिल थे। साथ ही फरार अन्य आरोपियों की तलाश भी तेज कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ में कई अहम सुराग मिलने की उम्मीद है, जिनके आधार पर पूरे नेटवर्क और घटना की साजिश का खुलासा हो सकता है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षेप

### शराब पिलाकर युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**फतेहाबाद।** थाना निबोहरा क्षेत्र में दोस्तों ने बुधवार की रात युवक को शराब पिलाकर लाठी-डंडों से पीटकर कर घायल कर दिया। रास्ते में घायल अवस्था में छोड़कर भाग गए। युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। चमरौली निवासी हरिपाल पुत्र राजेंद्र सिंह ने बताया कि वह बुधवार शाम करीब 7:30 बजे धौलपुर से काम कर घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के कुछ दोस्त उसे अपने साथ ले गए। आरोप है कि दोस्तों ने पहले उसे शराब पिलाई और बाद में लाठी-डंडों से मारापीटा मारपीट के बाद आरोपी उसे गढ़ी गुसाई के पास घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। रात करीब 9 बजे परिजन को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी फतेहाबाद में भर्ती कराया। थाना पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### हत्या मामले में वांछित पिता-पुत्र गिरफ्तार

**मथुरा।** बरसाना थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक कार भी बरामद की गई, जिसे वैध कागजात न होने के कारण मौके पर ही सीज कर दिया गया। यह कार्रवाई पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में की गई है। बरसाना थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने शुक्रवार की सुबह करीब 10:05 बजे ग्राम श्रीनगर के पास से दोनों अभियुक्तों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान योगेश (59) पुत्र स्वर्गीय मुरलीधर उर्फ मूलचंद और उसके बेटे विकास (26) के रूप में हुई है। दोनों बरसाना, मथुरा के निवासी हैं। गिरफ्तारी के समय आरोपी कार संख्या 7231 में सवार थे। कार के कागजात पेश न करने पर पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत गाड़ी को सीज कर दिया।

# परिजनों को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ खिलाकर लाखों की नगदी आभूषण चोरी

**फिरोजाबाद।** मोहल्ला कटरा मीरा के शान गली में एक बदमाश ने छात्र बनकर घर में किराएदार के रूप में रहकर मकान मालिक के परिवार को कोल्ड ड्रिंक, मिष्ठान में नशीला पदार्थ खिलाकर लाखों की नगदी आभूषण चोरी कर ले गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लिया। वही फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य को एकत्रित किया। पीड़िता ने थाने में बदमाश के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आरोपी की तलाश में जुट गई है। मुरारीलाल गुप्ता निवासी शान गली मोहल्ला कटरा मीरा खिलौने का एटा रोड पर थोक का काम करते हैं। उनका बेटा विनय गुप्ता भी कारोबार में पिता का हाथ बटाता है। हिमांशु नाम का एक युवक छात्र बनकर किराए पर कमरा लेने आया तो उन्होंने आधार कार्ड, मोबाइल नंबर आदि देख कमरा किराए पर दे दिया। बदमाश युवक के सप्ताह किराए पर रहा। उसके बाद हाथ में फ्रेक्चर का बहाना बनाकर वह घर चला गया। बदमाश युवक 15 मई को दुबारा लौटकर अपने कमरे पर आया। इस दौरान बदमाश ने पूरे परिवार को अपने विश्वास में ले लिया। गुरुवार की रात बदमाश ने विनय से कहा कि मेरा कोई भाई नहीं है क्या मेरे जन्मदिन की पार्टी में शामिल होगे। तो कारोबारी ने उसकी जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के लिए कहा। उसके बाद युवक बाजार से केक, कोल्ड ड्रिंक, मिष्ठान लेकर आया। युवक ने कारोबारी के परिवार के सभी सदस्यों को पीने के लिए कोल्ड ड्रिंक, मिष्ठान दिया। उसके बाद परिजनों ने ताला आदि लगाकर सोने चले गए। देखते ही देखते परिवार में मौजूद पिता, पुत्र, उसकी मां हेमलता अचेत हो गई। परिजनों के अचेत होते ही बदमाश ने योजनानुसार घर में मकान के ठेकेदार को देने के लिए रखे 10 लाख रुपए, खिलौने की डिलीवरी के पेमेंट के लिए रखे 8 लाख से अधिक का केश, 5 तोले के सोने के आभूषण, चांदी के आभूषण के साथ ही अन्य सामान चोरी कर ले गया। बदमाश अपना आधार कार्ड भी ले उड़ा। जिससे उसके खिलाफ कोई साक्ष्य न रहे। शुक्रवार की सुबह जब नशीले पदार्थ का असर कम हुआ तो मां बेटे जाग गए। उन्होंने देखा घर का दरवाजा खुला हुआ है। कमरे में अंदर देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। अलमारी, बक्से आदि खुले पड़े थे। शातिर बदमाश घर से लाखों की नगदी, आभूषण लेकर भाग चुका था।

# सीडीओ ने जिला टास्क, बाल श्रम उन्मूलन श्रम सतर्कता समिति संग की बैठक



**मथुरा।** सहायक श्रम आयुक्त एमएल पाल ने अवगत कराया है कि आज डीएम चन्द प्रकाश सिंह के निर्देश पर सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स, बाल श्रम उन्मूलन एवं पूनर्वासन समिति जिला बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गयी। सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 के मुख्य प्रावधानों पर प्रकाश डाला गया। जिसके अनुसार कोई भी व्यक्ति 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चे या 14 से 18 वर्ष के बीच के बच्चे को किसी खतरनाक व्यवसाय या प्रक्रिया में कार्य करवाता है, तो उसे 6 महिने से लेकर 2 वर्ष तक की सजा या 20,000/- से लेकर 50,000/- तक जुर्माना अथवा दोनो हो सकते है।

सीडीओ डॉ0 पूजा गुप्ता द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को बाल श्रम में चिन्हित किये गये बच्चों का शैक्षिक पुनर्वासन हेतु निर्देश दिये गये है और उनके माता-पिता को सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छाचित करने हेतु महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, कौशल विकास विभाग, आपूर्ति विभाग, उपायुक्त मनरेगा, विकास विभाग एवं श्रम विभाग की योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित करने पर बल दिया गया, इसके अतिरिक्त बाल श्रम उन्मूलन से सम्बन्धित समस्त स्टेक होल्डर्स को निर्देशित किया गया कि अन्तर्विभागीय समन्वय से शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करें, जिससे मुख्यमंत्री की अपेक्षानुरूप 2027 तक जनपद को बाल श्रम से मुक्त किया जा सकें। बैठक में डा0 अमरेश कुमार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), श्रम प्रवर्तन अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, लघु उद्योग भारती अंकित बंसल एवं भारतीय मजदूर संघ से राजकुमार उपाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# शीघ्र ही यमुना शुद्धिकरण चिंतन की होगी घोषणा



**मथुरा।** अखिल भारत हिन्दू महासभा की जिला कार्यकारिणी के नए दिशा निर्देश आदेश के साथ जिला कार्यालय में मासिक बैठक आयोजित की गई जानकारी देते हुए जिला प्रभारी राजवीर दीक्षित, एवं सभी मुख्य पदाधिकारियों.की उपस्थिति में जानकारी देते हुए अखिल भारत हिन्दू महासभा की जिला कार्यकारिणी के नए कार्यों की जानकारी आदान प्रदान की गई है। जिला प्रभारी राजवीर दीक्षित ने बताया कि उन्हें राष्ट्रीय नेतृत्व से एक सप्ताह में और नई ऊजार्वान कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश मिले हैं। हाल ही में वृंदावन मथुरा में राष्ट्रीय चिंतन बैठक का। आयोजन राजश्री चैधरी के मार्गदर्शन में सफल रहा है। इसमें कई निर्णय लिया गये थे। मथुरा की पावन ब्रजभूमि स्थित कार्यालय में अखिल भारत हिन्दू महासभा के तत्वावधान में गौ-रक्षक सम्मान सभा सहित यमुना शुद्धि करण आंदोलन योजना की रूप रेखा मंथन किया गया। जिले से आए संगठन के पदाधिकारी, संत-महात्मा तथा बड़ी संख्या में गौ-सेवक एवं हिन्दू समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजवीर दीक्षित संगठन मंत्री राम शर्मा जिला उपाध्यक्ष रवि पाराशर सहित संगठन के लगभग 18 पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर गौमाता को राष्ट्रमाता के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए समाज में व्यापक जनजागरण का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए संगठन के पदाधिकारी, जिला संरक्षक प्रधानाचार्य पंडित कैलाश पचैरी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कुमार जिला संयोजक रवि पाराशर जिला प्रवक्ता प्रवीण मिश्रा संगठन मंत्री राम शर्मा जिला सचिव ठाकुर मोहित सिंह सियाराम तिवारी चन्द्रमा दास महाराज दीपक कौशिक ठाकुर यशपाल सिंह राहुल शर्मा दशरथ भारद्वाज विनोद शर्मा गौ-रक्षक, संत-महात्मा एवं बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी अखिल भारत हिन्दू महासभा जिला मीडिया कार्यालय ने दी।

# मथुरा से अयोध्या के बीच जल्द चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**मथुरा।** मथुरा जंक्शन से अयोध्या के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की तैयारी शुरू हो गई है। यह ट्रेन भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा को भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या से सीधे जोड़ेगी, जिससे श्रद्धालुओं को तेजए सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा। बताया जा रहा है कि इस ट्रेन के संचालन के लिए फरुर्खाबाद के सांसद मुकेश राजपूत ने रेलवे प्रशासन को पत्र लिखा है। रेलवे प्रशासन अब ट्रेन संचालन का प्रस्ताव तैयार कर रहा है।

वर्तमान में मथुरा से अयोध्या तक पारंपरिक ट्रेनों या सड़क मार्ग से सफर में काफी समय लगता है। वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू होने के बाद यात्रा समय में बड़ी कमी आएगी। ट्रेन पूरी तरह वातानुकूलित होगी और यात्रियों को आरामदायक चेयर, सीसीटीवी, ऑटोमेटिक दरवाजे जैसी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इस ट्रेन के शुरू होने से श्रद्धालु कम समय में मथुरा और अयोध्या दोनों प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकेंगे। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और परिवार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को विशेष सुविधा मिलेगी। प्रस्तावित रूट के अनुसार ट्रेन मथुरा जंक्शन, कासगंज, फरुर्खाबाद, कानपुर और लखनऊ होते हुए अयोध्या तक संचालित की जा सकती है। इसके साथ ही धार्मिक पर्यटन को भी बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। होटल व्यवसायए स्थानीय गाइड, हस्तशिल्प और परिवहन से जुड़े कारोबारियों की आय में भी वृद्धि होगी। भारतीय रेलवे के पीआरओ संजय कुमार गौतम ने बताया कि सांसद द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद ट्रेन संचालन की औपचारिक घोषणा की जाएगी।

# जनपद में डिजिटल जनगणना का प्रथम चरण शुरू, डीएम ने की सभी से सहयोग की अपील



**फिरोजाबाद।** जनपद में 16वीं राष्ट्रीय जनगणना के अभियान का आगाज शुक्रवार से शुरू हो गया है, प्रथम चरण के अंतर्गत मकान की सूचीकरण व मकान गणना का कार्य किया जाएगा, यह गणना 22 मई से प्रारंभ होकर आगामी 20 जून तक निरंतर संचालित रहेगी। डीएम संतोष कुमार शर्मा ने जनपद वासियों से राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की है, डीएम ने कहा कि जनगणना देश व प्रदेश के विकास की योजनाओं का मुख्य आधार है, इसलिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, कि प्रगणकों को सही व सटीक जानकारी उपलब्ध कराए। प्रथम चरण में ब्लॉक स्तर पर योजनावार तरीके से मकान की नंबरिंग की जाएगी और उसकी सूची तैयार होगी, जनपद में इस वृहद व महत्वपूर्ण कार्य को पूर्णतः पारदर्शिता व सुगमता से संपन्न करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों को लगाया गया है, जिसके तहत 5360 प्रगणक, 850 सुपरवाइजर 15 चार्ज अधिकारी 52 अधिशासी अधिकारी तीन जोनल ऑफिसर नगर निगम नियुक्त किए गए हैं। यह संपूर्ण महा अभियान जनता के सहयोग और प्रशासनिक अधिकारियों के समन्वय से संचालित किया जाएगा, ताकि जनपद का कोई क्षेत्र व मकान जनगणना से वंचित न रहे।

# प्री-मैच्योर शिशुओं की देखभाल के लिए प्रोजेक्ट अधुना के तहत सीपीडी 2.0 सत्र आयोजित

**मथुरा।** फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसायटीज ऑफ इंडिया (एफओजीएसआई) द्वारा देश में मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए चलाए जा रहे ह्यप्रोजेक्ट अधुनाह्ण के अंतर्गत मथुरा में एक विशेष सीपीडी 2.0 सत्र का आयोजन किया गया। मथुरा के एक निजी होटल में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्री-मैच्योर (समय से पहले जनमे) शिशुओं की निरंतर और समग्र देखभाल, रोकथाम और उनका बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

इस सत्र में डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स के लिए अद्यतन क्लिनिकल मार्गदर्शन, प्रायोगिक ड्रिल्स और संचार-केंद्रित मॉड्यूल शामिल किए गए, ताकि निजी स्वास्थ्य सुविधाओं में इस सीख को तुरंत व्यवहार में लाया जा सके। प्रोजेक्ट अधुना के लिए देश भर में चयनित 29 जिलों में मथुरा भी शामिल है। कार्यक्रम का नेतृत्व फॉग्सी (एफओजीएसआई) 2026 के प्रेसिडेंट डॉ. भास्कर पाल और प्रोजेक्ट डायरेक्टर व पास्ट प्रेसिडेंट डॉ. जयदीप टैंक ने किया।

यह सत्र मथुरा ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. अंजू गुप्ता व सचिव डॉ. प्रीति लालवानी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसमें इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) मथुरा चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. विपुल गोयल और सेक्रेटरी डॉ. पंकज जैन ने विशेष सहयोग दिया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में डॉ. एन.सी. प्रजापति, डॉ. पी.के. गुप्ता, डॉ. हर्षिता सिंघल, ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटेजीज के वाइस प्रेसिडेंट अनुज घोष सहित भारी संख्या में वरिष्ठ बाल रोग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। अंत में डॉ. अंजू गुप्ता ने सभी आगंतुक चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

# जैव विविधता दिवस पर बड़ी पहल

- बीएसएफ और वन विभाग मिलकर 30 एकड़ में विकसित करेंगे ग्रीन बेल्ट




**मथुरा।** भा.कृ.अ.प.-केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान (सीआईआरजी), मखदूम, मथुरा में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता संस्थान और सामाजिक वानिकी प्रभाग के बीच पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने और सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुआ। यह पहल केंद्र और राज्य सरकार के पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षारोपण अभियानों, विशेष रूप से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अनुरूप है। इसका लक्ष्य भूमि क्षरण को नियंत्रित करना, कार्बन सिंक बनाना, जैव विविधता का संरक्षण करना और स्थानीय सूक्ष्म जलवायु में सुधार लाना है। इस समझौते से संस्थान परिसर और आसपास के क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ेगा, जिससे पर्यावरणीय संतुलन मजबूत होगा और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित होगा।

समझौते के तहत, केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान वृक्षारोपण के लिए बड़ी मात्रा में भूमि उपलब्ध कराएगा। वहीं, सामाजिक वानिकी प्रभाग वैज्ञानिक और तकनीकी मानकों के अनुसार पौधारोपण, सिंचाई, सुरक्षा, पौध प्रतिस्थापन और पौधों की नियमित देखरेख करेगा। यह प्रभाग आगामी 10 वर्षों तक पौधों का रखरखाव भी करेगा। वृक्षारोपण के लिए स्थानीय जलवायु और पारिस्थितिकी के अनुकूल प्रजातियों का चयन किया जाएगा, जिससे पर्यावरणीय लाभों के साथ-साथ जैव विविधता संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. मनीष कुमार चेटली ने कहा कि संस्थान कृषि और पशुपालन अनुसंधान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के प्रति भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यह पहल संस्थान परिसर में हरित क्षेत्र के विस्तार, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण व स्वच्छ, संतुलित वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही, यह परियोजना संस्थान के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जागरूकता को भी प्रोत्साहित करेगी। सामाजिक वानिकी प्रभाग के प्रभागीय निदेशक वेंकटा श्रीकर पटेल (आई.एफ.एस.) ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं, बल्कि एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संयुक्त पहल क्षेत्र में कार्बन अवशोषण क्षमता को बढ़ाने, मिट्टी और जल संरक्षण को मजबूत करने तथा क्षेत्रीय पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

# फर्जी बैनामा करने वाले गैंग का एक सदस्य गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा करने वाले गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को थाना जसराना पुलिस टीम ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर पट्टेधारकों की जमीन का फर्जी बैनामा कराने वाले भूमाफिया गैंग के एक सदस्य रामगोपाल पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम नगला छती थाना जसराना फिरोजाबाद को ग्राम नगला छती के समाने भट्टे के पास से गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। थाना पुलिस द्वारा गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

# आबकारी विभाग ने गिहार बस्ती में छापेमारी कर बरामद की 19 लीटर कच्ची शराब

**फिरोजाबाद।** शुक्रवार को आबकारी विभाग के द्वारा तहसील तिराहा शिकोहाबाद स्थित गिहार कालोनी प्रतापपुर रोड स्थित गिहार कालोनी में छापा मार कार्यवाही की गई। छापेमारी के दौरान लोगों के घरों की तलाश में देशी शराब बरामद की गई। इसके साथ ही मौके से बरामद लहन को नष्ट कर दिया गया। शुक्रवार को आवकारी निरीक्षक जी के वर्मा ने नेतृत्व में टीम ने प्रतापपुरा गिहार कॉलोनी, तहसील के पास गिहार कालोनी में छापेमारी की गई। आवकारी विभाग की कार्यवाही से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। महिलाए बच्चे घरों को छोड़कर बाहर आ गए। इस दौरान आवकारी विभाग ने घर घर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 19 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। मौके से 35 किलोग्राम लहन को बरामद किया गया। जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया। जिन लोगों के घरों से शराब बरामद हुई उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वैश्विक ऊर्जा संकट

मध्य पूर्व संकट के लंबा खिंचने, होर्मुज नाकेबंदी और खाड़ी देशों की तेल एवं गैस फैसेलिटी पर ईरान के हमले के कारण वैश्विक स्तर पर अब गंभीर ऊर्जा संकट आर्थिक महामंदी का कारण बन रहा है। अमेरिका ने गतिरोध दूर करने के संबंध में ईरान के नवीनतम प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इसका अर्थ यह है कि पश्चिम एशिया में अनिश्चितता का सिलसिला जारी रहेगा और अभी तक इस बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं है कि होर्मुज स्ट्रेट का अवरोध कब तक खुलेगा ताकि तेल और गैस का अबाध प्रवाह शुरू हो सके। दुनिया के कच्चे तेल का करीब 20 फीसदी हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट से गुजरता है। 28 फरवरी को लड़ाई शुरू होने के बाद उस इलाके से बहुत कम तेल गुजर सका है और इसके चलते वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं। तेल कीमतों में इजाफा दुनिया के अधिकांश हिस्सों में कठिनाई पैदा कर रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। काफी देरी के बाद सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने पंप पर तेल कीमतों में इजाफा शुरू कर दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज इजाफा होने पर सरकार को हमेशा इस दुविधा का सामना करना पड़ता है कि वह बढ़ी हुई कीमत का भार झेले या उसे उपभोक्ताओं पर डाल दे। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बुधवार को एक विश्लेषणात्मक पोस्ट प्रस्तुत की जिसमें कुछ नीतिगत संकेत हैं। आईएमएफ ने सही कहा है कि कोई भी एक समान समाधान सभी पर लागू नहीं होता। पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष का प्रभाव ऊर्जा पर निर्भरता, बाजार संरचना और राजकोषीय क्षमता सहित कई कारकों पर निर्भर करता है। ऊर्जा की लगातार ऊंची बनी कीमतें आम परिवारों की क्रय शक्ति को प्रभावित कर सकती हैं और व्यवसायों पर दबाव डाल सकती हैं। हालांकि यदि सरकार की प्रतिक्रिया




सावधानीपूर्वक तैयार नहीं की गई तो यह महंगी और उलझनभरी साबित हो सकती है। इसलिए राजकोषीय प्रतिक्रिया अस्थायी, उचित समय पर और लक्षित होनी चाहिए। सुझाव दिया गया है कि घरेलू ऊर्जा कीमतों को लागत के हिसाब से रहने दिया जाए। कमजोर परिवारों को अस्थायी और लक्षित सहायता दी जा सकती है, जबकि सक्षम छोटे व्यवसायों को मूल्य नियंत्रण के बजाय नकदी संबंधी उपायों के माध्यम से सहारा दिया जा सकता है। भारत में सरकार ने व्यवसायों को समर्थन देने के लिए ऋण गारंटी योजना की घोषणा की है। इसके साथ ही एयरलाइंस के लिए विशेष व्यवस्था भी की है। हालांकि उसने घरेलू कीमतों को अंतरराष्ट्रीय लागत को परिलक्षित करने की अनुमति नहीं दी है। उसने विशेष उत्पाद शुल्क घटा दिया है जिससे बजट पर सीधा असर पड़ेगा। अभी हाल तक ऐसी खबरें आ रही थीं कि तेल विपणन कंपनियां प्रतिदिन लगभग 1,000 करोड़ रुपये की अंडररिकवरी का सामना कर रही थीं। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो बार मामूली बढ़ोतरी किए जाने के बाद यह अंडररिकवरी कुछ कम हुई है। लेकिन अभी और कदम उठाने की जरूरत है क्योंकि अंततः तेल कंपनियों का घाटा सरकार की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करेगा। कमजोर परिवारों को सहारा देने के सुझाव को भारतीय संदर्भ में लागू करना कठिन है क्योंकि लक्षित करने में मुश्किल आएगी। यह आंकना कठिन होगा कि किसी परिवार पर कितना असर पड़ा है और यह आसानी से राजनीतिक मुद्दा बना सकता है। उदाहरण के लिए सरकार 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न देती है जिसे उचित ठहराना मुश्किल है। इसके अलावा सरकार किसानों की रक्षा कर रही है और तर्कसंगत रूप से उपभोक्ताओं की भी क्योंकि उसने उर्वरक कीमतों को समायोजित करने की अनुमति नहीं दी है। कुल मिलाकर स्थिति को संभालने के लिए कोई आसान समाधान नजर नहीं आ रहा है। फिर भी सरकार को अधिक मूल्य समायोजन की अनुमति देनी होगी क्योंकि स्थिति और बिगड़ सकती है। इसलिए सरकार को खपत घटाने, उपभोक्ताओं पर भार डालने से लेकर अनेक उपायों के जरिए का सामना करना होगा।

### विचार

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

–महावीर स्वामी.

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

–टॉलस्टॉय.

# नयी दिल्ली के लिए उभरती चुनौतियां




शाहिद ए चौधरी

> हाल ही में रूस के राष्ट्रपति वाल्दिमीर पुतिन की दो दिन की चीन यात्रा के दौरान बीजिंग व मास्को ने 7,000 शब्दों का एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया था, जिसमें विशेष रूप से इस बात पर बल दिया गया कि ताकत व स्थिरता के लिहाज से दोनों देश 'अपने इतिहास के सबसे अच्छे समय का अनुभव कर रहे हैं।'

अमेरिका की दादागिरी समाप्त होने के बाद जो नई विश्व व्यवस्था बन रही है, उसमें चीन व रूस की बढ़ती दोस्ती भारत के लिए जटिल विदेश नीति चुनौती उत्पन्न कर रही है। इससे नई दिल्ली को बहुआयामी समझौतों और स्ट्रेटेजिक स्वायत्तता पर बहुत अधिक निर्भर होना पड़ रहा है। भारत एक ऐसे दो राहे पर खड़ा है, जहां अब उसके लिए एक रास्ते का चयन करना मजबूरी होता जा रहा है। फिलहाल धुरी को संतुलित करने के लिए नई दिल्ली को पश्चिम से गहरी पार्टनरशिप करनी पड़ रही है जैसा कि हाल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीदरलैंड्स, नॉर्वे, इटली आदि की यात्रा से स्पष्ट है, साथ ही देशज रक्षा व आर्थिक आत्म-निर्भरता को मजबूत करने की भी जरूरत पैदा हो गई है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बीजिंग-मास्को गठजोड़ से भारत की रक्षा सप्लाई चेन जटिल हो गई है, क्योंकि भारत-रूस के सैन्य हार्डवेयर पर बहुत अधिक निर्भर है। दो बड़ी शक्तियों के बीच करीबी संबंधों के कारण रूस के लिए यह कठिन होता जा रहा है कि वह भारत को वो एडवांस्ड टेक्नोलॉजी उपलब्ध कराये, जिससे चीन नाराज हो जाये।

इससे बचने के लिए ही भारत सक्रिय तौर पर स्ट्रेटेजिक स्वायत्तता, बहुआयामी गठबंधन जैसे क्वैड पर बल देने के अतिरिक्त घरेलू देशज कार्यक्रमों जैसे आत्मनिर्भर भारत का विस्तार कर रहा है। दरअसल, बात सिर्फ. स्ट्रेटेजिक संतुलन व रक्षा जटिलताओं की भी नहीं है बल्कि क्षेत्रीय प्रभाव व असंतुलन की भी है। बीजिंग-मास्को संबंध में पॉवर असंतुलन बहुत अधिक चीन के पक्ष में है, जिससे बीजिंग का केंद्रीय एशिया व यूरेशिया में एकछत्र आर्थिक राज हो जायेगा। इससे भारत के विस्तृत पड़ोस में नई दिल्ली की स्ट्रेटेजिक पहुंच सीमित हो जाती है और यूरेशियन ब्लॉक जैसे शंघाई कोऑपरेशन आगेर्नाइजेशन (एससीओ) व ब्रिक्स में भारत का प्रभाव कमजोर हो जाता है। वैसे इसके लिए काफी हद तक नई दिल्ली की ढुलमुल नीति ही जिम्मेदार है। भारत फिलहाल ब्रिक्स का अध्यक्ष है, लेकिन ईरान पर अमेरिका व इजरायल के बेमतलब व बेमकसद हमले के संदर्भ में किसी



प्रकार का कोई वक्तव्य जारी नहीं किया। युद्ध के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद कर दिया गया, जिससे तेल, गैस आदि का भारी संकट उत्पन्न हो गया है और नतीजतन महंगाई भी बढ़ती जा रही है। इस पृष्ठभूमि में बीजिंग-मास्को के गठजोड़ की वजह से चीन रूस का बुनियादी ऊर्जा पार्टनर बन गया है, जिससे रुसी तेल व गैस के लिए गहन प्रतिस्पर्धा हो गई है। हालांकि पश्चिम के दबाव के बावजूद भारत अपने घरेलू हितों को साधने के लिए सस्ता क्रूड हासिल कर ही रहा है, लेकिन चीन-रूस की एनर्जी पाइपलाइन डायनामिक्स के चलते सप्लाई स्थिरता व दामों को बनाये रखने के लिए भारत को सक्रिय प्रबंधन की आवश्यकता पड़ेगी।

## बीजिंग-मास्को गठजोड़

चूंकि चीन अपनी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को बढ़-चढ़कर प्रमोट कर रहा है, तो ऐसे में बीजिंग-मास्को गठजोड़ के कारण केंद्रीय एशिया में भारत-समर्थित जो कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स हैं, वह हाशिये पर आ सकते हैं। इससे बचने के लिए नई दिल्ली को चाहिए कि विकल्पों पर अधिक ध्यान दे, जैसे इंटरनेशनल नार्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर पर ताकि यूरेशियन व्यापार को मजबूत किया जा सके। ईरान में चाहबार पोर्ट को बीच में छोड़ना भी कोई अक्लमंदी नहीं थी। अब भी समय है कि उस पर पुनःविचार किया जाये। दरअसल, यह जो प्रभावित करने वाले परिवर्तन आ रहे हैं, उनका प्रबंधन करने के लिए नई दिल्ली को चाहिए कि रूस से अपने संबंध मजबूत करने के सिलसिले में बहुत अधिक फोकस किया जाये ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मास्को के पास बीजिंग से अलग भी विकल्प हों और साथ ही भारत का विदेश मंत्रालय ग्लोबल साउथ में अपनी पहुंच का विस्तार करे ताकि क्षेत्रीय स्थिरता को सुरक्षित रखा जा सके। नई विश्व व्यवस्था तेजी के साथ विकसित होती जा रही है, प्रतिक्रिया स्वरूप सभी प्रमुख खिलाड़ी अपनी नीतियों को पुनर्स्थापित कर रहे हैं। पश्चिम में अंदर से चुनौतियां उठ रही हैं, क्योंकि वैश्विक बलों के हमलों के कारण घरेलू महत्वकांक्षाएं बदल रही हैं और वैश्विक सत्ता संतुलन भी बदलता जा रहा है। हालांकि पश्चिम, विशेषकर अमेरिका (राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा के बावजूद) बीजिंग को दीर्घकालीन चुनौती के रूप में देख रहा है, लेकिन यूक्रेन युद्ध ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि पश्चिम के अधिकतर प्रयास व संसाधन अब यूरोपीय संकट के प्रबंधन में लग रहे हैं। रूस एक बार फिर यूरोपीय कुलीनों के दिमागों में गंभीर खतरे के रूप में उभरने लगा है, खासकर चीन से उसकी बढ़ती नजदीकियों के कारण।

हाल ही में रूस के राष्ट्रपति वाल्दिमीर पुतिन की दो दिन की चीन यात्रा के दौरान बीजिंग व मास्को ने 7,000 शब्दों का एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया था, जिसमें विशेषरूप से इस बात पर बल दिया गया कि ताकत व स्थिरता के लिहाज से दोनों देश 'अपने इतिहास के सबसे अच्छे समय का अनुभव कर रहे हैं।' इस माह के आरंभ में पुतिन ने रूस के राष्ट्रपति के रूप में नया कार्यकाल आरंभ किया। इसके बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए उन्होंने चीन को चुना। इस प्रतीक को अनदेखा नहीं किया जा सकता; क्योंकि यूक्रेन संकट के बाद मास्को की निर्भरता बीजिंग पर बढ़ी है और इन दोनों देशों की बढ़ती दोस्ती को पश्चिम अपने लिए गंभीर खतरे के रूप में देखता है। अमेरिका के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट एंटनी ब्लिंकेन ने सार्वजनिक तौर पर चीन को धमकी दी थी कि अगर रूस से उसकी दोस्ती बढ़ती रहेगी तो वाशिंगटन उस पर अतिरिक्त पाबंदियां लगायेगा, जोकि वर्तमान में 100 से अधिक चीजों व व्यक्तियों पर लगी पाबंदियों से अलग होंगी। पश्चिम का मानना है कि चीन की मदद के कारण ही रूस यूक्रेन पर अपने हमले को जारी रखे हुए है। अमेरिका की इस धमकी के कुछ दिन बाद ही पुतिन ने चीन की यात्रा पर जाना तय किया। इससे जाहिर है कि अब अमेरिका की धमकियों में कोई दम नहीं रहा है, वाशिंगटन को कोई गंभीरता से नहीं लेता है। चीन इस समय ड्राइविंग सीट में है। इसलिए भी नई दिल्ली के लिए आने वाले वर्षों में रूस-चीन गठजोड़ का प्रबंधन करना सबसे महत्वपूर्ण विदेश नीतिक चुनौती होगी। यह बुनियादी तौरपर भारत की स्ट्रेटेजिक दृष्टिकोण को बदल देती है।

यह ऊपर बताया जा चुका है कि भारत अपने सैन्य उपकरणों व टेक्नोलॉजी के लिए रूस पर निर्भर करता है, जो प्रभावित हो सकता है। इसके अतिरिक्त चीन व रूस के बीच आर्थिक सहयोग क्षेत्रीय इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स व व्यापार मार्गों में भारत को हाशिये पर डाल सकता है। एससीओ व ब्रिक्स जैसे वैश्विक मंचों पर भी भारत का प्रभाव कम हो सकता है। जाहिर है इस स्थिति में नई दिल्ली की गहन परीक्षा होगी कि वह नई विश्व व्यवस्था में किस तरह अपने महत्व को बरकरार रख पायेगी। जरूरत इस बात की है कि ध्यानपूर्वक विदेश नीति पुनःस्थपित किया जाये ताकि मुख्य शक्तियों के साथ संतुलन बना रहे और हमारे राष्ट्रीय हित भी सुरक्षित रहें। ब्रिक्स का 18वां सम्मेलन नई दिल्ली में (12-13 सितम्बर 2026) को होगा, जिसमें पुतिन व शी जिनपिंग के आने की उम्मीद है। भारतीय कूटनीति के लिए वह बेहतरीन अवसर होगा।

### सोशल मीडिया



हमारी मातृभूमि साधना व उपासना के साथ-साथ साहस, शक्ति और सर्व-कल्याण की पुण्य भूमि रही है, महान विरासत एवं प्राचीन संस्कृति की पावन धरा सबको सुख समृद्धि से परिपूर्ण रखे। पीएम मोदी.


# प्रकृति की देन

### अंतर्दृष्टि

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमख्रु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमे शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

# आग उगलती थी शरतचंद्र की लेखनी

**हालांकि शरतचंद्र अपने उपन्यास 'देवदास', जिस पर बॉलीवुड में अनेक फिल्में बन चुकी हैं और जिसे अभिनय सम्राट अपनी असाधारण अदायगी से कालजयी बना चुके हैं, के लिए अधिक विख्यात हैं, लेकिन उनकी विद्रोही उपन्यासकार की छवि ब्रिटिश-राज विरोधी उपन्यास 'पाथेर डाबी' से बनी थी, जिसमें मानव गरिमा में अटूट विश्वास को पाठकों ने महसूस किया और जिस पर ब्रिटिश शासकों ने प्रतिबंध लगा दिया था।**



उपन्यासकार शरत चंद्र के 150 वर्ष

जिस दौर में महिलाओं की अपनी कोई आवाज या शख्सियत नहीं थी, तो शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने अपने लघु उपन्यास 'ब्राह्मण की बेटी' के माध्यम से एक बुनियादी सवाल उठाया कि 'क्या औरत के पास विवाह करने के अतिरिक्त भी कोई विकल्प है?' यह प्रश्न लगभग 100 वर्ष बीत जाने के बाद आज भी प्रासंगिक है, कम से कम भारतीय संदर्भों में। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि अपने 150वें वर्ष में शरतचंद्र का महत्व बरकरार है और उनके शब्द आज भी आग उगल रहे हैं। हालांकि शरतचंद्र अपने उपन्यास 'देवदास', जिस पर बॉलीवुड में अनेक फिल्में बन चुकी हैं और जिसे अभिनय सम्राट अपनी असाधारण अदायगी से कालजयी बना चुके हैं, के लिए अधिक विख्यात हैं, लेकिन उनकी विद्रोही उपन्यासकार की छवि ब्रिटिश-राज विरोधी उपन्यास 'पाथेर डाबी' से बनी थी, जिसमें मानव गरिमा में अटूट विश्वास को पाठकों ने महसूस किया और जिस पर ब्रिटिश शासकों ने प्रतिबंध लगा दिया था।




प्रत्येक जनवरी में जब बंगाल की फिजा में ठंड अपने पैर फैला लेती है, तो साहित्यिक दुनिया पॉज करती है अपने सबसे प्रिय कहानीकार शरतचंद्र को याद करने के लिए। शरतचंद्र की बरसी 16 जनवरी को होती है और वह दिन सालाना यादध्यानी का होता है कि वह अपने पीछे छोड़ गये हैं असाधारण साहित्यिक विरासत। शरतचंद्र की ख्याति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनसे अधिक अनुवाद किसी भारतीय लेखक का नहीं हुआ है। 1938 में उनके निधन के बाद लगभग 9 दशक बीत गये हैं, लेकिन उनके उपन्यास आज भी पाठकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शरतचंद्र का जश्न अक्सर इस वजह से मनाया जाता है कि उन्होंने ग्रामीण बंगाल का चित्रण गहरी हमदर्दी के साथ किया और पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं की दयनीय स्थिति को बदलने का प्रयास किया, लेकिन उनके लेखन में अधिक पैना सियासी पहलू भी है, जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। इस तथ्य की सबसे अच्छी मिसाल है उनका उपन्यास 'पाथेर डाबी' (रास्ते का अधिकार या सड़क की मांग), जोकि एक क्रांतिकारी कार्य है, जिस पर ब्रिटिश सरकार ने 1926 में प्रतिबंध लगा दिया था कि इसमें अंग्रेजों के विरुद्ध भावनाओं को भड़काया गया था। अब निर्देशक श्रीजीत मुखर्जी इस उपन्यास पर फिल्म बना रहे हैं। इसके बावजूद शरतचंद्र को 'देवदास' से भी अलग करके नहीं देखा जा सकता कि प्यार में दिल-टूटे व्यक्ति को आज भी देवदास कहकर संबोधित किया जाता है। शरतचंद्र का जन्म 15 सितम्बर 1876 को एक छोटे से गांव देबानंदपुर में हुआ था जोकि बंगाल के जिला हुगली में है। इस लिहाज से यह उनके जन्म का 150वां वर्ष है। जीवन-अर्थ की बेचैन तलाश में शरतचंद्र ने गरीबी व विस्थापन में अपनी जिंदगी गुजारी। उनके पिता मोतीलाल चट्टोपाध्याय हमेशा 'मुंगेरी लाल के हसीन सपने' देखते रहते थे, जो अपने परिवार को कभी आर्थिक स्थिरता प्रदान न कर सके। उनकी मां भुवनमोहिनी देवी को घर के संघर्षों का बोझ बर्दाश्त करना पड़ा। कठिनाई के यह शुरूआती अनुभव और गरीब घरों में महिलाओं की पीड़ा को जो शरतचंद्र ने करीब से देखा, वही उनकी साहित्यिक कल्पना का आधार बन गया। शरतचंद्र स्वभाव से घुमंतू थे। भागलपुर में अस्थिर जवानी और कुछ समय के लिए कॉलेज में प्रवेश, जिसे उन्होंने कभी पूरा नहीं किया, शरतचंद्र 1903 में बर्मा (अब म्यांमार) चले गये, जहां उन्होंने क्लर्क, अनुवादक और अन्य छोटे-छोटे काम करके एक दशक से अधिक समय व्यतीत किया। वनवास की इस अवधि के दौरान वह गंभीर लेखन करने लगे और बर्मा में उन्हें न सिर्फ एकांत मिला बल्कि वह नजरिया भी जिससे वह ब्रिटिश शासन को आलोचनात्मक निगाह से देख सके।

रंगून में अप्रवासी भारतीयों के विविध समुदाय थे, जिनमें से अधिकतर क्रांतिकारी हमदर्दियां रखते थे। इसका शरतचंद्र की राजनीतिक सोच पर गहरा प्रभाव पड़ा। जब वह बंगाल लौटे तो उन्हें अखबारों व पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रहे उनके श्रृंखलाबद्ध उपन्यासों 'बारादीदी' व 'चरित्रहीन' से काफी शुहरत मिल चुकी थी। अगले दो दशकों के दौरान उनके कलम से गजब के उपन्यास निकले, जिनमें 'देवदास', 'परिणीता' 'बिराज बोउ', 'गृहदाह', श्रीकांत आदि शामिल हैं और इनकी वजह से वह अपने समय में सबसे अधिक पढ़े जाने वाले बांग्ला लेखक बन गये। उनकी शुहरत ने भाषा की सीमाओं को पार किया, उनके उपन्यास अन्य भाषाओं में अनुवाद किये गये और उनके पाठक व प्रशंसक कश्मीर से कन्या कुमारी तक मौजूद हो गये। शरतचंद्र की काबिलियत इस बात में रही कि उन्होंने सामाजिक सच्चाई में गहरी भावनाओं का मिश्रण करके ऐसे चरित्र पैदा किये जो न संत थे और न ही खलनायक बल्कि मानव थे जो परम्परा व आधुनिकता के विरोधाभासों में फंसे हुए थे।

शरतचंद्र के सभी कार्यों में 1926 में प्रकाशित 'पाथेर डाबी' एकदम लीक से अलग खड़ी होती है कि वह सबसे अधिक राजनीतिक व विवादित नावेल है। उनके अन्य कार्यों में व्यक्तिगत संबंधों व घरेलू जीवन के माध्यम से समाज को आईना दिखाया गया है, लेकिन 'पाथेर डाबी' सीधी व बिना किसी लाग लपेट के भारत में ब्रिटिश शासन को चुनौती थी। इस उपन्यास की पृष्ठभूमि भारत का स्वतंत्रता आंदोलन है और कहानी उस गुप्त क्रांतिकारी संगठन के इर्दगिर्द घूमती है जो बर्मा व बंगाल में सक्रिय था। इसके केंद्र में एक रहस्यमय पात्र है, सब्यसाची, जो तेजतर्रार, बहुभाषी क्रांतिकारी है, जो अलग-अलग भेष व पहचान बदलकर घूमता है, ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिए। सब्यसाची को भटके हुए अतिवादी के रूप में प्रस्तुत नहीं किया गया है बल्कि वह सिद्धांतवादी व बौद्धिक व्यक्ति है जो भारत की स्वतंत्रता के लिए पूर्णतः समर्पित है। सब्यसाची के इर्दगिर्द शरतचंद्र ने अनेक पात्रों की रचना की है, दोनों भारतीय व ब्रिटिश, जिनके ब्रिटिश शासन के प्रति अलग-अलग नजरिये हैं, सांठगांठ व उदासीनता से लेकर सक्रिय विरोध तक। ब्रिटिश सरकार ने इस उपन्यास पर तुरंत प्रतिबंध लगा दिया था, क्योंकि उसे मालूम था कि उसके शासन को सशस्त्र विद्रोह से कहीं अधिक खतरा कलम से था, जो लोगों की सोच बदलने की ताकत रखती है।

हर संस्कृति में प्रेमियों की अमर कहानियां हैं- रोमियो-जूलिएट, लैला-मजनूं, हीर-रांझा, 'देवदास' इसी टाइमलेस परम्परा का अगला अध्याय है। कहानी बहुत सरल है, लेकिन उसकी भावनात्मक संरचना असाधारण तौरपर जटिल है। देवदास परम्परागत रोमांटिक हीरो नहीं है। वह कमजोर है, निर्णय नहीं ले पाता और आखिरकार अपनी बर्बादी के लिए स्वयं जिम्मेदार है। पारो पैसिव पीड़ित नहीं है बल्कि उल्लेखनीय शक्ति की मालकिन है, जो अपने जीवन में आगे बढ़ जाती है बावजूद इसके कि उसका दिल उसी प्यार में है, जो कभी खिल न सका। चन्द्रमुखी सबसे दिलचस्प चरित्र है, जिसे समाज दूतकारता है, लेकिन अपने निःस्वार्थ प्रेम से वह उपन्यास के सभी चरित्रों से आगे निकल जाती है। शरतचंद्र ने पीड़ा का गुणगान नहीं किया है। वह एकदम स्पष्ट है कि सामाजिक कट्टरता, पितृसत्तात्मकता और व्यक्तिगत बुजदिली मिलकर साजिश करती हैं और मानव जीवन में जो सबसे कीमती चीज है- प्रेम, उसे नष्ट कर देती है। शरतचंद्र की यही भवनात्मक ईमानदारी 'देवदास' को कालजयी कृति और उन्हें महान उपन्यासकार बना देती है।

## आप की बात

### ग्रीन एनर्जी का महत्व

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा जीवन के लिए अपरिहार्य है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

### रोजगार मेलों का आयोजन

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## नवनियुक्त मंडल प्रभारी व प्रवासियों का हुआ स्वागत

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के सहादतगंज स्थित कार्यालय पर नवनियुक्त मंडल प्रभारियों एवं प्रवासियों के स्वागत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं ने उत्साह के साथ नवदायित्व प्राप्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया।

इस दौरान संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा भी की गई। कार्यक्रम में अयोध्या मंडल प्रभारी शशि प्रताप सिंह एवं प्रवासी शैलेन्द्र कोरी, देवकाली मंडल प्रभारी हरभजन गौड़ एवं प्रवासी परमानंद मिश्र, पूरा बाजार मंडल प्रभारी तिलकराम मौर्या एवं प्रवासी अरविंद सिंह तथा करियप्पा नगर मंडल प्रभारी बाल कृष्ण वैश्य एवं प्रवासी रवि शर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि मंडल प्रभारियों और प्रवासियों की नियुक्ति से बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली का किया निरीक्षण




- साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश
- मरीजों से संवाद कर जानी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति

**अयोध्या।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली का स्थलीय निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी कक्ष, औषधि वितरण कक्ष, चिकित्सकीय कक्ष एवं वार्डों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों एवं तीमारदारों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रेरणा कैंटीन के निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करते हुए कैंटीन का संचालन शीघ्र प्रारंभ कराया जाए, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर हुए अतिक्रमण को नियमानुसार हटाने के निर्देश दिए।

साथ ही परिसर की क्षतिग्रस्त इंटरलॉकिंग को दुरुस्त कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र में आए मरीजों एवं तीमारदारों से संवाद कर उन्हें मिल रही चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा स्वास्थ्य सेवाओं में संवेदनशीलता एवं गुणवत्ता बनाए रखी जाए। साफ-सफाई के संबंध में जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पान मसाला अथवा गुटखा खाकर गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों पर नियमानुसार जुमार्ना लगाया जाए, जिससे परिसर की स्वच्छता एवं स्वास्थ्यकर वातावरण बना रहे।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र भदौरिया, उपजिलाधिकारी रुदौली संतोष कुमार, सीएचसी अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## घर-घर जाकर महापौर ने स्वच्छता के लिए मांगा अयोध्या वासियों का साथ



**अयोध्या।** शुक्रवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने रायबरेली रोड स्थित गुरुनानक एकेडमी से नाका हनुमानगढ़ी होते हुए रामनगर तक नगर के संभ्रांतजन के साथ पदयात्रा की और आमजन को आगामी 31 मई को सुबह सात बजे नगर निगम क्षेत्र में चलाए जाने वाले स्वच्छता के महाअभियान श्एक रविवार, हर परिवार, करे गंदगी पर वारश में सहभागिता का संदेश दिया। इस दौरान सैकड़ों घरों के सामने स्टीकर चिपकाए गए और पंपलेट का वितरण किया गया। इस दौरान महापौर ने लोगों के घरों पर जाकर स्वच्छता में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सफाई के मामले में नगर को देश के टॉप टेन महानगरों में लाने के लिए जन-जन की भागीदारी आवश्यक है। पदयात्रा में शामिल नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि 31 मई को अपने घरों के आसपास महज आधा घंटा सफाई करने से नगर साफ-सुथरा तो होगा ही, इससे लगातार सफाई की प्रेरणा भी मिलेगी। इस दौरान रास्ते में मिले सैकड़ों लोगों ने महापौर का न केवल स्वागत किया, बल्कि उन्हें 31 मई के अभियान में भागीदारी करने का भरोसा दिया। पार्षद अभिनव पांडेय एवं सूर्यकुमार तिवारी सूर्या ने महापौर को उनका रेखाचित्र भेंट कर सम्मानित किया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि एक घंटे चली पदयात्रा में ध्वनि विस्तारक वाहनों से सूचना भी प्रसारित की गई। घर-घर स्टिकर लगाए गए और अभियान में शामिल होने के लिए फॉर्म भरने की भी जानकारी दी गई। इस यात्रा में अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव के अलावा पार्षद मनीषा यादव के प्रतिनिधि निखिल श्रीवास्तव, राकेश कुमार, मो. राशिद सलीम, विकास कुमार, रमाशंकर निषाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, रवि सोनकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, विपनेश पांडे, रोहतासचंद्र राजू, मुरारी यादव, मनोज श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, चेतन गुप्त, उमाशंकर सिंह मुन्ना, विनय शुक्ल, आकाश गुप्त आदि उपस्थित रहे।

## बिना परमिट के जयपुरिया स्कूल के 3 वाहन सहित 4 ओवरलोड, 2 डग्गामार सीज, 65 वाहनो के चालान



**बाराबंकी।** बिना फिटनेस परमिट के सड़को पर फर्राटा भरने वाले स्कूली वाहनो सहित ओवरलोड, अनाधिकृत डग्गामार वाहनो पर परिवहन विभाग ने अंकुश लगाने हेतु विशेष संघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान क्षमता से अधिक सवारी मिलने, बिना फिटनेस, परमिट के अनाधिकृत डग्गामार वाहनो को जब्त किया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने लखनऊ-बाराबंकी मार्ग सहित अन्य मार्गो पर चेकिंग के दौरान दिल्ली से गोरखपुर जा रही 2 अनाधिकृत डग्गामार वाहनो यू0पी 75 सीटी 0146 व एम0पी 06 जेड़जे 3777 को नवीन बस अड़डे पर सीज किया। तथा यात्रियो को दूसरे वाहन द्वारा गतव्य की ओर रवाना करवाया गया। इसके साथ ही जयपुरिया स्कूल की बिना परमिट मिले 3 वाहन सहित 4 ओवरलोड़ वाहनो को थानो मे निरुद्ध किया। तथा 65 वाहनो के अन्य अभियोगो मे चालान किये।

## पूजा-अर्चना कर सड़क निर्माण कार्य का ईओ मोहिनी केसरवानी ने किया शुभारम्भ



**बंकी, बाराबंकी।** नगर पंचायत बंकी सीमान्तर्गत वार्ड सं 13 में स्थानीय लोगो द्वारा मलेट्री के पीछे कच्चा मार्ग बनवाये जाने की मांग को लेकर शासन द्वारा रोड निर्माण की स्वीकृति के बाद आज शुक्रवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सड़क निर्माण कार्यों का नगर पंचायत बंकी अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी, चैयरमैन प्रतिनिधि ने शुभारम्भ किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी श्रीमती केसरवानी ने कहा कि रोड का निर्माण कार्य प्रारम्भ होने से स्थानीय निवासियो को जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। इसके उपरान्त अधिशासी अधिकारी ने जनगणना-2027 के दृष्टिगत प्रथम चरण में मकान गणना, सूचीकरण का कार्यो को लेकर गणना कर्मियों का आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील की।

# जनता दर्शन में आईं शिकायतों का हो रहा त्वरित निस्तारण

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा जारी आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी के जनता दर्शन के दौरान प्राप्त शिकायतों में आवेदक श्रीमती उमा देवी पत्नी स्व० विशाल कुमार निवासी ग्राम ऐमी आलापुर, वि०ख०-पूरा बाजार, द्वारा पति की मृत्युपरान्त सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु अनुरोध किया गया। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा तत्काल महिला कल्याण, समाज कल्याण तथा खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों/कार्मिकों को बुलाकर अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में समाज कल्याण अधिकारी द्वारा पारिवारिक लाभ योजना तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा निराश्रित महिला पेंशन योजना ऑनलाइन कराते हुए स्वीकृत करा दी गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी के कार्यालय से संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की ऑनलाइन आवेदन हेतु आवेदिका के पास आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं थे, जिसके लिये उन्हें अभिलेख पूर्ण करने हेतु अवगत करा दिया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा भी सत्यपनोपरान्त राशन कार्ड जारी किये जाने का आश्वासन देते हुए शिकायत का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया हैं कि जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों को लंबित रखना अथवा लापरवाही बरतना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।

# महिला अस्पताल में शॉर्ट सर्किट से मचा हड़कंप

जिला संवाददाता



- अस्पताल के कर्मचारियों ने फायर एक्सटिंग्विशर से बुझायी आग
- कर्मचारियों की सक्रियता से टला बड़ा हादसा

**अयोध्या।** जिला महिला अस्पताल में शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तीसरी मंजिल की गैलरी के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। देखते ही देखते तीसरी मंजिल धुएं से भर गई। इसी फ्लोर पर संचालित सर्जिकल वार्ड में ज्यादातर बेड पर मरीज भर्ती थे। धुआं फैलते ही वार्ड में अफरातफरी मच गई और महिलाएं अपने मासूम बच्चों को गोद में उठाकर बाहर की ओर भागने लगीं। हालात गंभीर होते देख अस्पताल के कर्मचारियों ने बिना समय गंवाए मोर्चा संभाल लिया। महिला अस्पताल के स्टाफ ने फायर एक्सटिंग्विशर लेकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसी दौरान रिकाबगंज चैकी प्रभारी चंद्रमोहन शुक्ला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिसकर्मियों ने भी अस्पताल स्टाफ के साथ मिलकर राहत कार्य संभाल लिया। सर्जिकल वार्ड में भर्ती महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालना सबसे बड़ी चुनौती थी। धुएं के बीच अस्पताल कर्मियों ने एक-एक मरीज को बाहर निकाला। कई कर्मचारी नवजात शिशुओं को गोद में लेकर सीढ़ियों से नीचे उतरते दिखाई दिए। हालात को देखते हुए पूरे अस्पताल को खाली कराने का निर्णय लिया गया, जिसके बाद गर्भवती महिलाएं और प्रसूताएं अपने बच्चों के साथ अस्पताल परिसर के बाहर पहुंचीं। मरीजों को तत्काल बगल स्थित पुराने भवन में शिफ्ट कराया गया।

महिला अस्पताल की टीमें लगातार मरीजों के पास पहुंचकर उनका हालचाल लेती रहीं। इसके साथ में भर्ती मरीजों की सूची लेकर उनके बारें में टीमों ने पूछताछ भी किया। महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. विभा कुमारी ने भी पूरे राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी की। सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। तब तक अस्पताल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया था। फायर ब्रिगेड ने स्थिति पूरी तरह नियंत्रित कर ली। आग फैलने से रोकने के लिए तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी। राहत की बात यह रही कि पूरे घटनाक्रम में किसी मरीज या कर्मचारी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही सीएमओ डॉ. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया। सीएमओ ने बताया कि अस्पताल कर्मचारियों ने 19 फायर एक्सटिंग्विशर का इस्तेमाल कर आग पर शुरूआती स्तर पर ही काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। उन्होंने कहा कि पूरे विद्युत सिस्टम की दोबारा जांच कराई जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## दिवसीय विजय उत्सव कार्यक्रम का 23 मई को होगा भव्य शुभारम्भ

**बहराइच।** जिला प्रशासन एवं जिला पयर्टन एवं संस्कृति परिषद बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव जी के स्मारक स्थल पर महाराजा सुहेलदेव जी के विजयोत्सव के उपलक्ष्य में 23 एवं 24 मई 2026 को आयोजित होने वाले 02 दिवसीय समारोह का मा. जनप्रतिनिधियों की गरीमामयी उपस्थिति में 23 मई की शाम 04:00 बजे भव्य शुभारम्भ होगा। जनपद की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के साथ लोक-कला व संस्कृति को संजोने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है।

02 दिवसीय विजय उत्सव के प्रथम दिन 23 मई हेतु निर्धारित किये गये कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत सांय 04:00 बजे भव्य उदघाटन के साथ-साथ जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल/प्रदर्शनी, संस्कृति विभाग द्वारा महाराजा सुहेलदेव जी के जीवन पर आधारित स्टाल/प्रदर्शनी कार्यक्रम, स्कूली बच्चों व अन्य स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियाँ तथा सांय 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक सांस्कृतिक समिति की ओर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसी प्रकार समारोह के दूसरे दिन 24 मई को सांय 04:00 बजे से संस्कृति विभाग द्वारा महाराजा सुहेलदेव जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी एवं स्टाल, स्कूली बच्चों व अन्य स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियाँ, सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में मुख्य कार्यक्रम तथा सांय 07:30 बजे से 08:00 बजे तक समापन समारोह आयोजित होगा। 02 दिवसीय समारोह में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार हेतु प्रदर्शनी लगायी जा रही है।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपदवासियों से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में विजय उत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होकर जनपद की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के साथ लोक-कला व संस्कृति को संजोने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

# ईद-उल-अजहा को लेकर डीएम और एसपी ने की केंद्रीय शांति समिति की बैठक



- शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मनायें बकरीद, अफवाहों एवं भड़काऊ पोस्ट से रहें दूर: डीएम

**बाराबंकी।** आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय अध्यक्षता में केंद्रीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप ही बकरीद का पर्व मनाया जाए।

प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी किसी भी दशा में न की जाए तथा सार्वजनिक स्थलों पर कुबार्नी न की जाए। जिससे किसी को असुविधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति एवं पेयजल व्यवस्था को सभी संबंधित विभाग प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। नमाज के दौरान यातायात बाधित न हो तथा सड़क एवं सार्वजनिक मार्गों पर नमाज अदा न की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कुबार्नी के उपरांत अवशेषों का समुचित निस्तारण कराया जाए तथा नगर निकाय निर्धारित स्थलों पर गड्ढों में उन्हें दबाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक कहा कि कुबार्नी के फोटो अथवा वीडियो न बनाए जाएं और न ही उन्हें सोशल मीडिया पर साझा अथवा वायरल किया जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों अथवा पुलिस प्रशासन को सूचित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, विद्युत एवं जल निगम विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न समुदायों के धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शांति समिति के सदस्य शामिल रहे।

# दंगा नियंत्रण अभ्यास एवं बलवा ड्रिल का आयोजन



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट की जांच करते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी धारण करने, अनुशासन बनाए रखने तथा आमजन के साथ मधुर एवं संवेदनशील व्यवहार स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। परेड के दौरान टोलीवार ड्रिल कराकर अनुशासन एवं एकरूपता का अभ्यास कराया गया। इस दौरान परेड में सम्मिलित रिक्रूट आरक्षियों से औपचारिक वार्ता कर उनके प्रशिक्षण संबंधी अनुभवों, व्यावहारिक एवं अनुशासनात्मक शिक्षाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें शारीरिक दक्षता, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं पुलिस सेवा के मूलभूत सिद्धांतों का गंभीरतापूर्वक पालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा शस्त्रागार तथा पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस लाइन परिसर की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। आदेश कक्ष में गार्द रजिस्टरों का निरीक्षण करते हुए गार्द कमांडरों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए गए। परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी पर्व बकरीद एवं अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने तथा जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन, परेड ग्राउंड बहराइच में दंगा नियंत्रण अभ्यास एवं बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास का उद्देश्य संभावित आपात परिस्थितियों में पुलिस बल की तत्परता, समन्वय क्षमता एवं कार्यकुशलता का परीक्षण करना तथा आधुनिक दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना रहा। ड्रिल के दौरान पुलिस बल को एंटी राइट गन, रबर बुलेट, अश्रु गैस गोले, ग्रेनेड, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, कैन शील्ड, हैंड गार्ड एवं लेग गार्ड सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का रियल टाइम अभ्यास कराया गया। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण के दौरान इन उपकरणों की उपयोगिता एवं भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान पीआरवी-112 वाहनों का निरीक्षण भी किया गया। बलवा ड्रिल हेतु गठित विशेष टीमों को किसी भी प्रकार की अशांति अथवा आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए सतर्क एवं तैयार रहने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक टीम को उनके दायित्वों एवं उत्तरदायित्वों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त ड्रोन सर्विलांस टीम को सतत निगरानी बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा अभ्यास के दौरान संयमित व्यवहार, संवेदनशीलता के साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## जनपद के 05 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी बी.एड. प्रवेश परीक्षा

**बहराइच।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झॉसी द्वारा आयोजित उ.प्र. संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. 2026 की परीक्षा 31 मई 2026 को जनपद बहराइच के 05 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा का प्रथम सत्र पूर्वान्ह 09:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय सत्र अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक संचालित होगा। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये गये है। यह जानकारी देते हुए डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा केन्द्र किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लाक-ए हेतु प्रो. ओम प्रकाश सोनी को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ फखरपुर को स्टैटिक व एसडीएम पयागपुर को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। परीक्षा केन्द्र महाराज सिंह इण्टर कालेज के लिए प्रधानाचार्य प्रकाश गुप्ता को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ चित्तौरा को स्टैटिक व एसडीएम कैसरगंज को सेक्टर मजिस्ट्रेट, महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के लिए प्रोफेसर श्रीमती प्रिया मुखर्जी को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ तजवापुर को स्टैटिक व एसडीएम न्यायिक कैसरगंज श्रीमती पूजा चौधरी को सेक्टर, राजकीय इण्टर कालेज के लिए प्रधानाचार्य नागेन्द्र कुमार को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ रिसिया को स्टैटिक व एसडीएम महसी को सेक्टर तथा राजकीय बालिका इण्टर कालेज बहराइच के लिए प्रधानाचार्या श्रीमती मधु यादव को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ पयागपुर को स्टैटिक तथा एसडीएम नानपारा अमिता यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

# जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण और गणना कार्य का एडीएम ने किया निरीक्षण



जिला संवाददाता

- आजाद नगर वार्ड और केडी सिंह बाबू की पुस्तैनी हवेली पहुंच कार्मिको को दिये आवश्यक निर्देश

**बाराबंकी।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत आज से प्रारंभ हुए मकानों के सूचीकरण एवं गणना कार्यों का जिला जनगणना अधिकारी, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने स्थलीय निरीक्षण कर प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने आजाद नगर वार्ड अन्तर्गत वर्मा कोठी एवं स्व: केडी सिंह बाबू की पुस्तैनी हवेली पहुंचकर प्रगणकों द्वारा किए जा रहे मकान गणना एवं सूचीकरण कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित कार्मिकों से संवाद कर आवश्यक जानकारी ली। तथा कार्मिकों को प्रत्येक भवन का विवरण पूरी सावधानी, शुद्धता एवं पारदर्शिता के साथ दर्ज किये जाने को लेकर निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने जनगणना कार्य के दौरान आमजन से शिष्ट व्यवहार बनाए रखते हुए उन्हें जनगणना के महत्व के प्रति जागरूक किया जाए। बताते चले कि जनपद में आज से कुल 6043 प्रगणकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में मौके पर पहुंच मकानों के सूचीकरण एवं गणना का कार्य प्रारंभ किया गया है। जनगणना कार्य को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जनपद में कुल 6043 प्रगणक एवं 1014 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। इस दौरान तहसीलदार नवाबगंज भूपेंद्र विक्रम सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नवाबगंज संजय शुक्ला सहित संबंधित प्रगणक एवं सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



**बहराइच।** जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं यथा राष्ट्रीय राजमार्ग 927 जरवल से बहराइच चारलेन चौडीकरण, गोरखपुर शामली एक्सप्रेसवे, बहराइच-गोण्डा बाईपास, बहुउद्देशीय हब, बहराइच खलीलाबाद नई रेल लाइन, सरयू नहर गैप्स इत्यादि के भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद अवगत कराया गया कि एन.एच. 927 के 08 ग्रामों में अधिनिर्णय किया जा चुका है। विभाग से अभी प्रतिकर धनराशि प्राप्त नही है। योजना प्रभावित 56 ग्रामों में 42 ग्रामों की संयुक्त स्थलीय जॉच रिपोर्ट प्रस्तुत प्रस्तुत की गयी है। इनमें आपत्तियों की सुनवाई के उपरान्त अधिनिर्णय पारित किया जायेगा। श्री प्रसाद ने बताया कि गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे के निर्माण में तहसील महसी के प्रभावित 26 ग्रामों में धारा-3ए का प्रकाशन हो गया हैं आपत्तियों सुनी जा चुकी है। 03 आपत्तियाँ प्राप्त हुयी है जिसका निस्तारण परियोजना निदेशक को भेजा गया है। तहसील बहराइच के 13 ग्राम व पयागपुर के 03 ग्राम प्रभावित है जिनका 3ए प्रकाशन हेतु परियोजना निदेशक को भेजा गया है। परियोजना निदेशक द्वारा भारत सरकार को भेजा जा चुका है। जो अभी प्रकाशन नही हुआ है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि बहराइच बाईपास की 08 ग्रामों में से 07 ग्रामों के अधिनिर्णय की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी हैं। मात्र 01 ग्राम अवशेष है। बहुउद्शीय हब के निर्माण में 03 ग्राम प्रभावित है जिनका अधिनिर्णय 19 मई 2026 को पारित किया जा चुका है। प्रभावित कृषको को भुगतान हेतु नोटिस निर्गत की जा रही है। नगर मजिस्ट्रेट/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच ने बताया कि उपजिलाधिकारी कैसरगंज से प्रभावित भू-खण्डों का अंश निर्धारण आख्या, भूमि की भौतिक स्थलीय स्थिति उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र भेजा गया है। जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार कैसरगंज तथा एनएचएआई को निर्देशित किया गया कि योजना प्रभावित 56 में अपेक्षित सूचना विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच को उपलब्ध करायें।

## चार साल बाद भी नहीं मिला मृत्यु और अंत्येष्टि सहायता योजना का लाभ

ललितपुर। जिले में श्रम विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री के गृह जनपद में ही श्रमिकों को योजनाओं का लाभ पाने के लिए वर्षों तक विभागों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। विभाग में दलालों की सक्रियता और लंबित फाइलों के कारण गरीब एवं पात्र श्रमिक परिवार परेशान हैं। इसी क्रम में एक सहरिया परिवार ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए श्रम विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्राम नैगांवकलां निवासी मनी सहरिया पुत्र रघुवीर ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनकी पत्नी जशोदा श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक थीं, जिनका पंजीयन संख्या 09385200037152 था। मनी सहरिया के अनुसार उनकी पत्नी की मृत्यु 7 जनवरी 2022 को हो गई थी, जिसके बाद उन्होंने श्रम विभाग में मृत्यु एवं अंत्येष्टि सहायता योजना के तहत आवेदन किया था। पीड़ित का आरोप है कि विभागीय जांच में उनका आवेदन सही एवं पात्र पाया गया था तथा उसे स्वीकृत भी कर लिया गया था, लेकिन इसके बावजूद करीब दो वर्षों तक फाइल विभाग में लंबित पड़ी रही।

अब सहायक श्रम आयुक्त द्वारा अचानक आवेदन निरस्त कर दिया गया, जिससे परिवार गहरे संकट में आ गया है। मनी सहरिया ने बताया कि वह सहरिया जनजाति से संबंध रखते हैं और उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है। उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर श्रम विभाग की मृत्यु एवं अंत्येष्टि योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

## संक्षेप

### निप्पॉन पेंट ने किया खिलाड़ियों के साथ एक खास मीट एंड ग्रीट सेशन का आयोजन

नई दिल्ली। निप्पॉन पेंट इंडिया, जो NIPSEA ग्रुप का हिस्सा है, ने आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के कई खिलाड़ियों के साथ एक खास मीट एंड ग्रीट सेशन किया। पंजाब किंग्स टीम के खास सदस्यों, जिनमें मार्को जेनसेन, प्रभसिमरन सिंह, हरदीप बरार, अजमतुल्लाह उमरजई और प्रियांश आर्य शामिल थे, ने एक इंटरैक्टिव सेशन में फैंस से बात की। निप्पॉन पेंट इंडिया इकोसिस्टम के 100 से ज्यादा डीलरों और आर्किटेक्ट्स को खिलाड़ियों से जुड़ने का मौका मिला, जिसके बाद ग्रुप फोटो, सेल्फी और मर्चेंडाइज साइनिंग हुई। निप्पॉन पेंट इंडिया आईपीएल 2026 के लिए पंजाब किंग्स का ऑफिशियल पार्टनर है।

### मजबूत हाजिर मांग से जस्ता वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार की मांग में तेजी आने के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में शुक्रवार को जस्ता की कीमत 2 रुपये की तेजी के साथ 367 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह की डिलिवरी वाले अनुबंध के लिए जस्ता का भाव 2 रुपये या 0.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 367 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 460 लॉट के लिए कारोबार हुए। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग बढ़ने के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा बाजार में जस्ता कीमतों में तेजी आई।

### मजबूत हाजिर मांग तांबा वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली। मजबूत हाजिर मांग के बीच वायदा कारोबार में शुक्रवार को तांबा की कीमत 6.10 रुपये की तेजी के साथ 1,368.75 रुपये प्रति किग्रा हो गई। एमसीएक्स में तांबा के जून माह में डिलीवरी वाले तांबा अनुबंध की कीमत 6.10 रुपये अथवा 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,368.75 रुपये प्रति किग्रा हो गई जिसमें 1,891 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से मुख्यतः वायदा कारोबार में तांबा कीमतों में तेजी आई।

### सौदों की लिवाली से एल्युमीनियम वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार में मजबूती के रुख के बीच सटोरियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से वायदा कारोबार में शुक्रवार को एल्युमीनियम की कीमत 0.3 प्रतिशत की तेजी के साथ 384.80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह की डिलिवरी के लिए एल्युमीनियम के अनुबंध का भाव 1.15 रुपये यानी 0.3 प्रतिशत की तेजी के साथ 384.80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इसमें 216 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग बढ़ने के बीच कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से वायदा बाजार में एल्युमीनियम कीमतों में तेजी आई।

### एसएईएल की 600 मेगावाट की सौर परियोजनाओं का किया उद्घाटन

जम्मलमडुगु (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने कडप्पा जिले में एसएईएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 600 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं का शुक्रवार को उद्घाटन किया। टी कोंडुरु गांव में इन सौर ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद लोकेश ने इसे नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना की शुरुआत से कहीं अधिक करार दिया। एसएईएल सोलर एमएचपी। और एसएईएल सोलर एमएचपी2 परियोजनाएं करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश से रिकॉर्ड 11 महीने में पूरी की गईं। इन परियोजनाओं का संचालन शुरू होना आंध्र प्रदेश की तेज औद्योगिक विकास और स्वच्छ ऊर्जा विस्तार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि समय पर परियोजना का पूरा होना स्थानीय किसानों और युवाओं के सहयोग को दर्शाता है। साथ ही परियोजना की सफलता ने पूरे राज्य से जम्मलमडुगु की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि एसएईएल की सफलता का श्रेय काफी हद तक किसानों, ग्रामीणों, मजदूरों, इंजीनियरों, जिले के अधिकारियों और स्थानीय समुदायों के साथ घनिष्ठ रूप से काम करने की उसकी क्षमता को जाता है। परियोजना से जुड़े दीर्घकालिक भूमि पट्टे समझौतों से करीब 760 किसानों और उनके परिवारों को लाभ हुआ है।

# सेंसेक्स में 232 अंकों की उछाल



मुंबई। प्रमुख बैंकों के शेयरों में लिवाली और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 232 अंक की तेजी में रहा जबकि निफ्टी 65 अंक चढ़ गया।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की दिशा में प्रगति की उम्मीदों से निवेश धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 231.99 अंक यानी 0.31 प्रतिशत बढ़कर 75,415.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में एक समय 627.61 अंक तक की तेजी दर्ज की गई थी। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 64.60 अंक यानी 0.27 प्रतिशत बढ़कर 23,719.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट लिमिटेड, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा, आईटीसी लिमिटेड, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। घरेलू बाजारों में हल्की बढ़त के साथ कारोबार हुआ। इसे निचले स्तरों पर खरीदारी और पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच सकारात्मक वैश्विक संकेतों से समर्थन मिला। घरेलू स्तर पर वित्तीय शेयरों ने इस बढ़त का नेतृत्व किया जबकि वैश्विक स्तर पर एआई में निवेश का मुद्दा प्रमुख कारक बना रहा। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.30 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.60 प्रतिशत की गिरावट रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में निजी बैंक सूचकांक 1.35 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि शीर्ष 10 बैंकों का सूचकांक 1.23 प्रतिशत, बैंक सूचकांक 1.18 प्रतिशत और दूरसंचार खंड 0.93 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,213 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,971 शेयरों में गिरावट रही और 179 अन्य अपरिवर्तित रहे। बाजार सीमित दायरे में बना हुआ है, जहां घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की मजबूत खरीदारी से गिरावट पर लगाम है जबकि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली तेजी को सीमित कर रही है। उन्होंने कहा कि बाजार में गिरावट पर खरीदारी और तेजी पर मुनाफावसूली का रुझान बना हुआ है। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल 177.36 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की तेजी रही जबकि एनएसई निफ्टी 75.8 अंक यानी 0.32 प्रतिशत बढ़त में रहा।

अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.3 प्रतिशत बढ़कर 104.7 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# विदेशी मुद्रा भंडार आठ अरब डॉलर घट कर 688.89 अरब अमेरिकी डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 मई को समाप्त सप्ताह में 8.09 अरब डॉलर घटकर 688.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 6.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.99 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से पहले 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद रुपये पर दबाव बढ़ने और विदेशी मुद्रा बाजार में आरबीआई द्वारा डॉलर की बिक्री के जरिए हस्तक्षेप किए जाने से मुद्रा भंडार में कई सप्ताह तक गिरावट दर्ज की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 मई को देशवासियों से विदेशी यात्राएं कम करने, ईंधन की खपत घटाने और एक वर्ष तक सोने की खरीद से बचने की अपील भी की है, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत की जा सके। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 15 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 6.48 अरब डॉलर घटकर 545.90 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में शामिल यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। सप्ताह के दौरान सोने के भंडार का मूल्य भी 1.54 अरब डॉलर घटकर 119.32 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.82 अरब डॉलर रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की आरक्षित स्थिति भी 2.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.85 अरब डॉलर रह गई।

# गोयल ने अधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों के साथ घरेलू विनिर्माण बढ़ाने पर की चर्चा

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए उद्योग जगत के साथ मिलकर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य से विभिन्न उद्योग संगठनों के साथ एक अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। बैठक में विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, गुणवत्ता मानकों को सुधारने और प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने पर चर्चा हुई। गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सरकार प्रमुख मंत्रालयों के अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ मिलकर घरेलू उत्पादन बढ़ाने की रणनीति तैयार कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार करीब 100 ऐसे उत्पादों की पहचान कर रही है, जिनका या तो भारत में उत्पादन नहीं होता या बहुत सीमित स्तर पर होता है। इनमें वाहन, प्लास्टिक क्षेत्र के उत्पाद शामिल हैं। इसका उद्देश्य घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना और आयात पर होने वाले विदेशी मुद्रा व्यय को कम करना है। देश का आयात 2025-26 में बढ़कर 775 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 721.2 अरब डॉलर था। भारत मुख्य रूप से कच्चा तेल, सोना, चांदी, मशीनरी, खाद्य तेल, रसायन, प्लास्टिक सामग्री, धातु, परिवहन उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का आयात करता है।

# आरबीआई ने बैंकों में 81590 करोड़ डाले




मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को तीन दिन की परिवर्तनीय रेपो दर (वीआरआर) नीलामी के जरिए बैंकों में 81,590 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली।

अस्थायी नकदी का मकसद बैंकिंग प्रणाली में नकदी के अस्थायी उतार-चढ़ाव की स्थिति से निपटना है। वहीं, वीआरआर नीलामी आरबीआई का एक मौद्रिक साधन है जिसके माध्यम से वह अल्पकालिक अवधि के लिए बैंकों को धन उपलब्ध कराता है। आरबीआई के एक बयान के मुताबिक, यह राशि 5.26 प्रतिशत की कट-ऑफ दर पर डाली गई। हालांकि, प्रणाली में अधिशेष नकद में तेज गिरावट आने के बावजूद एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले बैंकों की तरफ से मांग कम रही। लेकिन नकदी मांग 21 मई को हुई पिछली नीलामी की तुलना में अधिक रही। बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त नकदी 21 मई को घटकर 58,876.29 करोड़ रुपये रह गई, जो 20 मई को 1.51 लाख करोड़ रुपये थी। नकदी अधिशेष में कमी आने से 24 घंटे की अवधि वाले (ओवरनाइट) कर्ज पर वसूले जाने वाले ब्याज की दरों में तेज वृद्धि देखी गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि बदलती नकदी स्थिति के प्रबंधन के लिए आरबीआई जल्द ही एक और वीआरआर नीलामी की घोषणा कर सकता है।

# एमएसएमई को वित्तीय सहारा आर्थिक विकास को नया आधार

लखनऊ। भारत सरकार द्वारा एमएसएमई इकाइयों एवं विमानन क्षेत्र को राहत प्रदान करने हेतु आपातकालीन ऋण गारंटी योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित यह योजना वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर एटीएफ कीमतों में वृद्धि, एयरस्पेस प्रतिबंधों तथा परिचालन संबंधी चुनौतियों के कारण उत्पन्न वित्तीय दबाव को कम करने के उद्देश्य से लागू की गई है।

योजना के अंतर्गत एमएसएमई इकाइयों हेतु 100 प्रतिशत तक तथा गैर-एमएसएमई एवं एयरलाइन क्षेत्र हेतु 90 प्रतिशत तक क्रेडिट गारंटी कवर राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड द्वारा सदस्य ऋणदाता संस्थानों को प्रदान किया जाएगा। योजना के अंतर्गत एमएसएमई इकाइयों को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में उपयोग किए गए अधिकतम कार्यशील पूंजी के 20 प्रतिशत तक अतिरिक्त ऋण, अधिकतम ?100 करोड़ तक उपलब्ध कराया जा सकेगा। योजना के अंतर्गत स्वीकृत ऋणों पर गारंटी कवर ऋण अवधि के साथ सह-समाप्त रहेगा। यह योजना दिशा-निर्देश जारी किए जाने की तिथि से 31 मार्च 2027 तक या कुल 2.55 लाख करोड़ की गारंटी जारी होने तक (इनमें से जो भी पहले हो) स्वीकृत ऋणों पर लागू होगी।

# रुपया 63 पैसे मजबूत होकर 95.73 प्रति डॉलर पर




मुंबई। रुपया शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 63 पैसे चढ़कर 95.73 (अस्थायी) पर रहा। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा में यह मजबूती आई है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की टिप्पणी से बाजार को कुछ राहत मिली। उन्होंने संकेत दिया था कि ईरान से जुड़े मुद्दे पर कूटनीतिक वार्ता रचनात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके अलावा घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल में गिरावट से भी रुपये को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.30 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 95.30 प्रति डॉलर तक गया और नीचे में 95.68 पर आया। कारोबार के अंत में रुपया 95.73 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद स्तर से 63 पैसे अधिक है। बृहस्पतिवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले बंद स्तर से उबरते हुए 50 पैसे की तेजी के साथ 96.36 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिका और ईरान के बीच अनिश्चितता के कारण रुपये में नकारात्मक रुख रह सकता है। हालांकि, शांति समझौते को लेकर उम्मीद और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी निचले स्तरों पर रुपये को मजबूती दे सकती है। उन्होंने कहा, अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल में भी नरमी है, जिससे घरेलू मुद्रा को सहारा मिल सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपया का हाजिर भाव 95.50 से 96.30 के दायरे में रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.29 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 2.18 प्रतिशत बढ़कर 104.82 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 231.99 अंक चढ़कर 75,415.35 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 64.60 अंक बढ़कर 23,719.30 अंक पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को शुद्ध आधार पर 1,891.21 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की।

# एसबीआई ने हड़ताल से पहले ग्राहकों को वैकल्पिक लेनदेन की सलाह दी




मुंबई। देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अगले सप्ताह कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल को देखते हुए अपने ग्राहकों को वैकल्पिक माध्यमों से लेनदेन करने की शुक्रवार को सलाह दी। एसबीआई ने अपने 52 करोड़ से अधिक ग्राहकों से अनुरोध किया है कि वे नकदी निकासी के लिए एटीएम, ग्राहक सेवा केंद्रों का उपयोग करें और बैंक के ऑनलाइन बैंकिंग मंच योनो एवं यूपीआई जैसी सेवाओं को प्राथमिकता दें।

बैंक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी सूचना में कहा कि वह अपनी 23,200 से अधिक शाखाओं में आवश्यक सेवाएं बनाए रखने के प्रयास कर रहा है। एसबीआई का यह सुझाव अखिल भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी महासंघ (एआईएसबीआईएसएफ) की प्रस्तावित हड़ताल को देखते हुए आया है। कर्मचारी महासंघ ने 25 मई से दो-दिवसीय हड़ताल का नोटिस दिया हुआ है। देश की बैंकिंग गतिविधियों में लगभग 20 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले बैंक ने अपनी पोस्ट में कहा कि इस वजह से होने वाली किसी भी असुविधा का हमें खेद है। यदि हड़ताल निर्धारित समय पर होती है, तो इससे एसबीआई के बैंकिंग कार्यों पर पांच दिनों तक असर पड़ सकता है। हड़ताल की तारीख से पहले चौथा शनिवार और रविवार पड़ रहा है। इसके अलावा, हड़ताल समाप्त होने के एक दिन बाद, 27 मई को भी ईद अल-अजहा के कारण कई राज्यों में छुट्टी रहेगी। कर्मचारी महासंघ ने संदेशवाहकों एवं सशस्त्र कर्मी की नियुक्ति और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) कर्मचारियों के लिए पेंशन कोष प्रबंधक बदलने के विकल्प की मांग रखी है। महासंघ ने बैंक की स्थायी नौकरियों की आउटसोर्सिंग बंद करने की भी मांग की है क्योंकि इससे आंकड़ों की चोरी, दुरुपयोग और धोखाधड़ी का सीधा खतरा उत्पन्न होता है।

## पेज एक का शेष

### समृद्ध ओबीसी

नौकरियों में हैं और उनकी आय भी अच्छी-खासी है, तो ऐसे बच्चों को आरक्षण के दायरे से बाहर हो जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि सरकार द्वारा जारी किए गए कई आदेशों में पहले से ही यह प्रावधान है कि ऐसे समृद्ध वर्गों को आरक्षण के लाभों से बाहर रखा जाए, लेकिन अब उन आदेशों को ही चुनौती दी जा रही है। पीठ ने कहा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और वंचित समूहों के मामले में, सामाजिक पिछड़ापन नहीं होता, बल्कि केवल आर्थिक पिछड़ापन होता है। इसलिए, इस मामले में किसी न किसी तरह का संतुलन होना चाहिए। याचिकाकर्ता को आरक्षित श्रेणी के तहत कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड में सहायक अभियंता (विद्युत) के पद पर नियुक्ति के लिए चुना गया था।

हालांकि, जिला जाति और आय सत्यापन समिति ने यह निष्कर्ष निकालते हुए कि वह क्रीमी लेयर के अंतर्गत आता है, उसे जाति वैधता प्रमाण पत्र देने से इनकार कर दिया।

### घुसपैठ रोकने

से देश के लिए चिंता का कारण बताते हुए कहा कि इन मोर्चों (पाकिस्तान के साथ लगभग 1,289 किमी और बांग्लादेश के साथ 4,096 किमी) की रक्षा पारंपरिक तरीकों से नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा की अवधारणा को अलग-थलग करके नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे एक क्षेत्रीय जिम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए जिसमें सभी एजेंसियां और राज्य सरकारें शामिल हों। उन्होंने कहा कि इन सीमाओं को वर्तमान में घुसपैठ, ड्रोन के माध्यम से मादक पदार्थ, हथियार और गोला-बारूद की तस्करी के अलावा मवेशियों, नकली भारतीय मुद्रा नोटों और संगठित अपराध जैसे खतरों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मौजूद जवानों और अधिकारियों से कहा, भविष्य के खतरों की पहचान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, और सीमा के दूसरी ओर से घुसपैठ के माध्यम से किए जा रहे कृत्रिम जनसांख्यिकीय परिवर्तन को रोकना हमारी जिम्मेदारी है, और इसके लिए हमें सतर्क और सावधान रहना होगा। शाह ने कहा कि मोदी सरकार 2014 में सत्ता संभालने के बाद से सुरक्षा नीति और सीमा सुरक्षा के दृष्टिकोण में आमूल-चूल बदलाव लायी है।

### हम समस्याएं

का बड़ा हिस्सा बनेगा। यह मार्ग देवरिया को मऊ, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, वाराणसी व लखनऊ से जोड़ेगा और गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे से भी लिंक होगा। इससे पूर्वांचल की कनेक्टिविटी नई ऊंचाई पर पहुंचेगी। सीएम योगी ने कहा कि अच्छी सड़कें, फ्लाईओवर, पुल और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर ही रोजगार व निवेश की नींव होते हैं। इसी सोच के तहत देवरिया से कसया, बरहज मार्ग, फ्लाईओवर और अन्य पुलों के लिए सरकार ने धनराशि स्वीकृत की है। यह सिर्फ शुरूआत है, अंत नहीं। देवरिया में बाईपास निर्माण तेजी से चल रहा है और सभी विकास परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाएगा। जनता से जुड़े हर प्रोजेक्ट को प्राथमिकता के आधार पर मंजूरी दी जा रही है। हाल में पीडब्ल्यूडी की कार्ययोजना को लेकर सांसदों-विधायकों के साथ बैठक में सभी आवश्यक परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि देवरहा बाबा के नाम पर सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहा है। जल्द ही नए जिला अस्पताल के निर्माण की दिशा में भी कार्य होगा। आईटीआई सिर्फ तकनीकी संस्थान नहीं, बल्कि इसे स्किल डेवलपमेंट का केंद्र बनाया गया है। युवाओं को प्रशिक्षित कर उद्योगों से जोड़ा जाएगा। इससे रोजगार बढ़ेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की कानून व्यवस्था पर हमला बोलते हुए कहा कि उस समय हर जिले में माफिया सक्रिय थे। त्योहारों पर उपद्रव, गरीबों की जमीनों पर कब्जा, बेटियों और व्यापारियों में भय का माहौल था। शाम होते ही बेटियों को घरों में रहना पड़ता था और व्यापारी दुकानें बंद कर देते थे। आज उत्तर प्रदेश की पहचान बदल चुकी है। वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया की जगह वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज और वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट ने ले ली है। अब प्रदेश में बेटियां सुरक्षित हैं, व्यापारी बेखौफ व्यापार कर रहे हैं और कोई भी गुंडा टैक्स वसूलने की हिम्मत नहीं कर सकता। प्रदेश की बेटियां नाइट शिफ्ट में भी काम कर रही हैं और यदि कोई शोहदा छेड़छाड़ का दुस्साहस करता है तो अगले चौराहे पर यमराज उसका टिकट काटने के लिए तैयार बैठे रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को गन्ने का 400 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवरिया की जनता ने 2022 चुनाव में भाजपा को सातों विधानसभा सीटें जिताकर बड़ा समर्थन दिया। इसलिए सरकार देवरिया की किसी भी विकास परियोजना को रुकने नहीं देगी। उन्होंने सलेमपुर, तमकुही, बरहज, रुद्रपुर, पथरदेवा, रामपुर कारखाना समेत सभी क्षेत्रों के विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने पूर्व सपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि तब मोहन सिंह सेतु के लिए केवल टोकन मनी दी गई थी, जबकि अब सरकार समयबद्ध तरीके से पुल निर्माण पूरा कराएगी और धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश की पहचान गुंडों व माफियाओं से होती थी, लेकिन आज पूरे देश में यूपी का नाम सम्मान व गर्व के साथ लिया जाता है। यूपी विरासत और विकास, दोनों का संगम बन चुका है। अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन, नैमिषारण्य, विंध्यधाम, प्रयागराज और कुशीनगर का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का पुनर्जागरण हुआ है। अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर जनता के वोट की ताकत और डबल इंजन सरकार के संकल्प का परिणाम है। उन्होंने जनता से विकास और सुशासन के लिए भाजपा जनप्रतिनिधियों को लगातार आशीर्वाद देने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की पहचान पूरी दुनिया में बदल चुकी है।

### मुख्यमंत्री ने

है। यूपी में निवेश करने वाले निवेशक प्रदेश के विकास में सरकार के सहयात्री हैं। सीएम योगी ने कहा कि हम लोगों ने जिस जेवर क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया है और जिस क्षेत्र में आपको अलाटमेंट लेटर वितरित किए गए हैं, आज से 9 वर्ष पहले यह भारत का सबसे डरावना क्षेत्र हुआ करता था। वहां गंभीर आपराधिक घटनाएं होती थीं। शाम पांच-साढ़े पांच बजे के बाद आवागमन बंद हो जाता था। लाइफ सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही हुआ करती थी। इंफ्रास्ट्रक्चर भी नहीं था, लेकिन आज जेवर, यीडा क्षेत्र में जो परिवर्तन दिख रहा है, वह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर है, और यही हाल यूपी के हर जनपद का है। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले सत्ता के सामानांतर माफिया का साम्राज्य हुआ करता था। हर जनपद में भय व दहशत का माहौल था। महिलाएं बाजार या रोजगार के लिए बाहर जाती थीं तो परिवार की चिंता होती थी कि वे सूर्यास्त के पहले वापस आ जाएं।

### राज्यसभा की

नेता शक्तिसिंह गोहिल सहित अन्य शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र और तमिलनाडु से राज्यसभा की एक-एक सीट के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के इस्तीफे के बाद राज्यसभा की यह सीट खाली हुई है। सुनेत्रा पवार अब राज्य विधानसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। राजस्थान में रवनीत सिंह के अलावा जिन सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, उनमें कांग्रेस के नीरज डांगी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजेंद्र गहलोत शामिल हैं। राजस्थान में राज्यसभा की कुल 10 सीट हैं। इस प्रदेश से फिलहाल भाजपा और कांग्रेस के पांच-पांच सदस्य उच्च सदन में हैं। राजस्थान की 200 सदस्यीय विधानसभा में दलों की मौजूदा स्थिति को देखते हुए भाजपा को तीन में से दो सीट तथा कांग्रेस को एक सीट मिल सकती है।

### यूपी में जनगणना

1,35,02,160 घरों तक पहुंच बनाकर जनगणना संख्या अंकित की गई। वहीं 56 मकान सूचीकरण ब्लॉकों में पूरा कार्य भी समाप्त कर लिया गया।

इसके अलावा 14,546 मकान सूचीकरण ब्लॉकों में मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़े जुटाने का काम भी शुरू हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि डिजिटल व्यवस्था से आंकड़ों के संकलन में पारदर्शिता और तेजी आएगी।

### नीट-यूजी

द्वारा विशेषज्ञ नियुक्त किए जाने के बाद नीट-यूजी प्रक्रिया में शामिल थीं। बयान में कहा गया है, भौतिकी के प्रश्नपत्र तक उनकी पूरी पहुंच थी। अप्रैल में उन्होंने कुछ प्रश्न सह-आरोपी मनीषा मंधारे के साथ साझा किए थे। सीबीआई ने 16 मई को पुणे में रहने वाली वनस्पति विज्ञान की शिक्षका मंधारे को नीट-यूजी के प्रश्नपत्र लीक करने के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने पाया कि हवलदार द्वारा उम्मीदवारों के साथ साझा किए गए प्रश्न नीट(यूजी)-2026 के भौतिकी के प्रश्नपत्र से मेल खाते थे। सीबीआई ने कहा, सीबीआई ने देश भर में विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया और कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप, बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल फोन जब्त किए। जब्त की गई वस्तुओं का विस्तृत विश्लेषण जारी है।

### उत्तराखंड के

पूर्व सैन्य अधिकारी मेजर जनरल बीसी खंडूड़ी को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही की जो परंपरा स्थापित की, राज्य सरकार उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए योग्यता आधारित और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रियाओं को मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश में लागू किए गए सख्त नकल विरोधी कानून के कारण भर्ती प्रक्रियाएं अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनी हैं, जिससे मेहनती और प्रतिभाशाली युवाओं को निष्पक्ष अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में लगभग 33 हजार युवाओं को सरकारी सेवाओं में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। राज्य की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश की जीएसडीपी वृद्धि दर 7.23 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जबकि प्रति व्यक्ति आय में बीते चार वर्षों में लगभग 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य का बजट एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है तथा बेरोजगारी दर में लगातार कमी आ रही है। साथ ही रिवर्स पलायन के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी विकसित हो रहे हैं।

### शस्त्रों का

माध्यम से अपना वर्चस्व स्थापित करते हैं, वह समाज अधिक स्वतंत्र या शांतिपूर्ण नहीं बनता, बल्कि इससे जनता का विश्वास कम होता है। उच्च न्यायालय ने कहा, इस अदालत का प्रथम दृष्टया विचार है कि हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन अक्सर सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ता है और आम लोगों में भय एवं असुरक्षा की भावना पैदा करता है।

### लंबित मुकदमों के

नियुक्ति रोके रखना न्यायोचित नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने अंबेडकरनगर निवासी सुशील त्रिपाठी की याचिका पर पारित किया। याची का चयन कर्मचारी राज्य बीमा निगम में मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) पद पर हुआ था। दस्तावेज सत्यापन और नियुक्ति प्रस्ताव मिलने के बावजूद विभाग ने पुलिस सत्यापन में दो आपराधिक मामलों का उल्लेख होने के कारण उसकी ज्वाइनिंग रोक दी थी।





# हैदराबाद ने बेंगलुरु को 55 रन से हराया

## अभिषेक, ईशान और क्लासेन के अर्धशतक, सनराइजर्स हैदराबाद ने बनाये चार विकेट पर 255 रन

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 55 रनों से हरा दिया। शुक्रवार को उप्पल स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 255 रन बनाए। जवाब में आरसीबी निर्धारित ओवरों में चार विकेट पर 200 रन बना सकी। इस हार से आरसीबी को खासा नुकसान नहीं हुआ है। वह टेबल टॉपर ही हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम अभिषेक शर्मा (56 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी, ईशान किशन (79 रन) के बेखौफ अंदाज और हेनरिक क्लासेन (51 रन) की ताकतवर हिटिंग की बदौलत शुकवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चार विकेट पर 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने घरेलू मैदान पर हर हाल में आक्रामक बल्लेबाजी करने की अपनी रणनीति को बरकरार रखा। अभिषेक (22 गेंद) ने जहां एक बार फिर 20 गेंद में अर्धशतक जड़ा तो वहीं उप-कप्तान किशन ने सटीक टाइमिंग और चतुर बल्लेबाजी से गैप ढूंढकर महज 44 गेंद में तूफानी पारी खेली। तीसरे नंबर से नीचे बल्लेबाजी करने वाले सभी टीमों के बल्लेबाजों में सबसे निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी क्लासेन (24 गेंद) ने जोश हेजलवुड जैसे विश्व-स्तरीय गेंदबाज की गेंदों को मनमुताबिक खेला। उन्होंने हेजलवुड के तीसरे ओवर (पारी का 13वां ओवर था) में 27 रन बटोरे जिससे टीम ने सुनिश्चित कर लिया कि बल्लेबाजी के लिए एकदम सपाट





पिच पर वे 250 रनों के आंकड़ा पार कर लेंगे। किशन और क्लासेन ने तीसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 113 रन की साझेदारी निभाई। पर इसकी शुरुआत अभिषेक ने की, उन्होंने भुवनेश्वर कुमार को उनके पहले स्पेल में पूरी तरह बेअसर कर दिया। उन्होंने भुवनेश्वर की एक गेंद को बड़ी खूबसूरती से लांग ऑफ के काफी बाहर से ऊपर उठाकर अपना पहला छक्का जड़ा। भुवनेश्वर को उन्होंने कोई मौका नहीं दिया और लगातार दो गेंदों पर उन्हें स्कायर-लेग के ऊपर से और दूसरी बार डीप मिड-विकेट के ऊपर से फ्लिक किया। रोमारियो शेफर्ड की गेंदों से दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज को कोई परेशानी होने की उम्मीद नहीं थी, और ऐसा हुआ भी नहीं। उन्होंने शेफर्ड की गेंदों पर सीधे दो छक्के जड़े, जबकि सुयश शर्मा की गेंद को भी उन्होंने बिना ज्यादा फुटवर्क के ही हवा में ऊपर तक पहुंचा दिया। एक तरफ जहां किशन ने एक छोर पर टिककर बल्लेबाजी की और वैसी ही निरंतरता दिखाई जिसकी उम्मीद उनके जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी से की जाती है, वहीं क्लासेन की तारीफ के लिए शब्द कम पड़ जाएंगे। क्लासेन अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलते हैं, लेकिन फ्रेंचाइजी क्रिकेट की दुनिया में वह सबसे ज्यादा भरोसेमंद खिलाड़ी बन गए हैं।

# विनेश को अयोग्य घोषित करने के फैसले पर उच्च न्यायालय ने डब्ल्यूएफआई को फटकार लगायी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मशहूर महिला पहलवान विनेश फोगाट को घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित करने के फैसले के लिए शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फटकार लगाई और कहा कि वह इस पर आदेश देगा कि वह आने वाले एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में शामिल हो सकती हैं या नहीं।



मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने टिप्पणी की कि डब्ल्यूएफआई का शीर्ष खिलाड़ियों को भाग लेने की अनुमति देने की पूर्व प्रथा पर नहीं चलना बहुत कुछ कहता है। विनेश मातृत्व अवकाश के बाद खेल में वापसी करना चाहती हैं। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि देश में मातृत्व का जश्न मनाया जाता है और संघ को प्रतिशोध की भावना से कार्य नहीं करना चाहिए। भले ही डब्ल्यूएफआई के वकील ने यह साफ किया कि चयन के नियम मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करने वाली खिलाड़ियों को बाहर करने के लिए नहीं हैं और इस मामले में दिक्कत फोगाट के संन्यास लेने के फैसले से पैदा हुई थी। फिर भी अदालत ने टिप्पणी की कि डब्ल्यूएफआई की नीति का नतीजा यह हुआ कि उन्हें बाहर कर दिया गया। अदालत ने कहा कि अगर वह मां नहीं बनी होतीं तो वह हिस्सा ले पातीं और योग्य हो जातीं। साथ ही अदालत ने यह भी जोड़ा कि एक खिलाड़ी को मुकदमों पर नहीं, बल्कि अपनी तैयारियों पर ध्यान देना चाहिए। केंद्र सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि अगर फोगाट ट्रायल में सफल होती हैं तो भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा तय किए गए नियमों के तहत योग्यता के नियमों में ढील दी जा सकती है, ताकि एशियाई खेलों में उनके हिस्सा लेने का रास्ता साफ हो सके। हालांकि वकील ने यह भी साफ किया कि चयन ट्रायल में उनके हिस्सा लेने के लिए योग्यता के नियमों में ढील डब्ल्यूएफआई को ही देनी होगी। उन्होंने कहा कि ट्रायल डब्ल्यूएफआई की एक तकनीकी टीम की देखरेख में, केंद्र सरकार और भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा चुने गए स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में करवाए जा सकते हैं, और इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। डब्ल्यूएफआई के वकील ने अदालत से गुजारिश की कि इस मामले की सुनवाई सोमवार को की जाए और फोगाट से कहा जाए कि वह महासंघ के सामने अपनी बात रखें। हम इस पर अपना आदेश जारी करेंगे। अदालत फोगाट की उस अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने 18 मई को एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें डब्ल्यूएफआई द्वारा अयोग्य घोषित किए जाने के बावजूद इस वर्ष के एशियाई खेलों के लिए 30-31 मई को होने वाले चयन ट्रायल्स में उनकी भागीदारी के मुद्दे पर उन्हें तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया गया था।

फोगाट के वकील ने पीठ से उन्हें ट्रायल्स में भाग लेने का अवसर देने का आग्रह किया। वकील ने यह तर्क दिया कि नौ मई को गोंडा में एक घरेलू प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी से एक दिन पहले उनको कारण बताओं नोटिस दिया गया जिसे यह पता चलता है कि कोई उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने से रोकने के लिए कोशिश कर रहा है।

संक्षेप

## चालिहा का मलेशिया मास्टर्स में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में थमा

कुआलालंपुर। भारत की अशिमता चालिहा का मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में शानदार सफर शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में थम गया। चालिहा ने हालांकि डेनमार्क की विश्व में 23वें नंबर खिलाड़ी लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड के सामने कड़ी चुनौती पेश की। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली विश्व में 71वें रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी ने कड़े संघर्ष के बाद शुरुआती गेम जीता लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चले मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से 23-21 18-21 11-21 से हार गईं। चालिहा ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। लाइन इसके बाद वापसी करके 19-18 से आगे हो गई, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह चला, जिसमें चालिहा ने एक बार फिर 10-5 की बढ़त बना ली, लेकिन डेनमार्क की खिलाड़ी ने 13-13 से बराबरी कर ली। इसके बाद लाइन ने मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। अंतिम गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा क्योंकि लाइन ने शुरुआत में ही 8-4 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम कर लिया और चालिहा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम में तीन नये खिलाड़ी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू होने वाली तीन मैचों की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए शुक्रवार को अपनी 16 सदस्यीय टीम में तीन नए खिलाड़ियों को शामिल किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज रोहैल नाज़िर, तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और ऑलराउंडर अराफ़ात मिन्हास ने कुछ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 30 मई को रावलपिंडी में खेला जाएगा। इसके बाद दो और चार जून को लाहौर में मैच खेले जाएंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे। अनुभवी खिलाड़ियों बाबर आजम, नसीम शाह और शादाब खान ने टीम में वापसी की है। फखर जमां और साइम अयूब चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। पाकिस्तान टीमः शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), सलमान अली आगा, अब्दुल समद, अबरार अहमद, अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रऊफ़, माज सदाकत, गाजी गोरी, नसीम शाह, रोहेल नाजिर, साहिबजादा फरहान, शादाब खान, शमील हुसैन, सुफयान मोकिम।

# विभिन्न परिस्थितियों में जल्द सामंजस्य बिठाना गुजरात टाइटंस की सफलता का राजः राशिद खान

अहमदाबाद। गुजरात टाइटन्स के मध्य क्रम की कमजोरी की लगातार चर्चा चलती रही है लेकिन उसके स्टार स्पिनर राशिद खान ने कहा कि टीम ने इस सत्र में अपनी कमियों पर ध्यान देने के बजाय खिलाड़ियों पर भरोसा दिखाया तथा विभिन्न परिस्थितियों से तेजी से सामंजस्य बिठाकर सफलता हासिल की।



गुजरात में गुरुवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स पर 89 रन की बड़ी जीत दर्ज कर अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह पक्की की। राशिद ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि प्रत्येक टीम में सुधार की गुंजाइश होती है। प्रत्येक टीम किसी विभाग में मजबूत होती है। कोई भी टीम शत प्रतिशत संपूर्ण नहीं होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके पास कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। पूरे टूर्नामेंट में हमारे मध्य क्रम और ऐसी ही चीजों को लेकर काफी चर्चा हुई है, लेकिन मुझे लगता है कि हर कोई अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा, हर कोई अपनी जिम्मेदारी समझ रहा है और मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है। अगर आप उन 10 या 15 प्रतिशत कमियों के बारे में सोचते रहेंगे तो इसका असर बाकी 70-75 या 80 प्रतिशत पर भी पड़ेगा। राशिद ने कहा, हम चीजों को सरल बनाए रखते हैं और यह काफी महत्वपूर्ण है। विरोधी टीम कोई भी हो हमारा खिलाड़ी मौका मिलने पर बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। फिर चाहे वह बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या फील्डिंग। इसलिए हम अपने कमजोर और मजबूत पक्षों के बारे में ज्यादा नहीं सोचते हैं। हम सिर्फ इस बारे में सोचते हैं कि मैं टीम के लिए कैसे बेहतर कर सकता हूं। राशिद ने इस सत्र में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, विकेट में कोई बदलाव नहीं हुआ। मुझे लगता है हमारे पास बहुत अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है। विशेषकर हमारे तेज गेंदबाजों ने पूरे टूर्नामेंट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। अफगानिस्तान के लेग स्पिनर ने कहा कि गुजरात की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वे विपक्षी टीम की तुलना में परिस्थितियों से बहुत जल्दी सामंजस्य बिठा लेते हैं। मुझे लगता है कि हमारी मुख्य ताकत यह है कि हम गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में परिस्थितियों के अनुसार खुद को बहुत जल्दी ढाल लेते हैं। यही कारण है कि हम सफल रहे हैं। राशिद ने कहा कि आधुनिक टी20 क्रिकेट में गेंदबाजों को दबाव में भी आक्रामक सोच रखनी होती है। इस खेल में जब आप 230 रन के स्कोर का बचाव कर रहे होते हैं।

# नेट गेंदबाजः आईपीएल में बल्लेबाजी में धमाकेदार प्रदर्शन के गुमनाम सूत्रधार

नयी दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की पहचान बन चुके लंबे छक्के, साहसिक स्कूप शॉट और आखिरी ओवरों में होने वाली ताबड़तोड़ बल्लेबाजी में नेट गेंदबाजों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है लेकिन टेलीविजन की चकाचौंध से दूर होने के कारण उन्हें वह श्रेय नहीं मिलता जिसके वह हकदार हैं।



जहां एक तरफ फ्रेंचाइजी के सुपरस्टार करोड़ों रुपये कमाते हैं और सुर्खियों में छाए रहते हैं, वहीं दूसरी ओर गुमनाम युवा तेज गेंदबाजों और स्पिनरों की एक फौज हफ्तों तक अभ्यास नेट में गेंदें फेंकती रहती है और क्रिकेट की सबसे आकर्षक लीग में से एक में महत्वपूर्ण अभ्यास साझेदार के रूप में काम करती है। कई खिलाड़ियों के लिए यह क्रिकेट का सबसे अनोखा प्रशिक्षण होता है। उन्हें इस खेल के सबसे बड़े खिलाड़ियों को लगातार गेंदबाजी करनी होती है। इस दौरान उन्हें अक्सर जसप्रीत बुमराह के यॉर्कर, सुनील नारायण की रहस्यमयी स्पिन या मिचेल स्टार्क की बाएं हाथ की तूफानी गेंदों की नकल करने के लिए कहा जाता है। इसके लिए उन्हें आईपीएल की मानकों के हिसाब से मामूली दैनिक भत्ता मिलता है लेकिन करियर के लिहाज से यह काफी महत्वपूर्ण होता है। उनका एकमात्र सपना पेय पदार्थ और अतिरिक्त गेंदें ढोने के बजाय किसी फ्रेंचाइजी की जर्सी पहनना होता है। आईपीएल फ्रेंचाइजी आमतौर पर अपने साथ तीन से पांच विशेषज्ञ नेट गेंदबाज रखती हैं। इसके अलावा मेजबान राज्य संघों और क्लब भी विभिन्न स्थानों पर स्थानीय गेंदबाजों की व्यवस्था करते हैं। आईपीएल मानकों के हिसाब से उनकी कमाई मामूली होती है। उन्हें प्रतिदिन लगभग 5,000 से 7,000 रुपये मिलते हैं लेकिन इससे मिलने वाला अनुभव अमूल्य होता है। कर्नाटक के तेज गेंदबाज जेवी कार्तिक ने कहा, मैंने कभी पैसों के लिए नेट पर गेंदबाजी नहीं की। यह इतने महान बल्लेबाजों को गेंदबाजी करने और अनुभव हासिल करने का दुर्लभ अवसर होता है। यही सबसे बड़ा प्रोत्साहन है और यही मायने रखता है। कई अन्य नेट गेंदबाजों के लिए कुछ और असली इनाम भी होते हैं। इनमें भारत के सीनियर खिलाड़ियों के साथ बातचीत, किसी प्रसिद्ध गेंदबाजी कोच से तकनीकी सलाह या बस स्टार बल्लेबाजों के खिलाफ खुद को परखने का अवसर शामिल है और आईपीएल में किस्मत अचानक पलट सकती है। हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारत की टीम में शामिल किए गए लंबे कद के गुरनूर बराड़ इसका स्पष्ट उदाहरण हैं। सबसे पहले उन्हें पंजाब किंग्स ने नेट अभ्यास के लिए बुलाया। पंजाब किंग्स के तत्कालीन कप्तान शिखर धवन उनकी छह फीट पांच इंच की कद-काठी से मिलने वाली मदद से प्रभावित हुए और फ्रेंचाइजी ने उन्हें अपने साथ शामिल कर लिया। उन्होंने पंजाब किंग्स के लिए सिर्फ एक मैच खेला, लेकिन उन्हें लोकप्रियता मिली और अगले एक साल तक वह टीम इंडिया के नियमित नेट गेंदबाज बन गए। एक अन्य भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने भी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने से पहले नेट गेंदबाज के रूप में शुरुआत की थी। चेतन सकारिया की कहानी भी कुछ इसी तरह की है। भारतीय टीम में शामिल होने से पहले इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स जैसी फ्रेंचाइजी के साथ नेट गेंदबाज के रूप में काम किया। सकारिया ने कहा, मुझे मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स दोनों के नेट पर ट्रायल का मौका मिला था। लेकिन मेरे लिए वह एक अद्भुत क्षण था जब रॉयल्स ने मुझे नीलामी में खरीदा। सकारिया की कहानी अब आईपीएल के इतिहास का हिस्सा बन चुकी है, लेकिन वह अकेले ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं। उमरान मलिक ने सबसे पहले 2021 के सत्र के दौरान दुबई में सनराइजर्स हैदराबाद के नेट अभ्यास में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसके बाद उन्हें भारतीय तेज गेंदबाज टी नटराजन के चोटिल होने के बाद टीम में शामिल कर दिया गया।

# अंडर-18 महिला एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगी स्वीटी कुजुर



नयी दिल्ली। स्वीटी कुजुर को जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से छह जून तक होने वाले एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए शुक्रवार को 18 सदस्यीय भारतीय महिला अंडर-18 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया।

इस टीम में कुजुर के अलावा नौशीन नाज, प्रियंका मिंज, संदीप कुमारी और नैन्सी सरोहा अग्रिम पंक्ति में शामिल हैं। मध्य पंक्ति में श्रुति कुमारी, दीया, स्नेहा दावड़े, रश्मीन कौर, नम्मी गीताश्री और पुष्पा मांझी तथा रक्षापंक्ति में सुगन सांगा, नीलम टोपनो, रूबीना बक्सला, किरण एक्का, सुलेचनी और गोलकीपर महक परिहार और खिली कुमारी शामिल हैं। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट के लिए भोपाल में राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा लिया था। इस दौरान भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला भी खेली। भारत को प्रतियोगिता में पूल ए में रखा गया है जहां उसका मुकाबला कोरिया, मलेशिया और सिंगापुर से होगा। भारत 30 मई को मलेशिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा, जिसके बाद वह 31 मई को कोरिया और दो जून को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा। पूल बी में चीन, जापान, चीनी ताइपे और बांग्लादेश शामिल हैं। सेमीफाइनल पांच जून और फाइनल छह जून को खेला जाएगा।

# पंजाब किंग्स को प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एलएसजी पर बड़ी जीत की जरूरत

लखनऊ। लगातार छह मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स की टीम को इस निराशा को भुलाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां होने वाले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।



पंजाब ने अपने पहले छह मैच जीते थे लेकिन 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रिकॉर्ड 265 रन का लक्ष्य हासिल करने के बाद से उसका अभियान नाटकीय रूप से चरमरा गया। पिछली बार की उपविजेता टीम पंजाब किंग्स पहले सात मैचों में छह जीत के साथ खिताब की असली दावेदार लग रही थी लेकिन लगातार छह हार झेलने के कारण उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं। अब पांचवें स्थान पर काबिज पंजाब को न केवल शनिवार को यहां अपने अंतिम लीग मैच में एलएसजी को हराना होगा, बल्कि प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए रविवार के दो मैचों (मुंबई इंडियंस बनाम राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) बनाम दिल्ली कैपिटल्स) के परिणाम पर भी निर्भर रहना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम चाहेगी कि राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स दोनों ही अपने-अपने मैच हार जाएं। अगर राजस्थान रॉयल्स मुंबई को हरा देती है तो पंजाब की उम्मीदें आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी, वहीं अगर केकेआर दिल्ली कैपिटल्स को हरा देती है तो मामला नेट रन रेट पर अटक सकता है। पंजाब का नेट रन रेट केकेआर से थोड़ा बेहतर है। लेकिन अगर मगर की बात आने से पहले पंजाब को लंबे समय से चले आ रहे खराब प्रदर्शन के बाद अपनी फॉर्म को फिर से हासिल करने की जरूरत है। उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और कूपर कोनोली की सत्र की शुरुआत की तरह आक्रामक होकर नहीं खेल पा रहे हैं। प्रियांश ने अपनी पिछली सात पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है और वह पिछले मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे। प्रभसिमरन भी अपनी प्रदर्शन में निरंतरता लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने भी अपनी पिछली पांच पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है। कोनोली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में असफल रहे हैं। कप्तान अय्यर का प्रदर्शन भी इस दौरान अच्छा नहीं रहा। वह छह मैच में केवल एक बार ही पचास रन का आंकड़ा पार कर पाए हैं। उसका मध्य क्रम भी नहीं चल पा रहा है जबकि उसकी फील्डिंग भी काफी खराब रही है। जहां तक एलएसजी का सवाल है तो इस सत्र में उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। वह पिछले 10 मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल करने के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गया है। एलएसजी ने अपने घरेलू स्टेडियम में हाल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था और उसकी टीम इसी प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ मैचों में एलएसजी के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू शीर्ष क्रम में मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी का शानदार प्रदर्शन रहा है। पिछले मैच में इस जोड़ी ने मात्र 8.2 ओवरों में 109 रन जोड़े थे। अगर एलएसजी को घरेलू दर्शकों के सामने अपने अभियान का सकारात्मक अंत करना है तो इन दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। निकोलस पूरन भी अपनी पिछली चार पारियों में मात्र 87 रन बनाने के बाद अपनी लय वापस पाने की कोशिश करेंगे। कप्तान ऋषभ पंत ने इस सत्र में केवल एक अर्धशतक लगाया है। वह भी इस सत्र का अंत शानदार तरीके से करना चाहेंगे।

**टीम इस प्रकार हैं:**

**एलएसजी:** ऋषभ पंत (कप्तान), अब्दुल समद, आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, हिम्मत सिंह, एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज़ अहमद, अवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, मयंक प्रभु यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिक नोर्किया, जोश इंग्लिस, मोहसिन खान, नमन तिवारी, आकाश महाराज सिंह, मुकुल चौधरी, मणिमारन सिद्धार्थ, अर्जुन तेंदुलकर, अक्षत रघुवंशी।

**पंजाब किंग्सः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, पाइला अविनाश, यश ठाकुर, हरनूर सिंह, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद।

**मैच शुरू होने का समयः शाम 7.30 बजे।**

# ईंधन आपूर्ति निर्बाध रही और मांग को किया पूरा

## महाराष्ट्र में घबराहट में खरीदारी से मई में पेट्रोल-डीजल बिक्री 20 प्रतिशत बढ़ी



मुंबई। पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन आपूर्ति बाधित होने की आशंका के बीच घबराहट में की गई खरीदारी के कारण महाराष्ट्र में मई के पहले पखवाड़े में पेट्रोल और डीजल की बिक्री में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। राज्य सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

महाराष्ट्र के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के बयान के अनुसार, मई 2026 के पहले पखवाड़े में राज्य में डीजल की बिक्री में 19.66 प्रतिशत और पेट्रोल की बिक्री में 20.39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विभाग ने कहा कि घबराहट में ईंधन खरीदने की प्रवृत्ति के कारण राज्यभर में बिक्री बढ़ी। हालांकि, मांग में अस्थायी उछाल के बावजूद ईंधन आपूर्ति निर्बाध रही और पूरी मांग को पूरा किया गया। हालांकि विभाग ने इस अवधि के दौरान राज्यव्यापी वास्तविक बिक्री के आंकड़े साझा नहीं किए और केवल पेट्रोल एवं डीजल की खपत में प्रतिशत वृद्धि की जानकारी दी। विभाग के अनुसार, केवल 19 मई को महाराष्ट्र में डीजल की बिक्री औसत दैनिक बिक्री की तुलना में 42 प्रतिशत और पेट्रोल की बिक्री 21 प्रतिशत बढ़ गई। इस दौरान अकोला, छत्रपति संभाजीनगर, बीड, बुलढाणा, हिंगोली, जलगांव, जालना, लातूर, धाराशिव, परभणी और वाशिम जिलों में असामान्य रूप से भारी मांग देखी गई। विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पेट्रोल बिक्री में सबसे अधिक वृद्धि वाशिम में दर्ज की गई, जहां बिक्री औसत दैनिक खपत से 42 प्रतिशत अधिक रही। इसके बाद जलगांव में 40 प्रतिशत, अकोला में 28 प्रतिशत तथा छत्रपति संभाजीनगर और बीड में 27-27 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। धाराशिव में पेट्रोल बिक्री में 19 प्रतिशत, बुलढाणा में 18 प्रतिशत, हिंगोली में 16 प्रतिशत तथा जालना और परभणी में 13-13 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई, जबकि लातूर में सबसे कम पांच प्रतिशत वृद्धि हुई। डीजल बिक्री के मामले में अकोला में औसत दैनिक बिक्री की तुलना में 111 प्रतिशत की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई। इसके बाद वाशिम में 109 प्रतिशत वृद्धि हुई। जलगांव में डीजल बिक्री 72 प्रतिशत, बीड में 63 प्रतिशत, लातूर और धाराशिव में 50-50 प्रतिशत, छत्रपति संभाजीनगर में 49 प्रतिशत, हिंगोली में 46 प्रतिशत, जालना में 43 प्रतिशत, बुलढाणा में 41 प्रतिशत और परभणी में 24 प्रतिशत बढ़ी। विभाग ने कहा कि पश्चिम एशिया में वैश्विक तनाव के कारण संभावित आपूर्ति व्यवधान की अटकलों के कारण घबराहट में ईंधन खरीदने से बिक्री में यह वृद्धि हुई। विभाग ने लोगों से अनावश्यक खरीदारी और जमाखोरी से बचने की अपील करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है।

# निवर्तमान सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राष्ट्रपति से मुलाकात की



नयी दिल्ली। निवर्तमान प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस मुलाकात की एक तस्वीर सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की। एक्स पर जारी पोस्ट के अनुसार, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने अपनी पत्नी के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। जनरल चौहान का कार्यकाल 30 मई को समाप्त हो रहा है। केंद्र ने लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एन एस राजा सुब्रमणि को नया प्रमुख रक्षा अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से भारत सरकार के सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी काम करेंगे।

## संक्षेप

### दो बच्चों सहित छह की मौत, चार घायल

बेरहामपुर। ओडिशा के गंजाम जिले में शुक्रवार को एक बस और ऑटोरिक्शा की टक्कर में दो बच्चों सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना पुरुषोत्तमपुर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत लाडकापल्ली चौक के पास उस वक्त हुई जब बस ने तिपहिया वाहन को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया, तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चार घायलों का शुरू में कोडाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया गया और बाद में उन्हें बेरहामपुर स्थित एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि हादसे के शिकार सभी लोग चिकिटी प्रखंड के अंतर्गत आने वाले एरेन्डा गांव के निवासी थे और दुर्घटना के समय ऑटोरिक्शा में यात्रा कर रहे थे। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नवीन पटनायक ने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। माझी ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से चार लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की।

# लोग बंद का सहारा न लें, बातचीत के लिए आगे आयें

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने शुक्रवार को राज्य की जनता से बातचीत के लिए आगे आने और बंद या नाकाबंदी का सहारा न लेने की अपील की।

सिंह ने यह बात इंफाल पश्चिम जिले के अखम मखा लीकाई में एक पुल के उद्घाटन के अवसर पर कही। सिंह ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, सरकार के प्रति आक्रोश के कारण बंद और नाकाबंदी करने से केवल कठिनाई ही होती है, खासकर दिहाड़ी मजदूरों के लिए। उन्होंने यह भी कहा, मैं दो बार जिरीबाम जा चुका हूं। पहली बार मैंने हेलीकॉप्टर से जिले का दौरा किया और दूसरी बार सड़क मार्ग से, जिसके दौरान कुकी, पाइते, हमार और मेइती समुदायों के सदस्य जमीनी स्तर पर एकत्रित हुए और आपस में बातचीत की। सभी के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, जिरीबाम से लौटने के अगले दिन, अप्रैल में बिष्णुपुर जिले के ट्रोंगलाओबी में हुए बम हमले में दो छोटे बच्चों की मौत हो गई, जिससे हम सभी को गहरा दुख हुआ। इस घटना के बाद राज्य में बंद के कारण अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा। सिंह ने लोगों से अपील की, जब भी सरकार के प्रति किसी प्रकार की निराशा या आक्रोश हो, तो आपसी समझ तक पहुंचने के लिए बातचीत के लिए आगे आएं, क्योंकि बंद से केवल कठिनाइयां होती हैं। मुझे आज लामसांग विधानसभा क्षेत्र के अखम मखा लीकाई में नामबुल नदी पर बने आरसीसी पुल का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है।

# भारत और साइप्रस ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदला



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ शुक्रवार को व्यापक बातचीत की तथा इस दौरान भारत एवं साइप्रस ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदला और बुनियादी ढांचे एवं नौवहन जैसे क्षेत्रों में गहरे सहयोग को सुगम बनाने के लिए एक संयुक्त कार्यबल गठित किया।

दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया संकट और यूक्रेन संघर्ष पर भी विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत शत्रुता को जल्द समाप्त करने के सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मोदी ने मीडिया में जारी बयान में कहा, पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हुआ है। दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ा है और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से अनेक नयी संभावनाएं सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने इसका लाभ उठाते हुए अगले पांच वर्ष में इस निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। मोदी ने कहा, और इस संकल्प को साकार करने के लिए आज हम अपने भरोसेमंद संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ हुई बातचीत के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए कहा कि भारत और साइप्रस की मित्रता मजबूत और भविष्योन्मुखी है। मोदी ने कहा, हमने वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्षों को जल्द समाप्त करने और शांति के प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे। उन्होंने कहा, हम इस बात पर भी एकमत हैं कि बढ़ती वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार अत्यावश्यक और महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों ने समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का भी फैसला किया है। क्रिस्टोडौलाइड्स ने कहा कि भारत और साइप्रस ने बुनियादी ढांचे तथा नौवहन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक संयुक्त कार्यबल गठित करने का फैसला किया है।

# दिल्ली सरकार 100 ऑक्सीजन पार्क विकसित करेगी: रेखा गुप्ता



नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार शहर के प्रदूषण से निपटने के लिए 100 ऑक्सीजन पार्क विकसित करेगी जिनमें घने पेड़ होंगे।

उत्तरी दिल्ली में बुराड़ी के मुखमेलपुर गांव में तीन एकड़ भूमि पर विकसित किए जाने वाले पार्क की आधारशिला रखते हुए उन्होंने कहा कि यह शहर का पहला ऑक्सीजन पार्क होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली बीते कुछ वर्षों में गैस चैंबर में बदल गई है, लेकिन दिल्ली में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए किसी ने भी कदम उठाने की चिंता नहीं की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दिल्ली सरकार 70 लाख से अधिक पेड़ व झाड़ियां लगाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। गुप्ता ने कहा उनकी सरकार पिछले एक साल से प्रदूषण को दूर करने के लिए लगातार काम कर रही है और यह पार्क दिल्ली सरकार द्वारा प्रदूषण से निपटने के लिए शुरू की गई पहल का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पार्कों में घने फलदार पेड़ लगाए जाएंगे ताकि पक्षियों को आश्रय मिल सके और ऑक्सीजन उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली को ऐसे घने पेड़ों वाले पार्कों की सख्त जरूरत है। मुखमेलपुर स्थित यह पार्क स्थानीय लोगों को हरियाली, स्वास्थ्य, मनोरंजन और सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराएगा। पार्क में लोगों की सुविधा और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पैदल चलने के लिए ट्रैक, आकर्षक और ऊर्जा दक्ष लाइटिंग, बैठने और आराम करने के लिए झोंपड़ीनुमा आराम स्थल, सुंदर तालाब तथा विभिन्न प्रजातियों के छायादार पेड़ लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि इसके अलावा पार्क में पर्याप्त हरित क्षेत्र और खुले स्थान भी विकसित किए जाएंगे।

# बिहार में अपराधियों पर कार्रवाई से पुलिस पर हमले बढ़े, जवाबी फायरिंग करनी पड़ रही : एडीजीपी

पटना। बिहार पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे व्यापक अभियान के कारण पुलिसकर्मियों पर हमले की घटनाएं बढ़ी हैं, जिसके चलते पुलिस को आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग करनी पड़ रही है।

अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी-कानून व्यवस्था) सुधांशु कुमार ने यहां प्रेसवार्ता में कहा कि बिहार पुलिस जाति के आधार पर मुठभेड़ नहीं करती है। उन्होंने कहा, पुलिस की कोई जाति नहीं होती और अपराधियों की भी कोई जाति नहीं होती। जो अपराधी पुलिस पर हमला करेंगे, उनके खिलाफ कार्वाई करने से पहले उनकी जाति नहीं पूछी जाएगी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी, त्वरित सुनवाई और अपराध से अर्जित संपत्तियों की जब्ती जैसी कार्वाई के कारण अपराधियों पर दबाव बढ़ा है, इसलिए कुछ लोग पुलिस पर हमला करने जैसे कदम उठा रहे हैं, लेकिन पुलिस इससे निपटने के लिए तैयार है। एडीजीपी ने बताया कि बिहार पुलिस ने जनवरी से 15 मई तक अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त करने से जुड़े प्रावधानों के तहत।,433 अपराधियों की पहचान की है और 428 लोगों के खिलाफ अदालतों में प्रस्ताव भेजे हैं। उन्होंने बताया कि 103 आरोपियों के खिलाफ संपत्ति कुर्की की प्रक्रिया जारी है, जबकि चार अन्य के खिलाफ कुर्की आदेश जारी किए गए हैं। कुमार ने कहा कि जनवरी से 15 मई तक हत्या के 2,023, डकैती के 311, लूट के 573 और अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार से जुड़े।,572 मामलों समेत गंभीर अपराधों में कुल 33,126 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस साल जनवरी एवं अप्रैल के बीच अदालतों ने 52,567 मामलों में 70,624 लोगों को दोषी ठहराया।

## इंटरटेनमेंट...

# न्यूजीलैण्ड फिल्म महोत्सव में दिखेंगे ऋचा व अली



नयी दिल्ली। अभिनेता और निर्माता ज चा चड्ढा और अली फजल दो जून को न्यूजीलैंड के पहले भारतीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन में शामिल होंगे। पेट्रीना डी रोजारियो द्वारा स्थापित द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ न्यूजीलैंड समारोह अक्टूबर 2026 से शुरू होगा। भारतीय सिनेमा के इस चार दिवसीय उत्सव का आयोजन ऑकलैंड, वेलिंगटन और क्राइस्टचर्च में किया जाएगा। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फिल्म समारोह के उद्घाटन संस्करण में स्क्रीनिंग, कार्यशालाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और उद्योग जगत के साथ संवाद शामिल होंगे, जिनका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रचनात्मक संबंधों को मजबूत करना है। इसके मुताबिक, इस समारोह का उद्घाटन दो जून को होगा। जिसमें ऋचा चड्ढा की गर्ल्स विल बी गर्ल्स फिल्म भी दिखाई जाएगी। यह फिल्म इस दंपति (ज चा चड्ढा और अली फजल) का पहला फिल्म निर्माण कार्य है। इस फिल्म को सनडांस फिल्म महोत्सव और इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवार्ड्स सहित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रशंसा मिली है। एक संयुक्त बयान में, दंपति ने कहा कि वे इस समारोह के उद्घाटन का हिस्सा बनकर खुश हैं क्योंकि उनका मानना है कि फिल्म महोत्सव संवाद स्थापित करने और विविध कहानियों को जगह देने के लिए महत्वपूर्ण मंच होते हैं।

# मोहनलाल की दृश्यम-3 ने बॉक्स ऑफिस पर कमाये 40 करोड़



नयी दिल्ली। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की मुख्य भूमिका वाली फिल्म दृश्यम 3 ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 43.37 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। जीतू जोसेफ द्वारा निर्देशित यह फिल्म 21 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों पर नजर रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 18.37 करोड़ रुपये की सकल कमाई और 15.85 करोड़ रुपये की शुद्ध कमाई की है। वहीं, विदेशी बाजारों से फिल्म को 25 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल हुआ है। दृश्यम फिल्म शृंखला की शुरुआत साल 2013 में मोहनलाल अभिनीत एक मलयालम फिल्म से हुई थी और इसका दूसरा भाग साल 2022 में आया था।

# एनिमेटेड फिल्म महाप्रभु जगन्नाथ 300 से अधिक सिनेमाघरों में होगी रिलीज




मुंबई। भुवनेश्वर का एनिमेशन स्टूडियो एली एनिमेशंस अपनी लोकप्रिय टेलीविजन श्रृंखला जय जगन्नाथ को अब बड़े पर्दे पर लाने जा रहा है। स्टूडियो इस सिलसिले में महाप्रभु जगन्नाथ नाम से एक एनिमेटेड फीचर फिल्म बना रहा है। एक विज्ञप्ति के अनुसार, स्टूडियो ने मल्टीप्लेक्स श्रृंखला सिनेपोलिस के सहयोग से इस फिल्म को हिंदी, उड़िया और तेलुगु भाषाओं में देश भर के 300 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बनाई है। इससे पहले जय जगन्नाथ श्रृंखला का प्रसारण पोगो चैनल पर हुआ था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। यह फीचर फिल्म भगवान जगन्नाथ की पौराणिक कथाओं पर आधारित होगी और इसमें एनिमेशन के साथ भक्तिपूर्ण कहानियों का मिश्रण होगा। एली एनिमेशंस के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दुर्गा प्रसाद दलाई ने कहा कि टेलीविजन श्रृंखला की जबरदस्त सफलता के बाद इसे बड़े पर्दे पर लाना एक स्वाभाविक कदम था।

# प्रीतम ने साहित्य चोरी का आरोप किया खारिज



मुंबई। संगीतकार प्रीतम ने आगामी फिल्म कॉकटेल 2 के गीत माशूका को लेकर लगे साहित्यिक चोरी के आरोपों को खारिज किया है। सोशल मीडिया पर कुछ उपयोगकर्ताओं ने दावा किया था कि इस गीत की धुन 1993 के एक इतालवी गीत से मिलती-जुलती है।

विवाद तब शुरू हुआ जब एक रेडिट उपयोगकर्ता ने माशूका और इतालवी जोड़ी बिबी एंड कोको के 1993 के एल्बम ले ओरिजिनी वॉल. 2 के गीत से सो अरुबाते आ नोनना की तुलना वाला वीडियो साझा किया। कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने दावा किया कि दोनों धुन लगभग एक जैसी सुनाई देती हैं। प्रीतम ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर आलोचकों को जवाब देते हुए उन्हें अपनी बिना वेतन वाली पीआर टीम बताया। उन्होंने लिखा मेरे हर गाने की रिलीज के साथ ही कुछ स्वघोषित संगीत जासूसों का एक समूह आ जाता है, जिन्होंने काल्पनिक समानताओं नाम की एक नई शैली बना दी है। वही लोग, बॉस, इस समय तो आप ही मेरी बिना वेतन वाली पीआर टीम हैं मैं बस इतना कहना चाहता हूँ कि ये सब ठीक नहीं है। ऑनलाइन बहस के दौरान कई उपयोगकर्ताओं ने संगीतकार के खिलाफ पुराने साहित्यिक चोरी के आरोपों को फिर से उठाया। गीत माशूका का संगीत प्रीतम ने तैयार किया है और इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। इसे राघव चैतन्य और महमूद रुआ काय ने गाया है। फिल्म कॉकटेल-2 में शाहिद कपूर, कृति सैनन और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं और यह फिल्म 19 जून को रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है और इसका निर्माण मैडॉक फिल्म्स और लव फिल्म्स ने किया है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com